@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

शुक्रवार, 14 जून 2024


VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 206 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)


# प्रधानमंत्री ने अजीत डोभाल को आतंकवाद रोधी क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल करने को कहा

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 13 जून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और अन्य अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर की स्थिति की समीक्षा की। उन्हें जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा संबंधी स्थिति से अवगत कराया गया। प्रधानमंत्री ने उनसे आतंकवाद रोधी क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल करने को कहा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी फोन बात की व आंतकवाद रोधी अभियानों पर चर्चा की। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बात की और केंद्र शासित प्रदेश का जायजा लिया। जम्मू-कश्मीर में पिछले कुछ दिनों में कई आतंकी हमले हुए हैं। आतंकवादियों ने पिछले चार दिनों में रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए हैं। जिमसें दस तीर्थयात्रियों की मौत हुई। साथ ही सीआरपीएफ का एक जवान भी शहीद हुआ। इसके अलावा, सात सुरक्षा कर्मी और कई अन्य घायल हुए हैं। सुरक्षा बलों द्वारा अलग-अलग जिलों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया है। संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी हो रहे हैं। ऑपरेशन से जुड़े विश्वस्त सूत्रों का कहना है, 72 घंटे में तीन हमले, ये एक सोची समझी रणनीति है। पाकिस्तान से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर, ताजा घुसपैठ की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। भले ही बॉर्डर पर सीजफायर लागू है, लेकिन इसके बावजूद



पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के सदस्य जम्मू कश्मीर में प्रवेश कर रहे हैं। सेना के सूत्रों ने यह बात मानी है कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन में आतंकियों को हर तरह की मदद पहुंचाने वाली ब्लैक शीप (काली भेड़) मौजूद हैं। इनके चलते पड़ोसी मुल्क के दहशतगर्द, सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाते हैं। ब्लैक शीप की खोज और पहचान के लिए अलग से ऑपरेशन शुरू किया गया है। पिछले कुछ समय से आतंकियों का फोकस कश्मीर घाटी की बजाए, जम्मू क्षेत्र पर अधिक हो रहा है। रविवार को जम्मू के रियासी में आतंकवादियों ने शिवखोड़ी मंदिर से कटरा जा रहे तीर्थयात्रियों की एक बस को निशाना बनाया था। इस हमले में 10 लोगों की मौत हुई थी, जबकि तीन दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। सूत्रों का कहना है, एकाएक जम्मू की तरफ आतंकी संगठनों के हमलों में जो तेजी देखी जा रही है, उसके पीछे घुसपैठ की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। जम्मू कश्मीर पुलिस की खुफिया इकाई के सूत्रों का भी कहना है कि पाकिस्तान की तरफ से बड़ी घुसपैठ संभव है। ऐसा भी हो सकता है कि यह घुसपैठ एक ही बार न होकर, छोटे-छोटे अंतराल पर हुई हो। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों पर सुरक्षाबलों का शिकंजा कसता जा रहा है। ऐसे में आतंकियों की नई भर्ती में भी काफी गिरावट आ गई है। पाकिस्तान के आतंकी संगठनों को घाटी में नए चेहरे नहीं मिल रहे हैं।

## एनएसए बनाए गए अजीत डोभाल, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव बने रहेंगे पीके मिश्रा

नई दिल्ली, 13 जून। देश में तीसरी बार मोदी सरकार बन चुकी है और इसके साथ ही मंत्रियों को उनके मंत्रालयों का आवंटन भी हो चुका है। गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। अजीत डोभाल को लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) नियुक्त किया गया है। अजीत डोभाल को पहली बार 20 मई 2014 को देश का राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया था। तब से डोभाल ही इस पद को संभाल रहे हैं। उनसे पहले शिवशंकर मेनन देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे। 1968 बैच के आईपीएस अधिकारी अजीत डोभाल को कूटनीतिक सोच और काउंटर टेरेरिज्म का विशेषज्ञ माना जाता है। उधर प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह जिम्मेदारी पीके मिश्रा ही संभालते रहेंगे। केंद्रीय कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने अजीत डोभाल और पीके मिश्रा की पुनर्नियुक्ति पर मुहर लगा दी है। आईएएस (सेवानिवृत्त) पीके मिश्रा को 10 जून 2024 से प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में नियुक्त किया गया। पीके मिश्रा 1972 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वह पिछले 1 दशक से प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रधान सचिव के तौर पर काम कर रहे हैं। पीके मिश्रा प्रशासनिक मामले और प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में नियुक्तियों का काम देखेंगे। इसके अलावा अजीत डोभाल राष्ट्रीय सुरक्षा, सैन्य मामले और इंटेलिजेंस की जिम्मेदारी संभालेंगे।


## 'आम चुनाव के बाद देशभर में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले', असदुद्दीन ओवैसी

हैदराबाद, 13 जून। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद और प्रतापगढ़ में दो मौलवियों की हत्या के बाद से बवाल उपजा हुआ है। अब ऑल इंडिया मजलिस-ए-एत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने इन हत्याओं पर सवाल उठाए हैं। ओवैसी ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद देशभर में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। एआईएमआईएम अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश की घटनाओं का उदाहरण देते हुए सवाल पूछा कि क्या संघ परिवार अल्पसंख्यकों से बदला ले रहा है? ओवैसी ने आरोप लगाया कि हाल के लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद देश के विभिन्न हिस्सों में अल्पसंख्यकों पर हमलों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। उन्होंने इसके लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधा। ओवैसी ने दावा किया 'लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद देशभर के अलग अलग इलाकों से अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरें सामने आ रहीं हैं। उत्तर प्रदेश में दो मौलवियों की हत्या की गई। अकबरनगर में अल्पसंख्यकों के घरों को तोड़ा गया। छत्तीसगढ़ में इसी समुदाय से जुड़े दो लोगों की हत्या की गई। क्या संघ परिवार अल्पसंख्यकों से बदला ले रहा है?'

# अरुणाचल प्रदेश: सीएम पेमा खांडू ने ली शपथ

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

ईटानगर, 13 जून। अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए भाजपा ने 60 में से 46 सीटों पर कब्जा जमाया और राज्य में दूसरी बार सत्ता में काबिज हुई है। नई सरकार के शपथ ग्रहण के दौरान गुरुवार को भाजपा तमाम शीर्ष नेता भी मौजूद रहे। इसमें गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग के साथ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद और तरुण चुग भी मौजूद रहे। अरुणाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री समेत कुल 11 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली है। अरुणाचल प्रदेश के नए मंत्रिमंडल की बात की जाए, तो इसमें मुख्यमंत्री पेमा खांडू के साथ-साथ उपमुख्यमंत्री चाउना मीन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पीडी सोना, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बियुराम वाहगे, पूर्व मुख्मंत्री स्व. कालिखो पुल की पत्नी दासंगलू पुल, सेप्पा वेस्ट से विधायक मामा नटुंग, पालिन विधानसभा से विधायक बालो राजा, तालिहा से विधायक न्यातो दुकम, अलोंग ईस्ट विधानसभा



से विधायक केंटो जिनी, पांगिन विधानसभा से विधायक ओजिंग तासिंग, नामसंग विधानसभा से विधायक वांगकी लोवांग और कानुबारी विधानसभा से विधायक गेब्रियल डेनवांग वांगसू ने मंत्री पद की शपथ ली है। राज्य में भाजपा ने 46 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की है, लेकिन इन 46 सीटों में से 10 विधानसभा सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इसमें मुक्तो सीट से मुख्यमंत्री पेमा खांडू, चौखम विधानसभा सीट से उपमुख्यमंत्री चाउना मीन, हायुलियांग सीट से पूर्व मुख्मंत्री स्व. कालिखो पुल की पत्नी दासंगलू पुल, तालिहा से निर्विरोध निर्वाचित विधायक न्यातो दुकम शामिल हैं। नामसंग विधायक वांगकी लोवांग मात्र 56 वोट से जीते, वहीं पालिन से विधायक बालो राजा ने सबसे ज्यादा 5 हजार 40 वोटों से जीत हासिल की है। राज्य के गठित नए मंत्रिमंडल में जहां आठ नए चेहरों को जगह मिली है, वहीं दासंगलू पुल पूरे मंत्रिमंडल में एकमात्र महिला मंत्री हैं। फिलहाल अभी मंत्रियों में विभागों का बंटवारा नहीं किया गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक आज पहली मंत्रिमंडल बैठक के बाद मंत्रियों के विभागों का बंटवारा भी कर दिया जाएगा। बता दें कि 60 विधानसभा सीट वाले उत्तर-पूर्वी राज्य में भाजपा ने 46 सीटें जीत कर लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल की है।

## दिल्ली सरकार को देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं: हिमाचल सरकार

नई दिल्ली, 13 जून। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वे पानी की सप्लाई के लिए अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) से अपील करें। हिमाचल प्रदेश सरकार के यू-टर्न लेने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश दिया। हिमाचल सरकार ने बताया कि उनके पास कोई अतिरिक्त पानी नहीं है। इस पर जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस प्रसन्ना बी वाराले की अवकाश पीठ ने दिल्ली सरकार को अपर यमुना नदी बोर्ड के सामने शाम पांच बजे तक अपील करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार को मानवीय आधार पर अपील करनी चाहिए। वहीं हिमाचल प्रदेश सरकार ने पहले सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि उनके पास अतिरिक्त पानी है, जिसके बाद कोर्ट ने हिमाचल को अतिरिक्त पानी छोड़ने का निर्देश दिया था, जो हरियाणा होते हुए दिल्ली पहुंचना था, लेकिन अब हिमाचल ने अपने बयान से पलटते हुए कोर्ट को बताया कि उनके पास 136 क्यूसेक अतिरिक्त पानी नहीं है। पीठ ने कहा राज्यों के बीच यमुना के पानी का बंटवारा एक जटिल और संवेदनशील मुद्दा है और इस अदालत के पास वो तकनीकी विशेषज्ञता नहीं है, इस पर फैसला कर सके। ऐसे में यह मामला उस निकाय पर छोड़ा जाना चाहिए, जिसका गठन विभिन्न पक्षों में समझौते के बाद एमओयू द्वारा साल 1994 में किया गया था। कोर्ट ने कहा अपर यमुना रिवर बोर्ड ने पहले से ही दिल्ली सरकार को पानी की सप्लाई के लिए एक याचिका दायर करने को कहा हुआ है। ऐसे में दिल्ली सरकार को याचिका दाखिल करनी चाहिए और अगर अभी तक नहीं की है तो आज शाम पांच बजे तक दाखिल करें।

## पेपर लीक होने का कोई सबूत नहीं, किसी छात्र का नुकसान नहीं होने देंगे: धर्मेंद्र प्रधान

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 13 जून। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट परीक्षा का पेपर लीक होने के आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा में पेपर लीक का कोई सबूत नहीं मिला है। एनडीए में भ्रष्टाचार नहीं मिला है। यह बहुत विश्वसनीय निकाय है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट मामले पर सुनवाई कर रहा है और हम उनका आदेश मानेंगे। हम ये सुनिश्चित करेंगे कि किसी छात्र को नुकसान न हो। नीट मामले पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि नीट-यूजी 2024 की परीक्षा में जिन 1,563 छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए गए, उन्हें रद्द कर दिया गया है और उन्हें 23 जून को फिर से परीक्षा देने का विकल्प दिया गया है। अगर कोई उम्मीदवार दोबारा परीक्षा नहीं देना चाहता है तो उनके ग्रेस मार्क्स काट लिए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई पर धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। नीट की परीक्षा में 24





लाख छात्र बैठे। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है और यह सुनवाई 1563 छात्रों के संबंध में है। सरकार कोर्ट में जवाब देने के लिए तैयार है। इस मुद्दे पर सरकार ने शैक्षिक जगत से जुड़े लोगों की एक समिति बनाई जा रही है। इस समिति की रिपोर्ट को कोर्ट में पेश किया जाएगा। एनटीए ने देश में तीन बड़ी परीक्षाएं नीट, जेईई और सीयूईटी सफलतापूर्वक आयोजित कराई हैं। घटना में जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि मैं छात्रों और उनके परिजनों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत सरकार और एनटीए सभी प्रभावितों को न्याय दिलाएगी। 24 लाख छात्रों ने सफलतापूर्वक नीट की परीक्षा दी है। कोई पेपर लीक नहीं हुआ है। न ही इसका कोई सबूत मिला है। 1563 बच्चों की दोबारा परीक्षा के लिए कोर्ट ने जो तरीका सुझाया है, उसके मुताबिक ही काम होगा और हम कोर्ट के आदेश को स्वीकार करते हैं।

## चांदनी चौक इलाके में लगी भीषण आग

नई दिल्ली, 13 जून। दिल्ली के चांदनी चौक स्थित मारवाड़ी कटरा, नई सड़क पर गुरुवार को भीषण आग लग गई। सूचना मिलने पर दमकल की 14 गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने में जुटे हुए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर आस-पास की कई इमारतों को खाली करा लिया गया है। बता दें कि यहां मार्केट होने के कारण हर वक्त काफी भीड़ रहती है। घटना के बाद से यहां अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने फिलहाल आग लगने के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। गनीमत रही कि वक्त रहते लोग इमारतों से निकल गए। फिलहाल किसी प्रकार के जान माल की हानि की सूचना भी सामने नहीं आई है।

## महाराष्ट्र की 250 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ने को तैयार रहें: राज ठाकरे

मुंबई, 13 जून। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने गुरुवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 288 सीट में से 225-250 सीट पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार रहें। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी। एक बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मनसे नेता बाला नंदगांवकर ने कहा , पार्टी पदाधिकारी राज्य के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे और चुनावी तैयारियों के बारे में ठाकरे को एक रिपोर्ट देंगे। मनसे ने लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को समर्थन देने की घोषणा की थी। राज ठाकरे ने एनडीए के लिए प्रचार भी किया। हालांकि, उनकी पार्टी कहीं भी मैदान में नहीं थी। नंदगांवकर ने कहा, राज ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव में 225 से 250 सीट पर लड़ने के लिए तैयार रहने को कहा है। यह पूछे जाने पर कि क्या मनसे भाजपा-शिवसेना-राकांपा गठबंधन के साथ गठबंधन करेगी या अपने दम पर लड़ेगी, नंदगांवकर ने कहा, हम अभी इस पर कोई चर्चा नहीं कर रहे हैं। हम किसके साथ बातचीत करने जा रहे हैं? उन्होंने कहा, हमें अब तक अपने दम पर चुनाव लड़ा है। हम देखेंगे कि भविष्य में क्या होता है। लेकिन अगर हमें चुनाव की तैयारी करनी है तो पार्टी का विस्तार करना होगा। मनसे का गठन 2006 में हुआ था और उसने अपना पहला विधानसभा चुनाव 2009 में लड़ा था। इस चुनाव में उसने 13 सीट पर जीत दर्ज की थी। हालांकि, 2014 और 2019 के राज्य चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन फीका रहा और दोनों बार उसे केवल एक-एक सीट पर जीत हासिल हुई।

# महाराष्ट्र में तन गई कांग्रेस और उद्धव की सेना में!

**सौरभ शर्मा**

मुंबई, 13 जून। महाराष्ट्र में कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना के बीच अंदरूनी तौर पर मनमुटाव बढ़ने लगा है। पार्टी के नेता सियासी नफा नुकसान का आकलन करते हुए आगे की सियासी राह की भी चर्चा करने लगे हैं। जानकारों का मानना है कि अगले कुछ दिनों के भीतर महाराष्ट्र में सियासी तौर पर कुछ बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हो सकता है। यह घटनाक्रम जरूरी नहीं कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना के बीच हो। चर्चा जितनी घटक दल के बीच आपसी तनातनी की हो रही है, उतनी ही चर्चा ह्ल्ल के घटक दलों के बीच मनमुटाव की सामने आ रही है। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि महाराष्ट्र की सियासत में अंदरूनी तौर पर बहुत कुछ हो रहा है। दरअसल, महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के बाद और घटक दलों के बीच तमाम तरह की अंदरूनी चर्चाएं हो रही हैं। महाराष्ट्र के सियासी गलियारों में इस वक्त सबसे ज्यादा चर्चा विधान परिषद के शिक्षक स्नातक एमएलसी को लेकर हो रही है। दरअसल, महाराष्ट्र में होने वाले एमएलसी के चुनाव को लेकर उद्धव ठाकरे की शिवसेना और कांग्रेस आमने-सामने आ गए हैं। कांग्रेस पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है कि जब गठबंधन में उद्धव ठाकरे की शिवसेना और कांग्रेस दोनों हैं, तो एमएलसी के चुनाव में



प्रत्याशी का चयन भी पूछताछ के साथ होना चाहिए था। लेकिन हुआ यह कि महाराष्ट्र में एमएलसी की सीटों पर उद्धव ठाकरे की सेना ने चारों प्रत्याशी उतार दिए। जानकारी के मुताबिक कांग्रेस पार्टी ने ऐसी असहज स्थिति में आलाकमान से भी चर्चा की है। महाराष्ट्र के सियासी गलियारों में चर्चा इस बात की है कि जिस तरीके से गठबंधन में उद्धव की सेना को ज्यादा सीटें देने के बाद भी उस तरह के परिणाम नहीं आए, उस पर घटक दलों के बीच अंदरूनी चर्चाएं हो रही हैं। सियासी जानकार बताते हैं कि कहा यह तक जा रहा है कि कम सीटों के बाद भी कांग्रेस ने जिस तरीके का प्रदर्शन महाराष्ट्र में किया है, वह सबसे बेहतर है। ऐसे में गठबंधन के घटक दलों को कांग्रेस के साथ मिल बैठकर आगे की सियासत पर बात करनी चाहिए। हालांकि यह बात गठबंधन से पहले ही कही जा चुकी है कि जो गठबंधन हुआ था वह लोकसभा के चुनावों के मद्देनजर ही था। ऐसे में अगर घटक दलों के बीच का कोई भी राजनीतिक दल अपने प्रत्याशी उतरता आगे कोई भी चुनाव में उतारता है, तो वह अब ऐसा करने में स्वतंत्र है। महाराष्ट्र में सिर्फ कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना में ही नहीं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी और एकनाथ शिंदे की शिवसेना समेत अजीत पवार की पार्टी के बीच भी कई बातें सामने आ रही है। अजीत पवार की पार्टी से तो एनडीए गठबंधन में कोई मोदी मंत्रिमंडल में नहीं शामिल हुआ। इसी बीच एकनाथ शिंदे की पार्टी से महाराष्ट्र ज्यादा सांसद जीतने के बाद भी मोदी मंत्रिमंडल में मिले राज्यमंत्री के पद पर सियासत शुरू हो गई।

## विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे शरद पवार

मुंबई, 13 जून। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने हाल ही में संपन्न आम चुनावों में महाराष्ट्र में दस में से आठ लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। अब लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद वे विधानसभा चुनाव की तैयारियों में लग गए हैं। शरद पवार ने बारामती के लोगों से मिलना शुरू कर दिया है। बारामती के शिरसुफल गांव के लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चुनाव अवधि के दौरान बारामती निर्वाचन क्षेत्र के लोग चुप रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के पदाधिकारी मुझसे कहते थे कि लोग चुप हैं और खुलकर नहीं बोल रहे हैं। मैंने उनसे चिंता न करने की बात करते हुए कहा कि भले ही वे अपनी बात न कह रहे हों, लेकिन वे सही बटन (ईवीएम) दबाएंगे। और लोकसभा चुनाव में वही हुआ भी। जब ईवीएम खुलीं, तो जादू दिखा और आप लोगों ने बड़ी संख्या में मतदान किया। उन्होंने लोगों से एकजुट रहने की अपील की, क्योंकि राज्य विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। उन्होंने यह भी कहा, अगले तीन से चार महीनों में राज्य में चुनाव होने वाले हैं। चाहे कुछ भी हो, मेरा प्रयास राज्य की कमान मेरे हाथ में हो। इसके लिए हमें विधानसभा चुनाव जीतना होगा। बता दें कि शरद पवार चार बार राज्य के मुख्यमंत्री, एक दशक तक केंद्रीय कृषि मंत्री और दो साल तक रक्षा मंत्री रहे। उन्होंने कहा, ये सभी चीजें तब हो सकती हैं, जब आपकी सामूहिक शक्ति हो। आपने मेरे सामने जो मुद्दे रखे हैं, मैं उनका समाधान करने का प्रयास करूंगा। हालांकि, मैं अभी आश्वासन नहीं दे सकता, क्योंकि एक अलग सरकार है। लेकिन चार महीने बाद हम निश्चित रूप से इन मुद्दों का समाधान कर सकते हैं। पवार ने चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणियों की आलोचना की। उन्होंने कहा, चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री ने उन विषयों पर बात की, जिनसे बचना चाहिए था। उनकी अगुआई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने हाल ही में संपन्न आम चुनावों में महाराष्ट्र में दस में से आठ लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करके प्रभावशाली प्रदर्शन किया। वहीं शरद पवार की बेटी और एनसीपी (सपा) उम्मीदवार सुप्रिया सुले ने अपने चचेरे भाई अजीत पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को हराकर लगातार चौथी बार बारामती सीट के लिए उच्च-दांव वाले पारिवारिक मुकाबले में जीत हासिल की।

# जल संकट के लिए हरियाणा के टैंकर माफिया जिम्मेदार आप का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 13 जून। दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में पानी का संकट बहुत ज्यादा बढ़ चुका है। पानी के केवल एक-दो टैंकर पर पूरी कॉलोनी को निर्भर रहना पड़ रहा है। इस स्थिति का कोई स्थायी उपाय निकालने की बजाय राजनीतिक दल एक बार फिर एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस बीच सर्वोच्च न्यायालय में चली जल संकट पर सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार ने कहा है कि दिल्ली में जल संकट के लिए टैंकर माफिया जिम्मेदार हैं। लेकिन वे पड़ोसी राज्य हरियाणा से आते हैं, लिहाजा वह इन पर कार्रवाई करने में सक्षम नहीं है। दिल्ली सरकार ने कोर्ट को बताया है कि हर साल 437.5 किलोमीटर पुरानी जल पाइप लाइनों को बदलकर पानी की बर्बादी रोकने की कोशिश की जा रही है, पानी की सप्लाई और मांग की लगभग रीयल टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है और पुराने मीटरों को भी बदला जा रहा है। लेकिन अन्य राज्यों में भी पानी की सप्लाई में कमोबेश इतने ही पानी की बर्बादी हो जाती है। सरकार ने कहा कि जल संकट के समय एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने का समय नहीं है। इस स्थिति में सबको मिलजुलकर काम करना चाहिए। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी के विधायक-नेता ही अवैध टैंकर चलाने के अवैध कारोबार में लिप्त हैं। इसी कारण दिल्ली का जल संकट जानबूझकर हल नहीं किया जा रहा है, जिससे इन माफियाओं को लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि पालम की एक आम आदमी पार्टी वार्ड अध्यक्ष अपर्णा विधायक भावना गौड़ के कार्यालय की प्रभारी हैं। उनके पति महेश कुमार के नाम पर अनेक टैंकरों के नंबर पंजीकृत हैं। उनका आरोप है कि आप नेता की सांठगांठ से इस क्षेत्र में टैंकर चलाए जा रहे हैं। सचदेवा ने आरोप लगाया कि इसी तरह आम आदमी पार्टी के पालम विधानसभा अध्यक्ष संदीप चौधरी के नाम पर भी दो टैंकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि






पुलिस जांच हो, तो ऐसे और भी दर्जनों मामले सामने आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि जल समस्या आम आदमी पार्टी को लोगों के लिये खड़ी की गई है। केजरीवाल सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि बारिश में यमुना में पानी आने के बाद बाढ़ की स्थिति बन जाती है। बाढ़ से बचने के लिए अभी से उपाय किए जा रहे हैं। यमुना के बंद गेट खोले जा रहे हैं, जिससे सिल्ट बहकर आगे चली जाए और बाढ़ की स्थिति पैदा न हो। शहरी मामलों के विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यमुना में आ रहे पानी का उचित प्रबंधन किया जाए, तो दिल्ली के जल संकट को कम किया जा सकता है। इसके लिए यमुना के जल को बड़े बांधों के जरिए रोकना शामिल है। दिल्ली में जलाशय बहुत कम हो चुके हैं। सरकार के द्वारा हर क्षेत्र में बड़े-बड़े जलाशय बनवाकर इसमें वर्षा जल को संचित किया जा सकता है। पुराने जलाशयों का जीर्णोद्धार कर दिल्ली का जल स्तर सुधारा जा सकता है। दिल्ली के नालों से यमुना में गिरने वाले पानी को एसटीपी के जरिए साफ-सुथरा कर इन्हें पीने के अलावा अन्य कार्यों के लिए उपयोग किया जा सकता है।

## इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी द्वीप में भूकंप के झटके

**एजेंसी**

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी प्रांत के तट पर गुरुवार तड़के शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किये गये। इंडोनेशिया के मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान एवं भूभौतिकी एजेंसी के मुताबिक स्थानीय समयानुसार बुधवार देर रात करीब 12ः01 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.9 मापी गयी। भूकंप का केन्द्र तालुद द्वीप समूह के 41 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में समुद्र तल से 32 किलोमीटर की गहराई में था।




## ईरान ने फ्रांसीसी नागरिक लुइस अर्नोद को रिहा किया : मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि ईरान ने फ्रांसीसी नागरिक लुइस अर्नोद को रिहा कर दिया है।मीडिया रिपोर्टों में श्री मैक्रों के हवाले से यह जानकारी दी गयी। रिपोर्टों के मुताबिक श्री मैक्रों ने कहा , लुईस अर्नोद रिहा हो गए हैं। ईरान में लंबे समय तक कैद रहने के बाद कल वह फ्रांस पहुंचेंगे। उन्होंने अर्नोद को रिहा करने में मदद के लिए ओमान को धन्यवाद दिया और ईरान से से तीन अन्य फ्रांसीसी नागरिकों को अविलंब रिहा करने का आग्रह किया। फ्रांस के बैंकिंग सलाहकार अर्नोद को सितंबर 2022 में ईरान की यात्रा के दौरान गिरफ्तार किया गया था। पिछले साल उन्हें कथित तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा के आरोपों में पांच साल जेल की सजा सुनाई गयी थी।



## लीबिया से 163 बंगलादेशी प्रवासी निर्वासित

**त्रिपोली।** लीबिया से बंगलादेश के 163 नागरिकों को निर्वासित किया गया है। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने कहा कि उसने इस सप्ताह लीबिया से 163 प्रवासियों को उनके गृह देश बंगलादेश लौटने में सहायता की है। आईओएम ने ट्वीट किया ÷आईओएम का स्वैच्छिक मानवीय वापसी (वीएचआर) कार्यक्रम फंसे हुए और कमजोर प्रवासियों की सहायता करना जारी रखता है जो लीबिया से अपने गृह देशों में लौटने के लिए सहायता का अनुरोध करते हैं। इस सप्ताह 163 प्रवासियों के साथ बंगलादेश के लिए बेंगाजी से ढाका तक की उड़ान की सुविधा प्रदान की गई थी। 2011 में दिवंगत नेता मुअम्मर गद्दाफी के शासन के पतन के बाद से लीबिया उन हजारों प्रवासियों के लिए पसंदीदा स्थान बन गया है जो यूरोपीय तटों तक पहुंचने के लिए भूमध्य सागर को पार करने का प्रयास करते हैं। आईओएम द्वारा संचालित स्वैच्छिक मानवतावादी वापसी कार्यक्रम लीबिया में फंसे प्रवासियों की उनकी मातृभूमि में वापसी की व्यवस्था करता है।आईओएम के अनुसार वीएचआर कार्यक्रम ने 2015 से 80,000 प्रवासियों को स्वेच्छा से लीबिया से अपने मूल देशों में लौटने में मदद की है।




## अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटना में 11 लोगों की मौत

**काबुल।** उत्तरी अफगानिस्तान के फरयाब प्रांत में एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी है।सूचना और संस्कृति के प्रांतीय निदेशक मावलवी शम्सुद्दीन मोहम्मदी ने कहा कि दुर्घटना तब हुई जब एक वाहन सड़क से उतर गया और प्रांतीय राजधानी मैमाना शहर में एक आवासीय घर की दीवार से टकरा गया। श्री मोहम्मदी ने कहा पीड़ितों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। अफगानिस्तान में भीड़भाड़ वाली सड़कों पर लापरवाही से गाड़ी चलाना और जर्जर राजमार्गों पर यातायात संकेतों की कमी यातायात दुर्घटनाओं के कुछ कारण हैं।




# कुवैत में भीषण आग से 49 लोगों की मौत, मृतकों में 40 से अधिक भारतीय

**एजेंसी**

**दुबई/कुवैत सिटी।** दक्षिणी कुवैत में विदेशी मजदूरों वाली एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगने से कम से कम 40 से अधिक भारतीयों की मौत हो गई और 50 से अधिक अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अल-मंगफ नामक इस इमारत में भीषण आग लगने से कुल 49 लोगों की जान गयी है जिनमें से 42 के बारे में माना जा रहा है कि वे भारतीय थे।

बाकी पाकिस्तान, फिलीपिन, मिस्त्र, नेपाल के नागरिक थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना को 'दुखद' बताया तथा विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विनय क्वात्रा, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी के मिश्रा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में इस घटना से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की। एक सरकारी बयान के अनुसार मोदी ने इस 'दुर्भाग्यपूर्ण घटना' पर गहरा दुख प्रकट किया और शोक संतप्त परिवारों के लिए संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मृतक भारतीय नागरिकों के परिवारों के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि भी घोषित की। प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह आग में घायल हुए भारतीयों की सहायता की निगरानी करने और मारे गए लोगों के शवों को शीघ्र स्वदेश पहुंचाने के कार्य में सहयोग के लिए कुवैत रवाना हो रहे हैं।



सरकारी बयान के अनुसार मोदी ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और निर्देश दिया कि भारत सरकार सभी संभव सहायता उपलब्ध कराए। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''कुवैत सिटी में आग लगने की घटना दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। कुवैत में भारतीय दूतावास स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है और वहां प्रभावितों की सहायता के लिए अधिकारियों के साथ काम कर रहा है।''

जयशंकर ने एक बयान में कहा, कुवैत सिटी में आग की घटना की खबर से गहरा सदमा लगा है। 40 से अधिक लोगों की मौत की खबर है और 50 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमारे राजदूत शिविर में गए हैं। हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। जयशंकर ने 'एक्स' पर कहा, ''मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। घायल हुए लोगों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

हमारा दूतावास इस संबंध में सभी संबंधित पक्षों को पूरी सहायता प्रदान करेगा।'' कुवैत में भारतीय राजदूत आदर्श स्वैका कई अस्पतालों में गये । उनमें वे अस्पताल भी हैं जहां घायलों को भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि हताहत हुए भारतीयों में ज्यादातर केरल के हैं। अधिकारियों ने कहा कि ज्यादातर लोगों की मौत धुएं से दम घुटने के कारण तब हुई जब वे सोए हुए थे। उन्होंने कहा कि कई लोगों को बचा लिया गया।

## सऊदी अरब के प्रधानमंत्री जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे

**रियाद ।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ अल सऊद इटली में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे।

सऊदी प्रेस एजेंसी (एसपीए) ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि इटली के प्रधानमंत्री जियोर्जियो मेलोनी को भेजे गए एक संदेश में सऊदी प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेलन के निमंत्रण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि वह हज सीज़न के कार्यों की देखरेख से संबंधित प्रतिबद्धताओं के कारण सम्मेलन में भाग नहीं ले पाएंगे। हज मुसलमानों के सबसे पवित्र शहर मक्का की वार्षिक इस्लामी तीर्थयात्रा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्राउन प्रिंस ने सऊदी अरब-इटली संबंधों की गहराई पर भी ध्यान दिया और शिखर सम्मेलन की सफलता की कामना की। जी7 शिखर सम्मेलन 13-15 जून तक इटली के अपुलीया क्षेत्र में होगा।



## डब्ल्यूएचओ ने सोमालियाई लोगों की मदद के लिए नयी परियोजना शुरू की

**एजेंसी**

**मोगादिशु।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने जलवायु जनित घटनाओं से प्रभावित सोमालिया के लोगों की मदद के लिए नयी परियोजना शुरू करने की घोषणा की है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि यह परियोजना सोमालिया में उन लोगों को लक्षित कर रही है जो अभी भी बाढ़ और सूखे जैसी चरम जलवायु घटनाओं के प्रभावों के साथ जी रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी ने एक बयान में कहा कि यह परियोजना महत्वपूर्ण देखभाल की गुणवत्ता, पहुंच और कवरेज में सुधार के लिए समुदायों और स्वास्थ्य सुविधाओं के बीच रेफरल संबंधों को भी मजबूत करेगी। इसमें चिकित्सा जटिलताओं के साथ गंभीर कुपोषण वाले बच्चों के लिए स्थिरीकरण केंद्रों में रोगी उपचार शामिल है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि नयी परियोजना पहले की परियोजना के पूरा होने के बाद आई है जिससे सोमालिया में सूखे और बाढ़ से प्रभावित 30 लाख से अधिक लोगों को एकीकृत स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं से लाभ हुआ है।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि इसका उद्देश्य स्वास्थ्य प्रणाली के लचीलेपन को मजबूत करते हुए बार-बार होने वाले जलवायु झटके, खाद्य असुरक्षा और बीमारी के प्रकोप, विशेष रूप से हैजा के स्वास्थ्य प्रभावों को कम करना है।डब्ल्यूएचओ के अनुसार सोमालिया में हैजा का प्रकोप जारी है जो दिसंबर 2023 की बाढ़ के बाद से और भी बदतर हो गया है जिसने स्वच्छता सुविधाओं को नष्ट कर दिया और आगे विस्थापन का कारण बना। एजेंसी ने बताया अनुमान है कि भारी गु (अप्रैल-से-जून) बारिश के कारण प्रकोप जारी रहेगा जिससे संभावित रूप से अचानक बाढ़ आ सकती है। वह सोमालिया के स्वास्थ्य और मानव सेवा मंत्रालय को जिला स्तर पर हैजा सहित बीमारी के प्रकोप की रोकथाम, शीघ्र पता लगाने और त्वरित प्रतिक्रिया को मजबूत करने में भी सहायता करेगा।




## गाजा में इजरायली हमलों में मृतकों की संख्या बढ़कर 37,202 हुई



**एजेंसी**

**गाजा।** गाजा पट्टी पर जारी इजरायली हमलों में मृतकों की संख्या बढ़कर 37202 हो गयी है। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों की ओर से जारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना की कार्रवाई में 38 फिलीस्तीनी मारे गए और 100 अन्य घायल हो गए। इसके साथ ही अक्टूबर 2023 में फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 37,202 हो गई और 84,932 लोग घायल हो गए। बयान में कहा गया कि भारी बमबारी और बचाव दल की कमी के बीच कुछ पीड़ित मलबे में दबे रहे।उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा के माध्यम से हमास के हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिए इजरायल ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला किया। हमले के दौरान लगभग 1,200 लोग मारे गए और लगभग 250 को बंधक बना लिया गया।

## इराक में तेल रिफाइनरी में भीषण आग लगी

**बगदाद।** इराक के अर्बिल गवर्नरेट में एक तेल रिफाइनरी की डामर भंडारण सुविधा में भीषण आग लग गई है। रूडॉ ब्रॉडकास्टर ने यह जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि आग लगी लेकिन इसका कारण स्पष्ट नहीं है। कथित तौर पर लगभग बारह अग्निशमन दल आग बुझाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे थे। एक प्रत्यक्षदर्शी ने ब्रॉडकास्टर को बताया कि आग में एक व्यक्ति घायल हो गया और अन्य को सांस लेने में समस्या हुई, हालांकि ब्रॉडकास्टर इसकी पुष्टि नहीं कर सका। ब्रॉडकास्टर ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि उसने विस्फोट की आवाज सुनी और इसे एक बड़ा धमाका बताया।



# द् अफ्रीका में मंकीपॉक्स के पांच मामलों की पुष्टि के बाद हाईअलर्ट

**एजेंसी**

**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री जो फाहला ने कहा है कि मई में मंकीपॉक्स के प्रकोप के बाद दक्षिण अफ्रीका हाई अलर्ट पर है, जिसमें प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए पांच मामले हैं तथा इनमें एक की मौत भी हुई है।श्री फाहला ने मीडिया को बताया कि मंकीपॉक्स से पीड़ित सभी पांच मरीज तीन क्वाजुलु-नताल प्रांत से और दो गौतेंग प्रांत से, 30 से 39 वर्ष की आयु के पुरुष हैं , जिनका कोई यात्रा इतिहास नहीं था। दो अब भी अस्पताल में भर्ती हैं, दो को छुट्टी दे दी गई है और एक की सोमवार को जोहान्सबर्ग के एक अस्पताल में मौत हो गई। उन्होंने कहा, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की परिभाषा के अनुसार सभी पांच मामलों को गंभीर मामलों के रूप में वर्गीकृत किया गया था, जिसके लिए अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता होती है। वर्ष 2024 की शुरुआत से, राष्ट्रीय संचारी रोग संस्थान (एनआईसीडी) को एमपॉक्स परीक्षण के 12 अनुरोध प्राप्त हुए हैं, जिनमें से तीन सकारात्मक पाए गए। अन्य दो मामलों का निदान निजी प्रयोगशालाओं द्वारा किया गया था। दिशानिर्देशों को अद्यतन किया गया है और विभिन्न प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के नेटवर्क में व्यापक रूप से साझा किया गया है। श्री फाहला ने कहा हम इस बीमारी से पीड़ित लोगों को दूसरों को संक्रमित होने से बचाने के लिए उनके उपचार में सहायता करके स्थानीय संचरण को बाधित कर सकते हैं। हम स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ सहयोग करके टालने योग्य मौतों को रोक सकते हैं, जब वे संपर्क ट्रेसिंग और केस खोज करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने 500 से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एमपॉक्स रोग के बारे में वेबिनार आयोजित किए हैं। दक्षिण अफ्रीका में डब्ल्यूएचओ के एक डॉक्टर फैबियन नेन्ज़ाको ने कहा कि वे एमपॉक्स से संक्रमित लोगों के लिए दवा उपलब्ध कराने के लिए दक्षिण अफ्रीकी सरकार के साथ काम कर रहे हैं। जिनेवा, स्विट्जरलैंड में वैक्सीन की कुल 10 खुराकें पैक की गई हैं, और कागजी कार्रवाई की प्रतीक्षा कर रही हैं और फिर दक्षिण अफ्रीका भेज दी जाएंगी। डब्ल्यूएचओ दो मामलों की पुष्टि होने पर मंकीपॉक्स के प्रकोप को परिभाषित करता है। श्री नेडेनजाको ने कहा कि चूंकि सभी पांच मामलों में कोई यात्रा इतिहास नहीं है, इसलिए देश में एमपॉक्स के मामले बहुत अधिक हो सकते हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, 1 जनवरी, 2022 से 31 मई, 2024 तक, 117 देशों से 186 मौतों सहित, मंकीपॉक्स के कुल 97,208 प्रयोगशाला-पुष्टि मामले सामने आए। दक्षिण अफ्रीका में 2022 में मंकीपॉक्स के पांच मामले दर्ज किए गए, जबकि 2023 में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।



## मलावी के उपराष्ट्रपति चिलिमा के लिये 21 दिन के शोक की घोषणा

**एजेंसी**

**लिलोंग्व।** मलावी में सैन्य विमान दुर्घटना में मृत उपराष्ट्रपति सौलोस चिलिमा के लिये 21 दिन के शोक की घोषणा की गयी।सूचना एवं डिजिटलीकरण मंत्री मोसेस कुंकुयू ने देर रात यह घोषणा की और कहा कि उपराष्ट्रपति के पार्थिव शरीर को राजकीय अंतिम संस्कार का दर्जा दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि न्याय मंत्री टाइटस म्वालो के नेतृत्व में एक विशेष समिति उपराष्ट्रपति के अंतिम संस्कार की व्यवस्था का समन्वय करेगी। दक्षिणी अफ्रीका में राष्ट्रीय ध्वज और अन्य सभी संस्थागत झंडे आधे झुका दिये गये हैं। ।अधिकारियों के अनुसार, उपराष्ट्रपति सौलोस और नौ अन्य यात्रियों को लेकर जा रहे सैन्य विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार सभी यात्रियों की मौत हो गयी है। उन्होंने बताया कि इसमें पूर्व प्रथम महिला पैट्रिशिया शैनिल डिज़िम्बिरी भी सवार थीं। दुर्घटना के दौरान, विमान में सवार सभी लोग पूर्व अटॉर्नी जनरल एवं न्याय मंत्री राल्फ कासाम्बारा के अंतिम संस्कार के लिए जा रहे थे। उसी दौरान, खराब मौसम के कारण यह दुर्घटना हुई।



## नाटो प्रमुख हंगरी के प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे



**एजेंसी**

**मॉस्को।** उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान से वहां मुलाकात करेंगे। नाटो की ओर से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच अमेरिका के वाशिंगटन में होने वाले आगामी नाटो शिखर सम्मेलन के एजेंडे पर चर्चा होने की उम्मीद है। एजेंडे में यूक्रेन के लिए सैन्य समर्थन भी शामिल है। इसके साथ ही श्री ओरबान की योजना हंगरी के यूक्रेन में नाटो अभियानों से बाहर निकलने के मुद्दे को उठाने की भी है, जबकि वह अभी भी गठबंधन का सदस्य बना हुआ है। द्विपक्षीय बैठक के बाद श्री स्टोलटेनबर्ग और श्री ओरबान संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

## हश मनी केस: पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वकीलों की जज से अपील, राष्ट्रपति डिबेट से पहले गैग ऑर्डर हटाएं

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** हश मनी केस में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वकील ब्लैंच और बोव ने बहस के दौरान जज से आग्रह किया है, कि जब उनके मुव्वकिल ट्रंप को दोषी ठहराया गया है, तो उन पर से गैग आदेश को हटा लिया जाए, क्योंकि उनके विरोधी ट्रंप के भाषण पर लगे प्रतिबंध का गलत तरीके से इस्तेमाल कर रहे हैं। ट्रंप के वकील ने आगे कहा कि ये आदेश 27 मई को होने वाले राष्ट्रपति डिबेट के दौरान जो बाइडन के आरोपों के जवाब देने के दौरान ट्रंप की योग्यताओं को बाधित भी कर सकता है। गैग ऑर्डर की बात करें तो, ये किसी संवेदनशील मामले पर सार्वजनिक चर्चा के खिलाफ एक समान गैर-न्यायिक प्रतिबंध है।

**हश मनी केस के 34 मामलों में दोषी हैं ट्रंप**

बता दें कि मैनहट्टन ज्यूरी ने 30 मई को ट्रंप को 34 मामलों में दोषी पाया था। जिसमें पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने पूर्व वकील माइकल कोहेन के जरिए 2016 में चुनाव से पहले एडल्ट फिल्म स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को एक सेक्स स्कैंडल के मामले में चुप रहने के लिए 130 हजार डॉलर का भुगतान किया था। जिस मामले में उनका ये तर्क था कि ये शारीरिक संबंध करीब एक दशक पहले बनाए गए थे। ये केस किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ पहला आपराधिक मामला है, चाहे वो अमेरिकी राष्ट्रपति वर्तमान का हो या भूतपूर्व हो।

**कौमी पत्रिका**
**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300
**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in
**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**
**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma


## FBI दफ्तर में महिला ने खुद पर तानी बंदूक, अफसरों ने सूझबूझ से आत्मसमर्पण कराया, पुलिस ने हिरासत में लिया

**एजेंसी**

**शिमला ।** अमेरिका के सिएटल में एफबीआई की इमारत में एक घंटे खूब बवाल हुआ, जिसके बाद पुलिस ने महिला को हिरासत में ले लिया। एफबीआई के प्रवक्ता स्टीव बर्न्ड ने बताया कि महिला सार्वजनिक क्षेत्र में चली गई थी। यहां आने के लिए लोगों को लॉबी में जाने के लिए इंतजार करना पड़ता है।

**यह है पूरा मामला, घटना में कोई घायल नहीं**

सिएटल पुलिस विभाग ने ईमेल के माध्यम से घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला ने खुद पर ही बंदूक तान ली थी। इसके बाद बंधक वार्ता दल को वहां बुलाया गया। बंधक वार्ता दल ने अपनी सूझबूझ से महिला को आत्मसमर्पण और बंदूक को जमीन पर रखने के लिए राजी कर लिया है। इन सब खींचतान में खास बात यह रही कि कोई भी इसमें घायल नहीं हुआ। महिला कौन है, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। महिला ने ऐसा क्यों किया, इसकी जानकारी अभी नहीं है। पुलिस तमाम कारणों की जांच कर रही है।



**पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी घटनाएं**

एफबीआई ने पिछले कुछ वर्षों में ब्यूरो कर्मियों और सुविधाओं के खिलाफ अपराधों के बढ़ने की पुष्टि की है।

दो साल पहले, 2022 में,ऋ 15 राइफल और नेल गन से लैस एक व्यक्ति ने एफबीआई के सिनसिनाटी फील्ड ऑफिस में घुसने की कोशिश की थी। हालांकि, कुछ घंटों बाद वह मारा गया। अगस्त में एक व्यक्ति अटलांटा स्थित एफबीआई कार्यालय में घुसा था। उसने बैरिकेड तोड़ दिया था। उसने एक एफबीआई कर्मी का पैदल पीछा करने की कोशिश की थी।

## सात मासूमों को मौत के घाट उतारने की दोषी महिला पर फिर शुरू हुआ मुकदमा, अब नवजात की हत्या की कोशिश का आरोप

**एजेंसी**

**शिमला ।** बच्चों की हत्या के आरोप में दोषी महिला पर ब्रिटेन में फिर से मुकदमा शुरू किया गया है। महिला पर अब एक नवजात बच्ची की हत्या के प्रयास का आरोप है। आरोपी महिला लूसी लेटबी ने हत्या की कोशिश वहीं की, जिस अस्पताल में वह काम करती थी।

जानकारी के अनुसार, लेटबी पर आरोप है कि फरवरी 2016 में उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के काउंटेस ऑफ चेस्टर अस्पताल में उसने समय से पहले जन्में एक नवजात को मारने की कोशिश की थी। अदालत में सुनवाई के दौरान वकील निक जॉनसन ने आरोप लगाया कि आरोपी नर्स को एक वरिष्ठ डॉक्टर ने लगभग रंगे हाथों पकड़ लिया था। वकील ने बताया कि आरोपी ने शिशु की श्वास नली को हटा दिया था। शिशु वेंटिलेटर पर थी।

**वकील ने अदालत को समझाया पूरा मामला**

वकील ने समझाया कि यदि शिशु की हृदय गति या रक्त में ऑक्सीजन का स्तर निश्चित स्तर से नीचे गिरता है तो अलार्म बज जाएगा। लेकिन जब बाल रोग विशेषज्ञ रवि जयराम नर्सरी में गए तो उन्होंने देखा कि लेटबी बच्ची के पास खड़ी थी। बच्ची का ऑक्सीजन स्तर लगातार गिर रहा था, लेकिन उसका अलार्म नहीं बजा। लेटबी बच्ची को बचाने के लिए कुछ भी नहीं कर रही थी। उन्होंने जूरी को बताया कि लेटबी को डॉ. जयराम ने रंगे हाथों पकड़ा। अदालत को वकील ने बताया कि पिछले साल लेटबी को 2015 और 2016 के बीच सात शिशुओं की हत्या और छह शिशुओं की हत्या के प्रयास के लिए दोषी ठहराया गया था।

**लेटबी ने हत्या के प्रयासों के आरोपों को नकारा**

वकील की तमाम दलीलों के बीच, कटघरे में बैठी लेटबी ने हत्या के प्रयास से इनकार कर दिया। लेटबी के वकील बेन मायर्स ने कहा कि एक बार दोष सिद्ध होने से यह साबित नहीं किया जा सकता कि हत्या के प्रयास की आरोपी भी वही है। हम आपके सबूतों का समर्थन नहीं करते। हम तमाम आरोपों को खारिज करते हैं।

# प्रदेश में 976 खेल नर्सरियों को खोलने की मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए हरियाणा में 976 खेल नर्सरियों को मंजूरी दी है। उक्त नर्सरियों में से 196 खेल नर्सरियां सरकारी स्कूलों को दी गई हैं। इसी तरह से 115 खेल नर्सरियां ग्राम पंचायतों को, 278 खेल नर्सरियां निजी संस्थानों और 387 खेल नर्सरियां निजी स्कूलों को आवंटित की गई हैं। यह नर्सरियां प्रदेश के सभी जिलों में आवंटित की गई हैं, जिनमें 28 विभिन्न खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों को पारंगत बनाया जाएगा। हरियाणा के खेल राज्य मंत्री संजय सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए भरपूर प्रयास कर रही है। इसी के तहत प्रदेश में खेल नर्सरी खोलकर खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारा जा रहा है।

- **खेल नर्सरियों में निखरेगी खिलाड़ियों की प्रतिभाः संजय सिंह**



उन्होंने बताया कि पंचकूला ने खेलो इंडिया-यूथ गेम्स के सफल आयोजन के बाद हरियाणा में एक नई खेल संस्कृति का उदय हुआ है। खेल विभाग सरकारी व निजी स्कूलों में तो खेल नर्सरी की मंजूरी प्रदान करता आ रहा है अब निजी संस्थान और औद्योगिक घराने भी खेलों को बढ़ावा देने के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि खेल नर्सरी योजना के तहत इच्छुक स्कूलों/संस्थानों को खेल नर्सरी के आवंटन के लिए सरकार हर साल आवेदन आमंत्रित करती है।

इसके लिए आवेदक के पास बुनियादी आवश्यकता यानि कोच की उपलब्धता हो, खिलाड़ियों के लिए अपेक्षित खेल का मैदान हो और अधिकतम 25 खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति की व्यवस्था होती है। आवेदनों की जांच जिला खेल अधिकारियों द्वारा आवेदकों के परिसर में जाकर की जाती है और उसके बाद आवेदकों को ये खेल नर्सरी प्रदान की जाती हैं। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 तक राज्य सरकार ने 1100 खेल नर्सरी आवंटित की थी, अब वित्त वर्ष 2024-25 से यह संख्या बढ़ाकर 1500 कर दी गई है। इनमें से लगभग 500 खेल नर्सरी पहले से ही सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं।

प्रदेश में आर्चरी की 14, एथलेटिक्स की 93, बैडमिंटन की 15, बेसबाल की 6, बास्केटबॉल की 47, बॉक्सिंग की 65, कनोइंग की 3, साइकिलिंग की 5, फैंसिंग की 12, फुटबॉल की 70 खेल नर्सरियां आवंटित की गई हैं। इसी तरह से जिम्नास्टिक की 7, हैंडबॉल की 74, हॉकी की 44, जूडो की 18, कबड्डी की 138, कराटे की 7, लॉन टेनिस की 3, रोइंग की 2, शूटिंग की 33, साफ्टबाल की 3, स्विमिंग की 12, टेबल टेनिस की 11, ताइक्वांडो की 15, वालीबॉल की 95, वेटलिफ्टिंग की 149, वुशू की 18 खेल नर्सरियां आवंटित की गई हैं।

## दिल्ली को पूरा पानी दे रहा है हरियाणा : अभय यादव

एजेंसी

**चण्डीगढ़।** हरियाणा के सिंचाई एवं जल संसाधन राज्य मंत्री डॉ अभय सिंह यादव ने कहा कि हरियाणा दिल्ली को पूरा पानी दे रहा है। जितना उनके पानी का हक है, उससे अधिक पानी उन्हें दिया जा रहा है। हरियाणा सरकार ने न कभी पहले पानी देने में कोताही की थी और ना आगे कोई कोताही करेंगे। डॉ. अभय सिंह यादव ने कहा कि हम शुरू से जागरूक है कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न फैले, हमारी कोशिश यही रहती है कि दिल्ली को पूरा पानी दिया जाए। दिल्ली पानी का कैसे इस्तेमाल करता है उसकी मैनेजमेंट कैसे करते है, वो उनकी जिम्मेदारी है। प्रदेश की ओर से पूरा पानी देने के बाद भी उन्हें (दिल्ली में) पानी की कमी रहती है तो वे अपने मैनेजमेंट को देखे की कहां पर कमी है। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट ने जो आदेश दिया था कि यमुना नदी बोर्ड, हिमाचल से आने वाले पानी का सत्यापन करेगा, लेकिन हिमाचल से पानी आया ही नहीं है तो उसका सत्यापन नहीं हुआ है। अगर हिमाचल प्रदेश से हरियाणा को पानी आता तो हम तुरंत उस पानी को दिल्ली को भेज देते। राज्य मंत्री ने कहा कि हम पानी के विषय को समग्र रूप से देखते है।

## फतेहाबाद डीसी की अपील,14 जून तक फ्री में अपडेट करवाएं आधार कार्ड

**फतेहाबाद।** यूआईडीएआई ने आमजन की सुविधा के मद्देनजर निशुल्क में आधार कार्ड अपडेट की तारीख 14 जून निर्धारित की हुई है। नागरिक स्वयं भी वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट माईआधार डॉट यूआईडीएआई डॉट जीओवी डॉट आइएन पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर करवाया जा सकता है। जिला उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया की सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अह्म दस्तावेज है और 8 से 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पहले 14 मार्च तक फ्री में आधार अपडेट किया जा सकता था, जिसे अब तीन महीने आगे बढ़ाते हुए आधार कार्ड को अपडेट करने की तिथि 14 जून तक कर दी गई है।

## सरकारी कर्मचारियों, पेंशन भोगियों को मिली कैशलेस इलाज सुविधा

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सरकारी कर्मचारियों, पेंशन भोगियों तथा आश्रितों की पुरानी मांग को पूरा करते हुए कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान कर दी है। स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कैशलेस इलाज की अधिसूचना जारी कर दी है, जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत अन्य श्रेणियों को भी कवर किया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना की मदद से सभी सरकारी और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में इलाज की सुविधा मिलेगी। गंभीर बीमारियों के साथ ही सभी इनडोर व डे केयर प्रक्रियाएं योजना में कवर की जाएंगी। प्रदेश सरकार ने एक जनवरी को दो सरकारी विभागों के कर्मचारियों के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में यह योजना आरंभ की थी। पायलट प्रोजेक्ट सफल रहने के बाद अब इसे सभी विभागों में लागू किया जा रहा है। व्यापक कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा (सीसीएचएफ) के लिए कर्मचारी और पेंशनर्स खुद आयुष्मान मोबाइल ऐप या सरकारी वेबसाइट पर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके बाद कार्ड जनरेशन पोर्टल से आसानी से कार्ड डाउनलोड किया जा सकेगा।

## हरियाणा में अब विवाह पंजीकरण करवाना हुआ आसान

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया का सरलीकरण करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में सिटी मजिस्ट्रेट (सीटीएम), तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) सहित ग्राम सचिव को मैरिज रजिस्ट्रार के रूप में नामित किया है। नागरिक संसाधन सूचना विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि इस विषय में प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। अब विवाह पंजीकरण करवाने वाले लोग लोकल स्तर पर अपनी सुविधा अनुसार ग्राम सचिव से लेकर बीडीपीओ, नायब तहसीलदार, तहसीलदार और सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मैरिज रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इससे पहले ग्रामीण स्तर पर केवल तहसीलदार के पास ही मैरिज रजिस्ट्रेशन का अधिकार था।

## पुलिस ने 9 महीने से फरार दो ईनामी आरोपी गिरफ्तार किए

**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत की पुलिस टीम ने बस स्टाफ पर हमला कर रुपये छीनने की घटना में संलिप्त और पांच-पांच हजार रुपये के ईनामी दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। गिरफ्तार आरोपी ललित निवासी बुलंदशहर और इमरान निवासी मेरठ, उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। साजिद ने थाना कुंडली में घटना की 24 अक्टूबर 2023 को शिकायत दर्ज कराई थी। साजिद प्रधान शहनावज ललियाना की बस पर ड्राइवर का काम करता है, उसने बताया कि टिकरी बॉर्डर से हरदोई जाते समय केजीपी टोल टैक्स के पास दूसरी बस के चालक अगाज और उसके साथियों ने उनकी बस को रोककर हमला किया था। आरोपियों ने बस के शीशे तोड़ दिए, साजिद और कंडक्टर शाह आलम को मारा, और एक यात्री से 2200 रुपये छीन लिए।

## समाधान शिविर में आने वाली जन समस्याओं के स्टेटस पोर्टल पर अपलोड करें अधिकारी

एजेंसी

**हिसार।** अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविर में आने वाली हर शिकायत को अधिकारी पोर्टल पर अपलोड करें और साथ में समस्या की वर्तमान स्थिति के बारे में भी अपडेट करते रहें,



ताकि लोगों को किसी प्रकार कोई परेशानी न हो। समाधान शिविर में अब तक 186 शिकायतें रखी जा चुकी हैं। वे लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा समाधान शिविरों में आने वाली प्रत्येक शिकायत पर निगरानी रखने के लिए समाधान शिविर प्रकोष्ठ का गठन किया गया है, जिसकी निगरानी मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा नियमित रूप से की जा रही है। सभी अधिकारी समस्याओं के निदान के लिए तत्परता से कार्य करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर हिसार पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, हांसी पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद, डिप्टी डीएमसी वीरेंद्र सहारण, एसडीएम जयवीर यादव, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, सहायक सूचना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी ज्योति सहित संबंधित तमाम विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## माधान शिविर में उपायुक्त ने 77 समस्याओं का किया समाधान

एजेंसी

**सोनीपत।** जिला के लोगों की प्रमुख समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने समाधान शिविर लगाया। लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में 77 शिकायतें प्राप्त हुई संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठकर वे व्यक्तिगत रूप से शिकायतों का निपटारा किया।

परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) अतिरिक्त उपायुक्त को निर्देश दिया कि पीपीपी से संबंधित शिकायतों, प्रॉपर्टी आईडी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बीपीएल कार्ड संबंधित विभागों को शीघ्रता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम और जन स्वास्थ्य विभाग को मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से बचने के लिए तुरंत सफाई कार्य पूरा करने के निर्देश



दिए। डॉ. मनोज कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पारदर्शिता और ईमानदारी से पहुंचाया जाए। किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। समाधान शिविर में नगर निगम के आयुक्त विश्राम मीणा, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, डीसीपी नरेंद्र, एसडीएम सोनीपत अमित कुमार, नगराधीश पूजा कुमारी, डीआरओ हरिओम अत्री, और डीडीपीओ जितेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## हरियाणा में होंगी भर्तियां, मुख्य सचिव ने मांगी सभी विभागों से डिमांड

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने सभी विभागाध्यक्षों, बोर्डों और निगमों के प्रबंध निदेशकों, मुख्य प्रशासकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने विभागों या संगठनों में ग्रुप-सी और डी के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के समक्ष मांग प्रस्तुत करें।

मुख्य सचिव कार्यालय ने यहां एक पत्र जारी कर स्पष्ट किया गया है कि ग्रुप-सी के वे पद, जिनके लिए मांग पहले ही आयोग को भेजी जा चुकी है और वर्तमान में आयोग की जारी विज्ञापन संख्या 03/2023 (केवल ग्रुप-सी) दिनांक 7 मार्च, 2023 के तहत भर्ती की प्रक्रिया में हैं, उनके लिए मांग भेजने की आवश्यकता नहीं है। सभी विभागों,



बोर्डों और निगमों को ऐसे पदों, जो वर्तमान में भर्ती के अधीन हैं, को रिक्त नहीं मानना चाहिए और उन्हें अपलोड की जाने वाली नई मांग में शामिल नहीं किया जाना चाहिए। पत्र में कहा गया है कि प्रत्येक विभाग, बोर्ड या निगम के मुखिया अपनी मांग तैयार करके इसे हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के इसी उद्देश्य के लिए बनाए गए पोर्टल http://hsscor.hkcl.in:}®}®/HSSCList/using पर अपलोड किया जाएगा, जिसमें विभागों, बोर्डों और निगमों को पहले दिए गए लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग किया जाएगा।

## केंद्र में जिसकी सरकार हरियाणा में भी उसी दल की बनेगी सरकारः सांसद धर्मबीर सिंह

एजेंसी

**झज्जर।** भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि केंद्र में जिसकी सरकार होती है, हरियाणा में भी उसी की सरकार बनती है। पंजाब और कश्मीर में आतंकवादियों के सांसद चुने जाने पर उन्होंने चिंता जताई।

वे यहां बाबा हरिदास की छठ के अवसर पर एचएल सिटी स्थित चैंपियंस एक्रोटिक एकेडमी में भंडारा कार्यक्रम में पत्रकारों से बात कर रहे थे। सांसद धर्मबीर सिंह ने प्रसाद ग्रहण किया और लोगों से रूबरू हुए। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद धर्मबीर ने आगामी विधानसभा चुनाव पर हाल ही में आए लोकसभा चुनाव परिणाम के असर पर टिप्पणी भी की। उन्होंने



कहा कि केंद्र में जिसकी सरकार होती है, हरियाणा में भी उसी की सरकार बनती है। सांसद धर्मबीर ने दावा किया है कि अब देशभर में विकास की रफ्तार और भी तेज होने वाली है। लोकसभा सांसद ने कहा कि देश में भले ही गठबंधन की सरकार है, लेकिन इस सरकार में समान विचारधारा के दल साथ मिलकर आए हैं और यह सरकार पहले से भी ज्यादा विकास देश में करने जा रही है। हालांकि उन्होंने जम्मू कश्मीर और पंजाब के नतीजों पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अमृतपाल और इंजीनियर राशीद का चुनाव जीतना चिंता का विषय है। यह देश के लिए ठीक नहीं है।

सांसद धर्मबीर सिंह का कहना है कि भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र का विकास करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। वह कोशिश करेंगे कि भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में औद्योगीकरण शुरू हो, इसके लिए सड़क और रेल मार्ग की बेहतर कनेक्टिविटी की कोशिश की जाएगी। इसके साथ ही इस क्षेत्र की पानी की समस्या का समाधान के प्रयास भी किया जाएगा ताकि जनता का भला हो सके। भारतीय तैराकी संघ के उपप्रधान अनिल खत्री भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

## सीएम नायब सैनी 20 जून को हिसार में करेंगे एयरपोर्ट के सिविल कार्यों का उदघाटन

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि विगत दस वर्षों से राज्य सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप प्रदेश के लोगों का अपना एयरपोर्ट का सपना साकार होने जा रहा है। 20 जून को मुख्यमंत्री नायब सिंह महाराजा अग्रसेन हिसार एयरपोर्ट के फेज-2 के विभिन्न सिविल कार्यों का लोकार्पण करेंगे। कमल गुप्ता आज यहां हिसार एयरपोर्ट तथा सिविल एन्क्लेव अम्बाला की स्थापना को लेकर नागरिक उड्डयन विभाग, एयरफोर्स अंबाला तथा एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अम्बाला में स्थापित किए जा रहे सिविल एन्क्लेव के बारे वायुसेना अम्बाला के साथ हुए समझौते तथा एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों के साथ मिलकर कार्य को आगे बढ़ाएं। बैठक में जानकारी दी गई कि हिसार एयरपोर्ट से जुड़े जिन प्रोजेक्ट का कार्य पूरा हो चुका है, उनमें हरियाणा एयरपोर्ट डेवलपमेंट कारपोरेशन (एचएडीसी) चेयरमैन का कार्यालय एटीसी टावर की बिल्डिंग में बनकर तैयार हो गया है। उन्होंने बताया कि महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर रनवे, कैटआई, एटीसी, जीएससी एरिया, पीटीटी, लिंक टैक्सी, एप्रेन, फ्यूल रूम, बेसिक स्पिट पैरामीटर रोड और बरसाती ड्रोन बनाने का कार्य लगभग पूरा हो गया है। बैठक में नागरिक उड्डयन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, एडवाइजर शेखर विद्यार्थी, एयरफोर्स अम्बाला, नागरिक उड्डयन विभाग तथा एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों और अध्यापकों की समस्याओं का त्वरित निदान करें अधिकारीः सीमा त्रिखा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि अधिकारी विद्यार्थियों और अध्यापकों की समस्याओं का त्वरित निदान करें। इसके लिए प्रत्येक जिला का अलग से नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए।

शिक्षा मंत्री त्रिखा पंचकूला स्थित शिक्षा सदन में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। मंत्री सीमा त्रिखा ने आज की प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक को बुस्टर-मीटिंग की संज्ञा देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस बैठक के बाद विभागीय कार्यों में तेज़ी आएगी। उन्होंने कहा कि जहां अच्छा कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा, वहीं सुस्ती बरतने वालों की खिंचाई की जाएगी।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि वे जुलाई माह से खुद प्रत्येक दिन दो सरकारी स्कूलों का दौरा भी करेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि जिस स्कूल का भवन, कमरे आदि नए बनकर तैयार हो गए हैं, उनका जल्द ही उद्घाटन करने की योजना बनाई जाएगी और जरूरत के अनुसार नए भवनों का शिलान्यास करके कार्य को जल्द से जल्द अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। त्रिखा ने विभाग की ओर से प्रकाशित की जा रही शिक्षा-सारथी पत्रिका का प्रसार बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें विद्यार्थियों की उपलब्धि और केंद्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का समावेश होना चाहिए। उन्होंने पत्रिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ख्यातिप्राप्त कार्यक्रम मन की बात की भी प्रमुख बातों को उचित स्थान देने के निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा -सारथी पत्रिका को केवल स्कूल की लाइब्रेरी तक सीमित न रखा जाए बल्कि गांव के पंच से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री तक पहुंचनी सुनिश्चित की जानी चाहिए। प्रदेश की शिक्षा मंत्री त्रिखा



ने इस बात पर खुशी ज़ाहिर की कि राज्य में पहली बार नए शैक्षणिक सत्र में सरकारी स्कूलों में पाठ्यपुस्तकें समय पर पहुंच गई हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने वर्ष 2015 की तुलना में वर्ष 2024 में बोर्ड परीक्षाओं के आए परिणाम पर संतुष्टि जताते हुए कहा कि पास प्रतिशतता तीन गुणा तक बढ़ी है। उन्होंने विभाग द्वारा चलाई जा रही सुपर-100, बुनियाद, कला उत्सव जैसी अन्य विद्यार्थी केंद्रित कई योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## समाधान शिविर में आई 98 समस्याएं, 53 समस्याओं का हुआ निपटारा

एजेंसी

**फतेहाबाद।** प्रदेश सरकार के आदेशानुसार जनता की समस्याओं के निवारण के लिए जिला स्तर पर लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। तीसरे दिन करीब कुल 98 समस्याएं आई। परिवार पहचान पत्र से संबंधित 75 समस्याओं में से मौके पर 53 का निपटारा किया गया। शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन की 21, प्रोपर्टी आईडी से संबंधित दो समस्याएं सुनी गई। समाधान शिविर में पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी व अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने लोगों की समस्याएं सुनी। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि प्रदेश



सरकार ने नागरिकों की समस्याओं के निवारण के लिए मुख्य सचिव कार्यालय में समाधान प्रकोष्ठ का गठन किया है। इन शिविर में पुलिस, राजस्व, नगर निकाय, समाज कल्याण आदि जनकल्याण की योजनाएं लागू करने वाले विभागों के अधिकारी एक साथ मौजूद रहते हैं और लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाता है। शिविर में ज्यादातर समस्याएं परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दूर करने तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि से थी। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में कर्मचारियों की ड्यूटियां भी निर्धारित कर हुई है। आने वाली समस्याओं के निवारण के लिए कर्मचारी प्रार्थी की कुछ समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर रहे हैं। तकनीकी पहलुओं वाली समस्याओं को मुख्यालय में भी अनुशंसित की जा रही है। इसके अलावा उपमंडल स्तर पर संबंधित एसडीएम द्वारा भी समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। हर रोज कार्य दिवस के दौरान सुबह 9 बजे से 11 बजे तक लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## बाढ़ प्रबंधन कार्यों में तेजी लाने के निर्देशः उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार

एजेंसी

**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बरसात के मौसम में लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बाढ़ प्रबंधन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। संबंधित अधिकारियों को अगले 10 दिनों में जिले के सभी ड्रेनों की सफाई सुनिश्चित करें। बाढ़ प्रबंधन, क्षतिपूर्ति पोर्टल, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, और पीपीपी से संबंधित कार्यों की समीक्षा की।

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि बाढ़ प्रबंधन कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बाढ़ प्रबंधन में इस्तेमाल होने वाली मशीनरी के रेट निर्धारित करने के लिए एक कमेटी गठित करने, यमुना में ठोकरे बनाने के लिए उचित मात्रा में पत्थर की कमी पर तुरंत समाधान के निर्देश दिए। उपायुक्त ने उन गांवों में तत्काल उपाय करने के निर्देश दिए, जहां पिछले वर्ष पानी निकासी की समस्या आई थी। बिजली पंपों और डीजल पंपों की व्यवस्था सुनिश्चित करने और बिजली कनेक्शन संबंधी कार्यों को तेजी से पूरा करने पर जोर दिया।

जिला समाज कल्याण विभाग को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के आवेदकों की तुरंत वेरिफिकेशन




करवाएं ताकि पात्र लोगों को समय पर पेंशन मिल सके। जाति प्रमाण पत्रों की वेरिफिकेशन भी जल्द से जल्द पूरी करवाएं।

उपायुक्त ने बताया कि जिले के 338 गांवों के ततीमे काट दिए गए हैं और केवल एक ततीमा कुण्डली का बचा है, जिसे अगले तीन दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्याओं को भी तुरंत दूर करें ताकि लोग सरकारी योजनाओं का समय पर लाभ उठा सकें। नगरनिगम आयुक्त विश्राम मीणा, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, एसडीएम विवेक आर्य, एसडीएम गन्नौर निर्मल नागर, एसडीएम सोनीपत अमित कुमार, डीआरओ हरिओम अत्री और डीडीपीओ सहित सिंचाई विभाग और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# फतेहाबाद जिले के 114 गांवों में बाढ़ का खतरा, प्रशासन ने बनाए तीन कंट्रोल रूम

एजेंसी

**फतेहाबाद।** उपायुक्त राहुल नरवाल ने अधिकारियों की टीम के साथ बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा कर निरीक्षण किया। उपायुक्त ने अयाल्की, रतिया-बुढ़लाढा रोड पर बने पुल, घासवा हैड, चिम्मो साइफन, शक्करपूरा रंगोई नाला, चांदपुरा साइफन, चांदपुरा बांध, रंगोई नाला साइफन, जोया नाला और बलियाला हैड का निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ से बचाव को लेकर किए गए प्रबंधों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने 30 जून तक बाढ़ बचाव तथा जलभराव की निकासी से संबंधित कार्यों को पूरा करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त राहुल नरवाल ने कहा कि जिले में मानसून के दस्तक देने के साथ ही प्रशासन द्वारा बाढ़ राहत को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। जिले में बाढ़ का पानी किसी प्रकार का नुकसान ना पहुंचाए, इसके लिए प्रशासन ने संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाकर उन्हें अलर्ट कर दिया है, वहीं जिले में उपलब्ध संसाधनों को भी तैयारी पर रखा गया है। बाढ़ राहत के लिए लघु सचिवालय, रतिया तथा टोहाना में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं।

जिले की फतेहाबाद, रतिया, कुलां, जाखल व टोहाना तहसील के कुल 114 गांव ऐसे हैं, जहां बाढ़ आने का खतरा रहता है। उक्त सभी गावों में रिंग बांध मजबूत करने के निर्देश उपायुक्त ने सभी बीडीपीओ को दिये। इसके अलावा पिछले 3 सालों में बाढ़ राहत को सरकार व प्रशासन द्वारा काफी नए निर्माण भी किए गए हैं ताकि खतरे वाले इलाके के लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। उपायुक्त ने बताया कि बाढ़ रोकने के लिए जिला में पिछले साल काफी काम हुए है। गांव खाबडा कलां और भीमेवाला में पाइपलाइन ड्रेन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा रंगोई नालों की क्षमता भी बढ़ाई गई है। उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन के पास 13 डीजल चालित पम्पसेट, बिजली चालित 83 पंपसेट, 39 वर्टिकल टरबाइन सहित लगभग 26 किलोमीटर की पाइपलाइन उपलब्ध हैं। रंगोई नाला की सफाई चल रही हैं। जिला में 13 ड्रेन है जिनकी सफाई का काम शुरू करवाया जा चुका है और 30 जून तक सफाई कर ली जाएगी।

## सीबीडीटी अध्यक्ष ने बोर्ड सदस्यों के साथ वित्त मंत्री को दी बधाई

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने सीबीडीटी के सदस्यों के साथ केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी। आयकर विभाग ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि सीबीडीटी के अध्यक्ष नितिन गुप्ता और बोर्ड के सदस्यों ने केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी है। सीतामरण ने आज नॉर्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्री कार्यालय में केंद्रीय वित्त मंत्री और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री के तौर पर अपना कार्यभार संभाला है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, वित्त मंत्रालय में राजस्व विभाग का एक हिस्सा है। सीबीडीटी देश में प्रत्यक्ष करों की योजना बनाने के लिए आवश्यक जानकारी मुहैया कराता है। इसके साथ ही यह आयकर विभाग के माध्यम से प्रत्यक्ष कर कानूनों के प्रशासन के लिए जिम्मेदार है।

## तोशिबा जॉनसन एलिवेटर्स को ट्यूलिप ग्रुप से 60 एलिवेटर की आपूर्ति का ठेका

**मुंबई।** एलिवेटर और एस्केलेटर कंपनी तोशिबा जॉनसन एलिवेटर्स (इंडिया) ने कहा कि उसे ट्यूलिप ग्रुप से 60 हाई-स्पीड एलिवेटर की आपूर्ति के आर्डर मिले हैं। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि ट्यूलिप ग्रुप ये ईएलकोस्मो-आईआईआईएल एलिवेटर गुरुग्राम में अपनी प्लेटिनम कलेक्शन - ट्यूलिप मोनसेला प्रोजेक्ट के लिए ले रहा है। इस मिश्रित आवास विकास परियोजना में 36 से 40 मंजिलों वाले 145 मीटर की ऊँचाई के 10 आवासीय टावर, तथा एक विशेष वाणिज्यिक टावर बनाए जा रहे हैं इस परियोजना में एक प्रतिष्ठित ÷स्काई हब÷ भी स्थित है।

## जिंदल स्टेनलेस का ज़ंग वारियर अभियान

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील कंपनी जिंदल स्टेनलेस ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर ज़ंग वारियर नाम से एक नया ब्रांड अभियान शुरू किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह अभियान कंपनी की 'स्टेनलेस अकादमी' द्वारा कारीगरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और स्थायी सामाजिक विकास को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखता है। यह अभियान सामजिक कुरीतियों पर जागरूकता फैलाने को साथ साथ कौशल विकास के महत्व पर ज़ोर देता है, खासकर उन छोटे उद्योगों में जहां जिंदल स्टेनलेस कारीगरों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करता है।

## क्षेमा जनरल इंश्योरेंस का खरीफ फलस को लेकर नया अभियान

**नई दिल्ली।** क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने देश में अपनी पहुँच का विस्तार करने के लिए एक सार्थक अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य खरीफ सीज़न शुरु होने पर किसानों को फसल बीमा के बारे में जागरूक करना है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह संपूर्ण अभियान एक विज्ञापन पर आधारित है, जो मानसून के आगाज़ के साथ बुआई शुरू करते ही किसानों तक पहुँच जाएगा। अभियान किसानों को बताता है कि वित्तीय सुरक्षा के रूप में फसल बीमा का क्या महत्व है, खासकर तब, जब जलवायु घटनाएँ चरम पर हैं और लगातार तीव्र होती जा रही हैं।

## युवाओं के बीच सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड है रियलमीः काउंटरपॉइंट

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन एवं एसेसरीज बनाने वाली कंपनी रियलमी भारतीय युवाओं के बीच सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड बनकर उभरा है।काउंटरपॉइंट रिसर्च द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रियलमी ने इस रिपोर्ट का उल्लेख करते हुये कहा कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि और मील का पत्थर भारत की युवा आबादी के लिए रियलमी के निरंतर फोकस और समर्पण को रेखांकित करता है। यह युवा भारत की तकनीकी आकांक्षाओं को समझने और उन गतिशील जरूरतों को पूरा करने की अपनी निरंतर क्षमता के संबंध में रियलमी के अथक फोकस को भी दर्शाता है।विस्तृत समाचार के लिए हमारी

## स्पाइसजेट ने हैदराबाद से अयोध्या के लिए सीधी उड़ान सेवा बंद की

**नई दिल्ली।** सस्ती विमान सेवा प्रदाता कंपनी स्पाइसजेट ने हैदराबाद से अयोध्या के लिए अपनी सीधी उड़ान सेवा शुरू होने के दो महीने के भीतर बंद कर दी है। अजय सिंह के स्वामित्व वाले गुरुग्राम स्थित एयरलाइन ने इस साल अप्रैल की शुरुआत से हैदराबाद-अयोध्या मार्ग पर सप्ताह में तीन बार नॉन-स्टॉप उड़ान सेवा शुरू की थी। जीएमआर समूह द्वारा संचालित हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एक सूत्र ने कहा, 'स्पाइसजेट ने 1 जून से हैदराबाद से अयोध्या के लिए अपनी नॉन-स्टॉप उड़ान सेवा बंद कर दी है।'एयरलाइन तेलंगाना की राजधानी से अयोध्या के लिए सप्ताह में तीन दिन इन सेवाओं का संचालन करती है। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने कहा, उड़ानों की समयसारिणी पूरी तरह से वाणिज्यिक जरूरतों और मांग से प्रेरित है।

# इंटअमेरिकी अर्थशास्त्री की बड़ी चेतावनी, फूट सकता है शेयर बाजार का बुलबुला

### 92 प्रतिशत तक टूट सकता है नैस्डेक, एसएंडपी में 86 प्रतिशत गिरावट की आशंका

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** अमेरिकी अर्थशास्त्री हैरी डेंट ने शेयर बाजार की स्थिति को लेकर बड़ी चेतावनी दी है। हैरी डेंट का कहना है कि शेयर बाजार आने वाले दिनों में भारी गिरावट का शिकार हो सकता है। उनके मुताबिक ये गिरावट 2008 की मंदी में आई गिरावट से भी अधिक भयानक हो सकती है। हालांकि ये चेतावनी अमेरिकी शेयर बाजार को लेकर दी गई है लेकिन अगर अमेरिकी बाजार में बड़ी गिरावट आती है तो भारतीय शेयर बाजार भी इससे काफी हद तक प्रभावित हो सकता है। अपनी एक रिपोर्ट में हैरी डेंट ने कहा है कि वैश्विक स्तर पर शेयर बाजार काफी ऊंचाई पर पहुंच गया है। ऐसी स्थिति में जल्दी ही शेयर बाजार के बुलबुले के फूटने की आशंका बन गई है। उनके अनुसार किसी भी बाजार में तेजी का बुलबुला आमतौर पर 5 से 6 साल तक बना रहता है। उसके



बाद बाजार कंसोलिडेटेड करके वापस अपने सही स्थान पर पहुंच जाता है। लेकिन शेयर बाजार में पिछले 14 साल से तेजी का बुलबुला लगातार बना हुआ है, जिसके कारण जब भी मार्केट में कंसोलिडेशन शुरू होगा, तो इससे दुनिया भर के निवेशकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा।

हैरी डेंट का दावा है कि शेयर बाजार में लगातार 14 साल से तेजी कायम रहने की सबसे बड़ी वजह अमेरिकी सरकार द्वारा कृत्रिम तरीके से आर्टिफिशियल इकोनॉमी को मजबूत करने के लिए की गई कोशिश नजर आ रही है।

ऐसी स्थिति में आर्टिफिशियल इकोनॉमी के बुलबुले का फटना लगभग तय है। अपनी रिपोर्ट में हैरी डेंट ने कहा है कि शेयर बाजार का बुलबुला फूटने पर 2007-08 के दौर से भी ज्यादा तेज गिरावट आ सकती है। उनके मुताबिक एसएंडपी 500 इंडेक्स अपने टॉप लेवल से 86 प्रतिशत तक गिर सकता है। नैस्डेक में 92 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। हैरी डेंट का कहना है कि अगले साल की शुरुआत में उस वक्त शेयर बाजार में इस गिरावट की शुरुआत हो सकती है, जब महंगाई को पूरी तरह से काबू में लाने के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व अपनी मॉनेटरी पॉलिसी को सख्त करेगा। शेयर बाजार की इस गिरावट में हाउसिंग सेक्टर की सबसे बड़ी भूमिका होने की आशंका भी हैरी डेंट ने जताई है।

दरअसल, दुनिया भर के ज्यादातर शेयर बाजार अमेरिकी शेयर बाजार के ट्रेंड को फॉलो करते हैं। ऐसी स्थिति में अगर अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट आती है तो भारतीय शेयर बाजार भी काफी हद तक इससे प्रभावित हो सकता है। हालांकि अभी तत्काल भारतीय बाजार में किसी बड़ी गिरावट की आशंका नजर नहीं आ रही है।

## सरकार के उपायों से खिलौना निर्यात और निर्माण बढ़ा : डीपीआईआईटी सचिव



**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** सरकार के अनिवार्य गुणवत्ता नियंत्रण आदेश एवं सीमा शुल्क में वृद्धि जैसे उपायों से खिलौना निर्यात और निर्माण को बढ़ावा देने में मदद मिली है, लेकिन इस क्षेत्र के लिए अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने नई दिल्ली में फ्लिपकार्ट और भारतीय खिलौना उद्योग के साथ आयोजित कार्यशाला के दौरान यह बात कही। सिंह ने कहा कि वह इस क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत राजकोषीय प्रोत्साहन बढ़ाने के प्रस्ताव पर तत्परता से काम कर रहे हैं।

डीपीआईआईटी ने बढ़ते भारतीय खिलौना क्षेत्र को प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से फ्लिपकार्ट और भारतीय खिलौना उद्योग के साथ कार्यशाला का आयोजन किया। विचार-विमर्श में इस बात पर विशेष ध्यान दिया गया कि भारतीय खिलौना उद्योग के विकास को बढ़ावा देने के लिए ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस से उभरते अवसरों का लाभ कैसे उठाया जा सकता है।

# देश का औद्योगिक उत्पादन अप्रैल में पांच फीसदी बढ़ा

**एजेंसी**
**नईअदिल्ली ।** देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईअईपी) अप्रैल महीने में सालाना आधार पर पांच फीसदी बढ़ा है। इससे पिछले साल की समान अवधि में यह 4.6 फीसदी की दर से बढ़ा था। औद्योगिक उत्पादन खनन और बिजली क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन की वजह से बढ़ा है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जारी आंकड़ों में बताया कि देश का औद्योगिक उत्पादन खनन और बिजली क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन की वजह से बढ़ा है, जो एक साल पहले की समान अवधि में 4.6 फीसदी बढ़ा था। आंकड़ों के मुताबिक विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन अप्रैल, 2024 में 3.9 फीसदी बढ़ा है, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 5.5 फीसदी बढ़ा था। इस वित्त वर्ष 2024-25 के अप्रैल में खनन उत्पादन 6.7



फीसदी और बिजली उत्पादन 10.2 फीसदी बढ़ा। इन दोनों क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन ने कुल औद्योगिक उत्पादन को बढ़ाने में मदद की है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक का पिछला उच्चतम स्तर अक्टूबर 2023 में 11.9 फीसदी दर्ज किया गया था, यह नवंबर में घटकर 2.5 फीसदी, दिसंबर में 4.2 फीसदी और जनवरी 2024 में 4.1 फीसदी दर्ज किया गया था, जो अब बढ़कर पांच फीसदी हो गया है। देश में औद्योगिक उत्पादन की गतिविधियों को आईआईपी के जरिए आंका जाता है।

# अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेजी से सोना हुआ महंगा, चांदी की भी बढ़ी चमक

**एजेंसी**
**नईअदिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई तेजी के कारण राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोना दिन के कारोबार में 200 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गया। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज उछाल दर्ज की गई है। इस उछाल के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

आज सुबह दिल्ली में 24 कैरेट सोना 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर खुला था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई तेजी के कारण शाम 6 बजे तक इसकी कीमत बढ़ कर 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। इसके पहले मंगलवार को दिल्ली में 24 कैरेट सोना 71,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर खुलने के बाद 71,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। सर्राफा बाजार के जानकारों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय



बाजार में आई तेजी के कारण घरेलू सर्राफा बाजार पर भी इसका पर असर पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में 24 कैरेट सोना आज 12 डॉलर की मजबूती के साथ 2,315 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर पहुंच गया है। सोने की तरह ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की कीमत में भी तेजी आई है। आज चांदी की कीमत में प्रति औंस 0.15 डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़ोतरी के कारण चांदी की कीमत 29.20 डॉलर प्रति औंस से बढ़ कर 29.35 डॉलर प्रति औंस के स्तर तक पहुंच गई है।

# मई में खुदरा महंगाई दर 12 महीने के निचले स्तर पर

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** महंगाई के मोंचे पर आम आदमी को राहत देने वाली खबर है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित देश की खुदरा महंगाई दर मई में सालाना आधार पर घटकर 12 महीने के निचले स्तर 4.75 फीसदी पर आ गई है। इससे पिछले महीने अप्रैल में खुदरा महंगाई दर 4.83 फीसदी थी, जबकि जुलाई 2023 में 4.44 फीसदी रही थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली गिरावट से मई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई घटकर 12 महीने के निचले स्तर 4.75 फीसदी



पर पहुंच गई है। खुदरा महंगाई अप्रैल 2024 में 4.83 फीसदी और मई 2023 में 4.31 फीसदी थी। मई में खाद्य वस्तुओं की महंगाई 8.69 फीसदी रही, जो अप्रैल में 8.70 फीसदी थी। इस तरह कुल महंगाई में फरवरी 2024 से लगातार कमी आई है। यह फरवरी में 5.1 फीसदी थी और अप्रैल 2024 में घटकर 4.83 फीसदी पर आ गई थी, जो मई में 4.75 फीसदी पर आ गई है। उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सीपीआई आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 4.5 फीसदी पर रहने का अनुमान जताया था।

इसमें पहली तिमाही में इसके 4.9 फीसदी, दूसरी तिमाही में 3.8 फीसदी, तीसरी तिमाही में 4.6 फीसदी और चौथी तिमाही में 4.5 फीसदी रहने का अनुमान है। सरकार ने रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी है कि खुदरा महंगाई दर दो फीसदी घट-बढ़ के साथ चार फीसदी पर बनी रहे।

## एप्पल ने माइक्रोसॉफ्ट से छीना दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी का तमगा, 2फीसदी से अधिक बढ़े शेयर

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** एपल ने माइक्रोसॉफ्ट को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी का स्थान फिर से हासिल कर लिया। एपल के शेयर दो फीसदी से अधिक बढ़कर 211.75 डॉलर हो गए। जिससे इसका बाजार मूल्यांकन 3.25 ट्रिलियन डॉलर हो गया। इसकी तुलना में माइक्रोसॉफ्ट का बाजार पूंजीकरण 3.24 ट्रिलियन डॉलर तक गिर गया, जिससे यह पांच महीने में पहली बार एपल से पीछे हो गई। एपल के स्टॉक में उछाल तब आया है, जब नैस्डैक ने



मुद्रास्फीति कम होने के ताजा संकेतों के कारण रिकॉर्ड ऊंचाई को छू लिया। अपने उपकरणों के लिए एआई-इनेबल्ड सुविधाओं की एख सीरीज का अनावरण करने के एक दिन बाद एपल के शेयरों में पिछले सत्र में सात फीसदी की वृद्धि हुई थी। कई विश्लेषकों का मानना है कि इससे आईफोन की बिक्री को बढ़ावा मिलेगा।

## दूरसंचार उद्योग के मुद्दों पर नई सरकार के लिए सीओएआई की सिफारिशें

**एजेंसी**
**नईअदिल्ली ।** दूरसंचार, इंटरनेट, टेक्नोलॉजी और डिजिटल सेवा क्षेत्र की कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले शीर्ष उद्योग संगठन सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नई सरकार के साथ भारत एक और महत्वपूर्ण युग में प्रवेश कर रहा है, हम अगले पाँच वर्षों में दूरसंचार उद्योग के लिए नए विकास और नीतिगत विचारों को लेकर उत्साहित हैं। सीओएआई के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. एस.पी. कोचर ने यहां जारी बयान में नयी सरकार के लिए अपनी सिफारिशें रखते हुये कहा पिछले दशक में, हमने देखा कि कैसे भारत 2027 तक एक संपन्न डिजिटल अर्थव्यवस्था बनने के लिए कदम बढ़ा रहा है। चल रही और आने वाली 5जी प्रगति के साथ-साथ आशाजनक 6जी नवाचारों के साथ, भारत में दूरसंचार उद्योग इस परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। जैसे-जैसे भारत के लिए नया अध्याय सामने आ रहा है, यहाँ उन सर्वोच्च प्राथमिकताओं की एक झलक दी गई है, जिन्हें हम चाहते हैं कि सरकार उद्योग को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए संबोधित करे।

उन्होंने कहा कि भारत में 5जी नेटवर्क, विशेष रूप से मोबिलिटी सेवाओं (आईएमटी) का विस्तार करने के लिए 6 गिगाहर्ट्ज मिड-बैंड स्पेक्ट्रम की उपलब्धता महत्वपूर्ण है। दुर्भाग्य से पिछली स्पेक्ट्रम नीलामी में हमें केवल 800 मेगाहर्ट्ज ही मिल पाए थे, इसलिए आवश्यकता को पूरा करने के लिए हमें 6 गीगाहर्ट्ज रेंज से 1200 मेगाहर्ट्ज प्राप्त करने की



आवश्यकता है। जीएसएमए की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत 6 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम के उपयोग के माध्यम से 5जी नेटवर्क परिनियोजन में सालाना 10 अरब डॉलर तक की बचत कर सकता है। पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने भारत 6जी एलायंस और भारत 6जी विजन जैसी पहलों के माध्यम से 6जी नवाचारों में बड़ी छलांग लगाई है, जो भारत को 6जी नवाचारों और परियोजन में अग्रणी बनाने की परिकल्पना करते हैं। इस मिशन को प्राप्त करने के लिए, उद्योग को बड़े पैमाने पर स्पेक्ट्रम संसाधनों की आवश्यकता है जो 6जी द्वारा आवश्यक उच्च क्षमता प्रदान कर सकें। उन्होंने इसके मद्देनजर सरकार से 6जी के लिए 6 गीगाहर्ट्ज संसाधनों की रणनीतिक योजना बनाने का आग्रह करते हुये कहा कि जून के अंत तक 5जी के लिए प्रत्याशित स्पेक्ट्रम नीलामी के साथ, हम सरकार से स्पेक्ट्रम मूल्य निर्धारण और संबंधित राजस्व चिंताओं के बारे में उद्योग के लंबे समय से चल रहे मुद्दों को संबोधित करने का अनुरोध करते हैं। 4जी/5जी रोलआउट के लिए भारी निवेश करने के बावजूद, भारत में टेलीकॉम सेवा प्रदाता अभी भी दुनिया में सबसे कम कीमत पर अपनी सेवायें दे रहे हैं। उन्होंने भारत में टीएसपी नियामक प्राधिकरणों से एक फेयर शेयर डेटा नेटवर्क उपयोग नीति लागू करने का अनुरोध किया है जिसमें बड़े ट्रैफ़िक जेनरेटर (एलटीजी) अपने राजस्व का एक हिस्सा टीएसपी को देते हैं जो उनकी डेटा आवश्यकताओं के लिए संपूर्ण बुनियादी ढांचा प्रदान करते हैं। दूरसंचार नेटवर्क पर डेटा में तेजी से वृद्धि ने दूरसंचार नेटवर्क पर जबरदस्त दबाव डाला है, जिससे गंभीर क्यूओएस मुद्दे सामने आए हैं, जिससे टीएसपी के ग्राहक अनुभव पर भारी असर पड़ा है।

# उतार चढ़ाव के बीच मजबूती के साथ बंद हुआ बाजार, निफ्टी ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। खरीदारी के सपोर्ट से बाजार में और तेजी आई।

निफ्टी आज ऑल टाइम हाई ओपनिंग और क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाने के साथ ही ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंचने में भी सफल रहा। दिन के दूसरे सत्र में मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से शेयर बाजार अपनी बढ़त को बरकरार नहीं रख सका। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.20 प्रतिशत और निफ्टी 0.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान कैपिटल गुड्स, यूटिलिटी, पावर, ऑयल एंड गैस और मेटल सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। रियल्टी और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.07 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.06 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 429.26 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 426.94 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.32 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,991 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,550 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,337 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 104 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,325 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,563 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 762 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर बढ़त के साथ और 11 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 34 शेयर हरे निशान में और 16 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 222.52 अंक उछल कर 76,679.11 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही तेजड़ियों ने बाजार में अपना जोर बना दिया, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से 11 बजे के थोड़ी देर पहले ही ये सूचकांक 593.94 अंक की तेजी के साथ 77,050.53 अंक के स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स इस सप्ताह दूसरी बार 77 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा है। हालांकि इस ऊंचाई पर पहुंचने के बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक में भी गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 149.98 अंक की बढ़त के साथ 76,606.57 अंक के स्तर पर बंद हुआ।सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 79.60 अंक की तेजी के साथ 23,344.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की।

# कच्चे तेल की मांग में सबसे आगे रहेगा भारत, अप्रैल-मई में 16,600 करोड़ के आईफोन का निर्यात

**एजेंसी**
**मुंबई ।** भारत कच्चे तेल की मांग के मामले में दुनिया में सबसे आगे निकल जाएगा। 2023 से 2030 के बीच दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक देश में क्रूड की खपत में 13 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) की भारी वृद्धि की संभावना है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने बुधवार को 'ऑयल 2024 रिपोर्ट' में कहा, 2023 से 2030 के बीच भारत की तेल मांग चीन के अलावा किसी भी अन्य देश की तुलना में सबसे अधिक बढ़ेगी। इस अवधि में भारत में कच्चे तेल की मांग 2030 तक 13 लाख बीपीडी या 3.2 फीसदी बढ़कर 67 लाख बीपीडी पहुंच जाएगी। 2023 में मांग 54 लाख बीपीडी रही है। भारत में मांग बढ़ने की प्रमुख वजह तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

एपल ने चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों यानी अप्रैल-मई में भारत से 16,600 करोड़ रुपये के आईफोन का निर्यात किया है। यह देश के कुल आईफोन उत्पादन का 81 फीसदी है। कंपनी ने दोनों महीनों में एक-एक अरब डॉलर से ज्यादा का निर्यात किया है। पिछले वित्त वर्ष में एपल ने 10 अरब डॉलर मूल्य के आईफोन का निर्यात किया था।

एपल के तीन प्रमुख विक्रेताओं फॉक्सकॉन, पेगाट्रॉन और विस्ट्रॉन का उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत उत्पादन मूल्य निर्यात सहित 10.2 अरब डॉलर तक पहुंचने का लक्ष्य है। हालांकि, इसका 25 फीसदी हिस्सा दो माह में ही हासिल कर लिया है। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की देश के कुल मोबाइल फोन निर्यात में 65 फीसदी हिस्सेदारी थी।

## कच्चा तेल 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य उछलकर 83 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.37 डॉलर यानी 0.45 फीसदी उछलकर 82.29 डॉलर प्रति बैरल और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.45 डॉलर यानी 0.58 फीसदी की बढ़त के साथ 78.35 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

# सेहत दुरुस्त कर देंगी लहसुन की दो कलियां, जानें रोजाना खाली पेट इन्हें खाने के शानदार 5 फायदे



**हमारी रसोई में मौजूद कई सारे मसाले न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाते हैं बल्कि सेहत को भी फायदा पहुंचाते हैं। लहसुन इन्हीं में से एक है जो खाने का स्वाद दोगुना करने के साथ ही सेहत को कई लाभ पहुंचाता है। रोज सुबह खाली पेट लहसुन की दो कली खाने से दिल से लेकर पाचन स्वास्थ्य तक बेहतर होता है। आइए जानते हैं लहसुन के कुछ फायदे**

लहसुन (Garlic) भारतीय व्यंजनों में इस्तेमाल होने वाला एक लोकप्रिय मसाला है। अपने हल्के तीखे स्वाद और सुगंध की वजह से यह कई व्यंजनों में इस्तेमाल किया जाता है। आमतौर पर लोग खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, स्वाद बढ़ाने के साथ ही यह सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद (Garlic Benefits) होता है। इसको अपनी डाइट में शामिल करने से ब्लड प्रेशर कम करने, कोलेस्ट्रॉल कल करने और हार्ट हेल्थ में सुधार करने में मदद मिलती है।

लोग आमतौर पर सब्जियों या चटनी में इसका इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन सुबह खाली पेट इसे खाने से सेहत को ढेर सारे फायदे होते हैं। अगर आप अभी तक लहसुन से होने वाले फायदों से अनजान हैं, तो आज इस आर्टिकल में जानेंगे रोजाना सुबह खाली पेट लहसुन की दो कली खाने के फायदे-

**दिल की सेहत में सुधार**

लहसुन ब्लड प्रेशर को कम करके, कोलेस्ट्रॉल स्तर को कम करने और आर्टरीज को सख्त होने से रोककर दिल की सेहत में सुधार करने के लिए जाना जाता है। यही वजह है कि इसके सेवन से हार्ट डिजीज और स्ट्रोक का जोखिम कम हो सकता है।

**पाचन स्वास्थ्य बेहतर**

खाली पेट लहसुन खाने से पाचन उत्तेजित हो सकती है, जिससे आंत के स्वास्थ्य यानी गट हेल्थ में सुधार हो सकता है। यह पाचन एंजाइम्स के प्रोडक्शन को बढ़ावा देता है और इसमें एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं, जो गट हेल्थ संतुलित करने में मदद कर सकते हैं।

**इम्युनिटी बढ़ाए**

कच्चा लहसुन एंटीऑक्सीडेंट और सल्फर युक्त कंपाउंड से भरपूर होता है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद करता है। नियमित रूप से इसे खाने से संक्रमण और बीमारियों से बचाव में मदद मिल सकती है।

**शरीर को डिटॉक्सीफाई करे**

लहसुन में मौजूद सल्फर कंपाउंड शरीर से हेवी मेटल्स को डिटॉक्सीफाई करने में मदद करते हैं। यह लिवर के कामकाज में मदद करता है और शरीर से विषाक्त पदार्थों को साफ करने में मदद करता है, जिससे हमारे पूरे स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है।

ओरल हेल्थ बेहतर करे

लहसुन में शक्तिशाली माईक्रोबियल और एंटीवायरल गुण होते हैं। ऐसे में कच्चा लहसुन चबाने से बैक्टीरिया, वायरस और फंगस सहित पैथोजन्स से लड़ने में मदद मिल सकती है, जिससे संक्रमण का खतरा कम होता है और ओरल हेल्थ भी बेहतर होती है।

**गठिया के दर्द में असरदार**

लहसुन में डायलिल डाइसल्फाइड जैसे एंटी-इंफ्लेमेटरी कंपाउंड होते हैं, जो शरीर में सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं, जिससे संभवतः गठिया जैसी स्थितियों के लक्षणों को कम कर सकते हैं।

# अविश्वास के साथ गठबन्धन धर्म को कैसे निभाएंगे मोदी



गठबन्धन धर्म को निभाने के लिये जिस उदारता एवं लचीलेपन की जरूरत है, वह न तो मोदी में है और न ही भाजपा में। यदि मोदी लचीलापन दिखाते हैं तो उनके समर्थन इस रूप को स्वीकार नहीं करेंगे क्योंकि उनके दिल में मोदी की छवि व स्वीकार्यता उनकी कठोरता के कारण ही है। इसी प्रकार भाजपा के उदार होने पर उसे अनेक उन विषयों को छोड़ना पड़ेगा जो उसकी विचारधारा की पहचान रही है।

18वीं लोकसभा के लिये हुए चुनावों में जीत दर्ज कर नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री तो बन गये हैं लेकिन वे पहली दो बार की तरह वैसा बड़ा जनादेश लेकर नहीं लौटे हैं। उनकी भारतीय जनता पार्टी के 2014 में 282 और 2019 में 303 सदस्य जीते थे। वैसे तो उन्हें बहुमत के बाद सहयोगी दलों यानी नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीए) के समर्थन की ज़रूरत ही नहीं थी परन्तु उन्होंने दोनों बार कुछ सदस्यों को मंत्री पद दिये थे। इस बार मजबूरी है। खुद की केवल 240 सीटें आने के बाद वे फिर से जो पीएम की गद्दी पर बैठे हैं तो वह आंध्रप्रदेश के चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के 16 और बिहार के नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) की टिकट पर जीते 12 सांसदों की बदौलत। बाकी सहयोगी पार्टियां इतनी कम सीटें लेकर आई हैं कि टीडीपी व जेडीयू के बिना उनका काम चल ही नहीं सकता। चूंकि दोनों दलों के साथ भाजपा के सम्बन्धों का अच्छा और बुरा दोनों ही दौर रहा है, सो लोग आश्चर्य कर रहे हैं कि ये साथ-साथ कैसे काम कर सकेंगे? ऐसे कयास भी लगाये जा रहे हैं कि आखिरकार यह सरकार कब तक चलेगी?

सभी जानते हैं कि आज की भाजपा अटल बिहारी वाजपेयी के वक्त का दल नहीं है जो कई-कई पार्टियों के साथ गठबन्धन कर सरकार चला चुकी है। गठबन्धन धर्म के मूल में परस्पर सम्मान व विश्वास होता है जो मोदी और उनके प्रमुख सिपहसालार यानी गृह मंत्री अमित शाह में नहीं है। जिनके साथ भाजपा हाथ मिलाती है, उसे अपने हाथों की उंगलियों को गिनना पड़ता है कि पूरी हैं या नहीं। महाराष्ट्र में शिवसेना, पंजाब में अकाली दल, रामविलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी आदि उदाहरण हैं। अब मोदी-शाह का पाला बहुत सावधान दलों से पड़ा है- टीडीपी व जेडीयू। दोनों ही अपने अस्तित्व को लेकर सदैव सावधान एवं विस्तार के प्रति हमेशा उत्सुक रहती हैं।

दोनों अच्छे मोल-भाव करने वाले हैं। जैसा सुलूक दूसरे दलों के साथ मोदी ने किया, वैसा इनके साथ करना मुश्किल होगा। दोनों में से किसी को भी महसूस हुआ कि भाजपा उसकी जमीन हड़पने की कोशिश कर रही है तो उन्हें एनडीए को जय श्रीराम कहने में देर नहीं लगेगी। वैसे यह भी माना जा रहा है और जैसा सभी एक स्वर में कह रहे हैं कि जोड़-तोड़ कर सरकार बनाना तो एक बात है, उसे चलाना दूसरी बात। इसमें मुख्य रूप से आड़े आएगी मोदी की प्रवृत्ति। तीन बार गुजरात के मुख्यमंत्री रहे हों या दस साल से पीएम- मोदी किसी के साथ विचार-विमर्श की परम्परा का हिस्सा नहीं बने। विपक्षी दलों की बात तो दूर है, अपने ही दल या यहां तक कि मंत्रिमंडल के साथ चर्चा कर उन्होंने कोई काम नहीं किया। ऐसे में सवाल यह उठाया जा रहा है कि इस बार क्या वे अपनी आदत बदलेंगे? फिर, उनकी अपनी पार्टी के मंत्री-सांसद तो यह तरीका स्वीकार कर चुके हैं और जो सहयोगी दल मोदी पर आश्रित हैं या जिनके कारण उनकी सरकार का कुछ बनता-बिगड़ता नहीं है, वे भी एनडीए को समर्थन देते रहेंगे। टीडीपी एवं जेडीयू सम्भवतःमोदी के इस रवैये को न तो पसंद करेंगे और न ही स्वीकार। उन्हें महत्वपूर्ण निर्णयों में शामिल न करने से ये दल सोच सकते हैं कि मोदी ने उन्हें एनडीए में शामिल तो कर लिया है लेकिन उन पर विश्वास नहीं किया जा रहा है।

जहां तक मंत्रिमंडल के विकास सम्बन्धी जो कार्यकलाप होंगे उन पर तो सामान्य चर्चाओं में सभी घटक दल शामिल किये जा सकते हैं परन्तु ऐसे कुछ विषय जिन पर वैचारिक विभिन्नता है, उन पर अगर मोदी सरकार ने एकतरफा निर्णय लिये तो एनडीए में खटास पैदा हो सकती है। यहां फिर से मुख्य सन्दर्भ टीडीपी व जेडीयू का है। अल्पसंख्यकों एवं ओबीसी ही नहीं, भाजपा के एजेंडे से सम्बन्धित कोई भी निर्णय अब सम्भवतः एकतरफा नहीं लिया जा सकेगा।अहम विभाग खुद के पास और गैर महत्वपूर्ण विभागों को सहयोगी दलों को देकर भाजपा ने जतला दिया है कि वह अपनी पिछली सरकार के छोड़े गये कार्यों को ही आगे बढ़ायेगी, परन्तु उससे यह भी साफ हो जाता है कि भाजपा का अन्य किसी पर भरोसा नहीं है। इस बात का बड़ा शोर है कि जिस प्रकार से अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए (1999-2004) सरकार में टीडीपी ने अपने सदस्य जीएमसी बालयोगी को लोकसभा अध्यक्ष बनवाया था, वैसा ही वह इस बार भी मांग करने जा रही है। दलबदल की स्थिति में अध्यक्ष की भूमिका एवं उसके फैसले बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। इसलिये इस पद के लिये खींचतान व मनमुटाव दोनों हो सकता है। दूसरी तरफ, अमित शाह को फिर से गृह मंत्री बनाना यह बतलाता है कि %ऑपरेशन लोटस' जारी रहेगा। चूंकि भाजपा के लिये ज़रूरी है कि वह टीडीपी-जेडीयू के दबाव से मुक्त होने के लिये किसी भी तरह से अपने सदस्यों की संख्या को बहुमत के 272 के आंकड़े को छुए- वह पहले तो विपक्षी दलों के सदस्यों पर दबाव डालकर उन्हें अपने खेमे में लाने की कोशिश करेगी। इस प्रक्रिया में अगर उसने अपने किसी सहयोगी दलों को हाथ लगाया तो सम्बन्ध बिगड़ सकते हैं।दृष्टिकोण एवं विमर्शों का टकराव एनडीए की प्रमुख पार्टी भाजपा एवं अन्य दलों के साथ लाजिमी है। खासकर टीडीपी व जेडीयू के साथ खटपट कई विषयों पर हो सकती है लेकिन अब की छोटे दलों का भी रवैया बदला हुआ सा हो सकता है। बहुमत के लिये जितनी बड़ी संख्या में (32) भाजपा को सदस्य जुटाने आवश्यक हैं, उन्हें यह साफ दिख रहा है कि वह काफी कठिन है। वे यह भी जानते हैं कि सरकार बचाने के लिये एक-एक सदस्य का महत्व है।

कई दल तो ऐसे हैं जो कम होने पर भी उनका दूसरे परिप्रेक्ष्य में महत्व है। मसलन हिन्दुस्तान अवाम मोर्चा के जीतन राम मांझी। अकेले जीतकर आने के बाद भी उन्हें इसलिये कैबिनेट पद दिया गया है क्योंकि एक बड़ा समुदाय उनके साथ जुड़ा हुआ है। जीतन राम के जरिये भाजपा को उस वर्ग का समर्थन सभी जगह मिल सकता है।

बार-बार कहा जा रहा है कि गठबन्धन धर्म को निभाने के लिये जिस उदारता एवं लचीलेपन की जरूरत है, वह न तो मोदी में है और न ही भाजपा में। यदि मोदी लचीलापन दिखाते हैं तो उनके समर्थन इस रूप को स्वीकार नहीं करेंगे क्योंकि उनके दिल में मोदी की छवि व स्वीकार्यता उनकी कठोरता के कारण ही है। इसी प्रकार भाजपा के उदार होने पर उसे अनेक उन विषयों को छोड़ना पड़ेगा जो उसकी विचारधारा की पहचान रही है।

'मुस्लिमों के लिये जिस तरह के कार्यक्रमों का टीडीपी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में वादा किया है, उन्हें तो वह लागू करेगी ही क्योंकि लोकसभा चुनाव के साथ हुए विधानसभा चुनाव में टीडीपी को बहुत बड़ा जनादेश मिला है। यहां भाजपा ने उसके साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। हालांकि सरकार तो टीडीपी अकेली बना सकती है परन्तु भाजपा व एक अन्य सहयोगी दल जन सेना पार्टी भी प्रदेश सरकार में शामिल रहेगी। क्या ये फैसले भाजपा के समर्थकों को स्वीकार्य होंगे? ऐसे ही, जेडीयू जातिगत जनगणना की मांग करती आई है। उस मांग को वह भाजपा के दबाव में भी नहीं छोड़ेगी क्योंकि ऐसा करने पर उसे अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में नुकसान होगा।

## संपादकीय

### अमन और सद्भाव सबसे बड़ी जरूरत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत हो चुकी है। शपथग्रहण के बाद अब मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा भी हो गया है, जिसमें कोई बड़ा फेरबदल नहीं हुआ है। गृह, रक्षा, विदेश, वित्त और रेल मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण विभाग अब भी उन्हीं मंत्रियों के पास हैं, जिनके पास पिछली बार थे। जबकि इस बार सरकार का गठन जिस तरह जदयू और तेदेपा के साथ मिलकर हुआ है, उसमें कयास लगाए जा रहे थे कि ये दल अपने लिए महत्वपूर्ण विभाग मांग सकते हैं। अब संभवतः लोकसभा अध्यक्ष को लेकर कोई बड़ा फैसला देखने मिले। लेकिन पुराने मंत्रियों को नयी सरकार में वही विभाग देकर नरेन्द्र मोदी ने यह संदेश देने की कोशिश शायद की है कि उनकी कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आने वाला है। जिस तरह पिछली दो सरकारें उन्होंने चलाईं, इस बार भी वैसे ही चलाएंगे। अपने इस मंसूबे में वे कितने कामयाब होते हैं और क्या उनके गठबंधन के बाकी साथी उनकी कार्यशैली को सहजता से स्वीकार करते हैं, यह आने वाले वक्त में पता चलेगा। लेकिन देश के जो मौजूदा हालात हैं, उन्हें देखकर प्रधानमंत्री को यह सलाह दी जा सकती है कि वे कम से कम अब घटनाओं और स्थितियों की उपेक्षा करने या अपनी राजनैतिक सुविधा-असुविधा से ऊपर उठकर आम जनत के हित को देखते हुए आवश्यकतानुसार कार्रवाई करें।

जिस दिन प्रधानमंत्री शपथ ले रहे थे, उसी दौरान जम्मू-कश्मीर में एक आतंकी हमला हुआ। वैष्णो देवी जा रहे श्रद्धालुओं को इस बार निशाने पर लिया गया। ऐसी किसी भी घटना की फौरन निंदा होनी चाहिए और मृतकों, घायलों की जाति, धर्म को न देखकर सभी के लिए संवेदना जताई जानी चाहिए। मगर कुछ लोगों ने इसमें भी राजनीति करने की कोशिश की। सोशल मीडिया पर इस घटना के बहाने घृणा फैलाने के प्रयास दिखने लगे। इधर मणिपुर में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने सोमवार को जिरीबाम जा रहे पुलिस काफिले पर घात लगाकर हमला किया। इसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। यह घटना मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के जिले के दौरे से ठीक पहले हुई है। अमूमन शांत रहने वाले जिरीबाम जिले में पिछले हफ्ते से तनाव बढ़ रहा है। इसलिए बीरेन सिंह वहां का दौरा करने वाले थे, तभी यह हमला हुआ। इसके बाद से मणिपुर में फिर से जातीय तनाव तेज होने की आशंका जतलाई जा रही है। वैसे भी एक साल से अधिक वक्त से मणिपुर अशांत है। कुकी और मैतेई समूहों के बीच हुए हिंसक संघर्ष में मानवता ने पूरी तरह से दम तोड़ दिया है। ऐसे में प्रधानमंत्री से सहज अपेक्षा थी कि वे कम से कम एक बार इस अशांत प्रदेश में जाते और अमन कायम करने की कोशिश करते। लेकिन श्री मोदी ने इस ओर निराश ही किया। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह भी स्थितियों को संभालने में नाकाम रहे हैं, फिर भी पद पर बने ही हुए हैं। एक बार आधे-अधूरे तरीके से इस्तीफे की पेशकश उन्होंने की, लेकिन इससे राज्य में शांति बहाली नहीं हुई।

अब संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भी इस मामले में बड़ा बयान देते हुए एक तरह से नयी सरकार को नसीहत दी है। नागपुर में संघ के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि %मणिपुर में शांति का इंतजार करते हुए एक साल हो गया है। पिछले 10 सालों से राज्य में शांति थी, लेकिन अचानक राज्य में फिर से बंदूक संस्कृति बढ़ गई। ऐसा लगता था कि पुरानी बंदूक संस्कृति खत्म हो गई है। वहां अचानक कलह उपज गया या उपजाया गया, उसकी आग में अभी तक जल रहा है, त्राहि-त्राहि कर रहा है और उस पर ध्यान नहीं है? प्राथमिकता देकर इस पर विचार करना हमारा कर्तव्य है।' यहां हमारा से आशय निश्चित ही केंद्र सरकार से है। हमारा कहकर संघ प्रमुख ने बता दिया कि भाजपा अब भी उन्हीं की है, अब भाजपा संघ को कितना अपना मानती है और कितना नहीं, यह जे पी नड्डा ही बता सकते हैं।बहरहाल, संघ प्रमुख की नसीहत बिल्कुल सही है। बंदूक संस्कृति या जातीय, सांप्रदायिक हिंसा के लिए कहीं भी जगह नहीं होनी चाहिए। अगर आग लगे तो उसे फौरन शांत करने के उपाय होने चाहिए। ऐसा नहीं होने पर कितने गंभीर परिणाम होते हैं, .रु

# क्या भारत कभी विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन पाएगा

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री एवं इतिहासकार एंग्स मेडिसिन के अनुसार वर्ष 1820 तक भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, 1820 आते आते चीन भारत से आगे निकल गया था। 1820 से 1870 के बीच चीन एवं भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में पूरे विश्व में सबसे आगे थे। वर्ष 1870 से 1900 के बीच ब्रिटेन विश्व की सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया परंतु ब्रिटेन पर यह ताज अधिक समय तक नहीं टिक सका क्योंकि इसके तुरंत बाद अमेरिका विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया था। इसके बाद तो आर्थिक प्रगति के मामले में अमेरिका एवं यूरोपीयन देश लगातार आगे बढ़ते रहे, विकसित अर्थव्यवस्थाएं बने और एशिया के देशों (विशेष रूप से भारत एवं चीन) का वर्चस्व वैश्विक अर्थव्यवस्था में लगभग समाप्त सा हो गया था। परंतु, अब एक बार पुनः समय चक्र बदल रहा है एवं अमेरिका एवं यूरोपीयन देशों की अर्थव्यस्थाएं आर्थिक विकास के मामले में ढलान पर दिखाई दे रही हैं एवं एशिया के देश, विशेष रूप से भारत एवं चीन, पुनः तेज गति से आर्थिक प्रगति करते हुए वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपना दबदबा कायम करते नजर आ रहे हैं।

आज अमेरिकी अर्थव्यस्था का आकार लगभग 25 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है और चीन की अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 18 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि वर्ष 2035 से 2040 के बीच चीन विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा एवं अमेरिका दूसरे नम्बर पर आ जाएगा और भारत तीसरे नम्बर पर आ जाएगा। परंतु, इसके बाद क्या भारत अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए दूसरे नम्बर पर आ पाएगा। इस तरह की चर्चाएं आजकल आर्थिक जगत में होने लगी हैं। आज से लगभग 10 वर्ष पूर्व भारतीय अर्थव्यवस्था का विश्व में 11वां स्थान था जो आज 3.70 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के आकार के साथ विश्व में 5वें स्थान पर आ गई है। ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि वर्ष 2026 में भारतीय अर्थव्यवस्था जर्मनी अर्थव्यवस्था से आगे निकलकर विश्व में चौथे स्थान पर आ जाएगी। इसी प्रकार वर्ष 2027 में जापानी अर्थव्यवस्था को भी पीछे छोड़ते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में तीसरे स्थान पर आ जाएगी। गोल्ड्मन सच्स के अनुसार, अगले चार वर्षों के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक हो जाएगा। इसी प्रकार, ब्लूम्बर्ग के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था आगामी वर्षों में लगातार 6 प्रतिशत से अधिक की विकास दर हासिल करता रहेगा, और अमेरिका एवं चीन की आर्थिक विकास दर से आगे बना रहेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था में




आर्थिक विकास दर के तेज गति से आगे रहने के पीछे जो कारण बताए जा रहे हैं उनमें शामिल हैं - भारतीय जनसंख्या में वृद्धि होते रहना (अमेरिका एवं चीन में जनसंख्या वृद्धि दर लगातार कम हो रही है), इससे भारतीय घरेलू बाजार मजबूत बना रहेगा एवं उत्पादों की मांग भी भारत में तेज गति से आगे बढ़ती रहेगी। एक अनुमान के अनुसार, वर्ष 2050 तक भारत की आबादी बढ़ कर 170 करोड़ नागरिकों की हो जाएगी, इससे भारत अपने आप में विश्व का सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा।वर्ष 2024 में भारत में उपभोक्ता विश्वास सूचकांक 98.5 प्रतिशत तक पहुंच गया है। दूसरे, भारत में आधारभूत ढांचे को विकसित करने के लिए भी केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा अत्यधिक मात्रा में पूंजी निवेश किया जा रहा है। भारत में आधारभूत ढांचे को विकसित श्रेणी में लाने के लिए केवल रोड ही नहीं बल्कि रेलवे, एयरपोर्ट, ऊर्जा एवं जल व्यवस्था को विकसित करने के लिए भी भरपूर पूंजी निवेश किया जा रहा है। भारत में आज भी श्रमिक लागत तुलनात्मक रूप से बहुत कम है, इससे कई विदेशी कम्पनियां अब चीन के स्थान पर भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयों को स्थापित कर रही हैं इससे भारत के औद्योगिक विकास को गति मिल रही है। भारत ने भी कई उद्योग क्षेत्रों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना लागू की है जिसका लाभ विश्व की कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियां उठा रही हैं एवं अपनी औद्योगिक इकाईयां भारत में स्थापित कर रही हैं। तीसरे भारत में आज 140 करोड़ की जनसंख्या में से 100 करोड़ से अधिक नागरिक युवा एवं कार्य कर सकने वाले नागरिकों की श्रेणी में शामिल हैं। इतनी बड़ी मात्रा में श्रमिकों की उपलब्धि किसी भी अन्य देश में नहीं है। अन्य विकसित देशों, चीन सहित, में कार्य कर सकने वाले नागरिकों की संख्या लगातार कम हो रही है क्योंकि इन देशों में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। किसी भी देश में युवा जनसंख्या का अधिक होने से न केवल श्रमिक के रूप में इनकी उपलब्धि आसान बनी रहती है बल्कि इनके माध्यम से देश में उत्पादों की मांग में भी वृद्धि दर्ज होती है तथा युवा जनसंख्या की उत्पादकता भी अधिक होती है जिससे उत्पादन लागत कम हो सकती है। साथ ही, युवाओं द्वारा नवाचार भी अधिक मात्रा में किया जा सकता है। यह सब कारण हैं जो भारतीय अर्थव्यवस्था को पूरे विश्व में एक चमकता सितारा बनाने में सहायक हो रहे हैं।हाल ही के समय में वैश्विक स्तर पर आर्थिक क्षेत्र का परिदृश्य तेजी से बदला भी है। अभी तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकसित देशों का दबदबा बना रहता आया है। परंतु, अब अंतरराष्टीय मुद्रा कोष के एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2024 में भारत सहित एशियाई देशों के वैश्विक अर्थव्यवस्था में 60 प्रतिशत का योगदान होने की प्रबल सम्भावना बन रही है। एशियाई देशों में चीन एवं भारत मुख्य भूमिकाएं निभाते नजर आ रहे हैं। प्राचीन काल में वैश्विक अर्थव्यस्था में भारत का योगदान लगभग 32 प्रतिशत से भी अधिक रहता आया है। वर्ष 1947 में जब भारत ने राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी उस समय वैश्विक अर्थव्यस्था में भारत का योगदान लगभग 3 प्रतिशत तक नीचे पहुंच गया था क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था को पहिले अरब से आए आक्राताओं एवं बाद में अंग्रेजों ने बहुत नुक्सान पहुंचाया था एवं भारत को जमकर लूटा था। वर्ष 1947 के बाद के लगभग 70 वर्षों में भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था के योगदान में कुछ बहुत अधिक परिवर्तन नहीं आ पाया था। परंतु, पिछले 10 वर्षों के दौरान देश में लगातार मजबूत होते लोकतंत्र के चलते एवं आर्थिक क्षेत्र में लिए गए कई पारदर्शी निर्णयों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था को तो जैसे पंख लग गए हैं। आज भारत इस स्थिति में पहुंच गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में वर्ष 2024 में अपने योगदान को लगभग 18 प्रतिशत के आसपास एवं एशिया के अन्य देशों यथा चीन, जापान एवं अन्य देशों के साथ मिलकर वैश्विक अर्थव्यवस्था में एशियाई देशों के योगदान को 60 प्रतिशत तक ले जाने में सफल होता दिखाई दे रहा है। भारत आज अमेरिका, चीन, जर्मनी एवं जापान के बाद विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। साथ ही, भारत आज पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में तो भारत की आर्थिक विकास दर 8.2 प्रतिशत की रही है और यह वित्तीय वर्ष 2023-24 की समस्त तिमाहियों में लगातार तेज गति से बढ़ती रही है। पहली तीन तिमाहियों में भारत की आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक रही है, अक्टोबर-दिसम्बर 2023 को समाप्त तिमाही में तो आर्थिक विकास दर 8.4 प्रतिशत की रही है। इस विकास दर के साथ भारत के वर्ष 2025 तक जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने की प्रबल सम्भावना बनती दिखाई दे रही है। केवल 10 वर्ष पूर्व ही भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था और वर्ष 2013 में मोर्गन स्टैनली द्वारा किए गए एक सर्वे के अनुसार भारत विश्व के उन 5 बड़े देशों (दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, इंडोनेशिया, टर्की एवं भारत) में शामिल था जिनकी अर्थव्यवस्थाएं नाजुक हालत में मानी जाती थीं। अब आगे आने वाले कालचक्र में वैश्विक स्तर पर आर्थिक क्षेत्र में परिस्थितियां लगातार भारत के पक्ष में होती दिखाई दे रही हैं, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था का वैश्विक अर्थव्यवस्था में योगदान लगातार बढ़ते जाने की प्रबल संभावनाएं बनती नजर आ रही हैं।

# गोपाल का दोस्त मिट्ठू बंदर

बाल कहानी

बंदरों को तुमने अक्सर लोगों को परेशान करते हुए देखा होगा लेकिन क्या कभी तुमने उन्हें लोगों से दोस्ती करते हुए देखा है। आज हम तुम्हें एक ऐसा हाल सुनाते हैं, जिससे मालूम होगा कि बंदर लड़कों से दोस्ती भी कर सकता है।

कुछ दिन हुए लखनऊ में एक सर्कस कंपनी आई थी। उसके पास शेर, भालू, चीता और कई तरह के और भी जानवर थे। इनके सिवा एक बंदर मिट्ठू भी था।लड़कों के झुंड-के-झुंड रोज इन जानवरों को देखने आया करते थे। मिट्ठू ही उन्हें सबसे अच्छा लगता। उन्हीं लड़कों में गोपाल भी था। वह रोज आता और मिट्ठू के पास घंटों चुपचाप बैठा रहता। उसे शेर, भालू, चीते आदि से कोई प्रेम न था। वह मिट्ठू के लिए घर से चने, मटर, केले लाता और खिलाता। मिट्ठू भी उससे इतना हिल गया था कि बगैर उसके खिलाए कुछ न खाता। इस तरह दोनों में बड़ी दोस्ती हो गई।

एक दिन गोपाल ने सुना कि सर्कस कंपनी वहां से दूर शहर जा रही है। यह सुनकर उसे बड़ा रंज हुआ। वह रोता हुआ अपनी मां के पास गया और बोला, 'अम्मा, मुझे एक अठन्नी दो, मैं जाकर मिट्ठू को खरीद लाऊं। वह न जाने कहां चला जाएगा। फिर मैं उसे कैसे देखूंगा? वह भी मुझे न देखेगा तो रोएगा।'



मां ने समझाया, 'बेटा, बंदर किसी को प्यार नहीं करता। वह तो बड़ा शैतान होता है। यहां आकर सबको काटेगा, मुफ्त में उलाहने सुनने पड़ेंगे। लेकिन लड़के पर मां के समझाने का कोई असर न हुआ। वह रोने लगा। आखिर मां ने मजबूर होकर उसे अठन्नी निकालकर दे दी।

अठन्नी पाकर गोपाल मारे खुशी के फूल उठा। उसने अठन्नी को मिट्टी से मलकर खूब चमकाया, फिर मिट्ठू को खरीदने चला। लेकिन मिट्ठू वहां दिखाई न दिया। गोपाल का दिल भर आया - मिट्ठू कहीं भाग तो नहीं गया?

मालिक को अठन्नी दिखाकर गोपाल बोला, 'अबकी बार आऊंगा तो मिट्ठू को तुम्हें दे दूंगा।'



गोपाल निराश होकर चला आया और मिट्ठू को इधर-उधर ढूंढने लगा। वह उसे ढूंढने में इतना मगन था कि उसे किसी बात की खबर न थी। उसे बिल्कुल न मालूम हुआ कि वह चीते के कठघरे के पास आ गया था। चीता भीतर चुपचाप लेटा था।

गोपाल को कठघरे के पास देखकर उसने पंजा बाहर निकाला और उसे पकड़ने की कोशिश करने लगा। गोपाल तो दूसरी तरफ ताक रहा था। उसे क्या खबर थी कि चीते का तेज पंजा उसके हाथ के पास पहुंच गया है। करीब इतना था कि चीता उसका हाथ पकड़कर खींच ले कि मिट्ठू न मालूम कहां से आकर उसके पंजे पर कूद पड़ा और पंजे को दांतों से काटने लगा।

चीते ने दूसरा पंजा निकाला और उसे ऐसा घायल कर दिया कि वह वहीं गिर पड़ा और जोर-जोर से चीखने लगा। मिट्ठू की यह हालत देखकर गोपाल भी रोने लगा।

दोनों का रोना सुनकर लोग दौड़ पड़े, पर देखा कि मिट्ठू बेहोश पड़ा है और गोपाल रो रहा है। मिट्ठू का घाव तुरंत धोया गया और मरहम लगवाया गया। थोड़ी देर में उसे होश आ गया। वह गोपाल की ओर प्यार की आंखों से देखने लगा, जैसे कह रहा हो कि अब क्यों रोते हो? मैं तो अच्छा हो गया।

कई दिन मिट्ठू की मरहम-पट्टी होती रही और आखिर वह बिल्कुल अच्छा हो गया। गोपाल अब रोज आता और उसे रोटियां खिलाता। आखिर कंपनी के चलने का दिन आया। गोपाल बहुत दुखी था। वह मिट्ठू के कठघरे के पास खड़ा आंसू-भरी आंख से देख रहा था कि मालिक ने आकर कहा, 'अगर मिट्ठू तुमको मिल जाए तो तुम क्या करोगे?'

गोपाल ने कहा, 'मैं उसे अपने साथ ले जाऊंगा, उसके साथ-साथ खेलूंगा, उसे अपनी थाली में खिलाऊंगा, और क्या।'

मालिक ने कहा, 'अच्छी बात है, मैं बिना तुमसे अठन्नी लिए ही इसे तुम्हें देता हूं। गोपाल को जैसे कोई राज मिल गया। उसने मिट्ठू को गोद में उठा लिया, पर मिट्ठू नीचे कूद पड़ा और उसके पीछे-पीछे चलने लगा। दोनों खेलते-कूदते घर पहुंच गए।



## क्या तुम जानते हो: खीरे का ऊपरी हिस्सा क्यों कड़वा होता है

अक्सर तुमने देखा होगा की जब मां या फिर घर में कोई और व्रत रखता है तो खीरा और अन्य फल का सेवन करता है।जब भी वह खीरा खाते हैं तो खीरे के ऊपर हिस्से को पहले काट देते हैं। लेकिन क्या तुमने कभी जाना है कि खीरे का ऊपरी हिस्सा कड़वा क्यों होता है।

खीरे का ऊपरी भाग पौधे से जुड़ा होने के कारण कुकर बिटासिन की कुछ भाग खीरे के डंठल के मार्फत उसमें भी प्रवेश कर जाता है।

खीरा यदि लंबे समय तक न तोड़ा जाए तो समूचा ही कड़वा हो जाता है।

स्वाद छोड़ दें तो वैसे इसमें नुकसान नहीं है क्योंकि वैज्ञानिकों ने पाया है कि कुकर बिटासिन से कैंसर जैसे रोगों का इलाज संभव है।

इस खीरे में पानी और फाइबर पाया जाता है। कब्ज, एसिडिटी, सीने में जलन या गैस्ट्रिक की कोई भी समस्या हो तो वह खीरे के लगातार सेवन से सही हो सकती है।

खीरा बहुत गुणकारी है, यह तो सभी जानते हैं। इसीलिए खीरे का ऊपरी हिस्सा अगर कड़वा हो तो उसे हटाकर बाकी खीरा अच्छा भी हो सकता है। खीरे में विटामिन बी और कार्बोहाइड्रेट होता है, जो तुरंत एनर्जी देता है।

## बारिश से बचाव करता है छाता

बारिश के मौसम में अक्सर यह देखने को मिलता है कि लोग अपने बचाव के लिए तरह-तरह अपने उपयोगी वस्त्र धारण करके आते हैं।ऐसा ही एक चीज है छता।छाते का इस्तेमाल आमतौर पर बारिश से बचने के लिए किया जाता है लेकिन असल में इसका आविष्कार धूप से बचने के लिए किया गया था। छाते से जुड़ी ऐसे ही कुछ रोचक बातें...

14वीं और 13वीं सदी में यूरोप में छाते का इस्तेमाल केवल राजघराने के लोग ही कर सकते थे। साधारण व्यक्ति को छाते का इस्तेमाल करते पकड़ा जाता तो उसे विचित्र सी सजा मिलती थी। ता-उम्र उसे छाता तानकर राजघराने के सदस्यों की गुलामी करनी पड़ती थी।

इंग्लैंड में आज भी लोग कहीं मेहमान बनकर जाते हैं तो अपने साथ छाता लेकर जाते हैं, क्योंकि वहां छाता सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है।

जावा में मृत व्यक्ति को धूप से बचाने के लिए उसकी कब्र पर छाता लगा दिया जाता है।

मलेशिया में लोग हिसक जानवर से सामा होने पर छाते को तानकर दौड़ते हैं। स्थानीय लोगों की मान्यता है कि छाते को देखकर शेर जैसा हिसक जानवर भी दुम दबाकर भागने लगता है।ऑस्ट्रेलिया में प्रेम करने वाली लड़की हरे रंग का छाता लगाती है, जबकि अमरीका में छाते को महानता का प्रतीक माना जाता है।

मेक्सिको में लोग छाता टोपी के आकार का बना लेते हैं। इसे हाथ में लेकर चलने की जरूरत नहीं रहती।

हमारे देश में छाते का पहला कारखाना से 112 वर्ष पहले मुंबई में लगा था। तब एक छाते की कीमत थी चार पैसे।



# लिखावट की है अपनी एक कहानी

हर व्यक्ति की अपनी एक लिखावट होती है। लिखावट से उस बच्चे की पहचान कर पाना भी आसान हो जाता है।कई बार बेचारी टीचर कह-कहकर थक जाती हैं कि रोज 10 पेज लिखकर हैंडराइटिंग का अभ्यास करो, लेकिन कई बच्चे हमेशा इससे बचते हो।इन प्यारे-प्यारे अक्षरों की भी एक कहानी है।चलो आज हम तुमको बताते हैं हैंडराइटिंग की कहानी और क्या है इसका महत्व।

### लेखन की इतिहास

लिखावट के इतिहास को लेकर कई लोगों के अपने-अपने मत हैं। कहा जाता है कि इसकी शुरुआत 3,300 ईसा पूर्व मेसोपोटामिया में हुई थी। उस समय किसी आदमी ने मिट्टी के बोर्ड पर राशन का रिकॉर्ड रखने के लिए पहली बार लिखा था। ब्रिटेन के एक म्यूजियम में इस बोर्ड को आज तक संभालकर रखा गया है। वहीं कुछ शोधकर्ताओं का ये भी मानना है कि 60,000 से 25,000 ईसा पूर्व आदमी हड्डियों और पत्थरों पर आड़ी-तिरछी लाइनें खींचा करता था, ठीक उसी तरह जिस तरह तुम लोग क्लास में बोर होते समय अपनी कॉपी में खींचते रहते हो। इसकी भी एक मजेदार कहानी है। पुराने समय में जब लोग जहाज लेकर जाते थे तो उस टापू की पहचान के लिए उसके पत्थरों पर बड़ी-बड़ी लकीरें खींच देते थे जिससे कोई और जहाज और उसके कर्मचारी वहां पर अपना ठिकाना न बनाएं।

### कहती है बहुत कुछ..

तुम्हारी हैंडराइटिंग तुम्हारे बारे में बहुत कुछ बयां करती है। इसे ग्राफोलॉजी यानी हैंडराइटिंग एनालिसिस भी कहते हैं। तुम जिस तरह से अक्षर बनाते हो, तराशते हो, इससे तुम्हारी 5000 तरह की पर्सनैलिटी का पता चलता है।साइकोलॉजी विषय में तुम्हारी हैंडराइटिंग की मदद से ही पता लगाया जाता है कि दिमाग सही काम कर रहा है या नहीं।

### लिखावट में हो रचनात्मकता

राइटिंग में कुछ रचनात्मकता भी झलकनी चाहिए और इसी रचनात्मकता को कहते हैं राइटिंग स्किल। तुम्हारी हैंडराइटिंग और तुम्हारे ज्ञान का मिश्रण ऐसा होना चाहिए कि तुम्हें कोई भी विषय दे दिया जाए और तुम फट से उस पर लिख डालो। तुम्हारे शिक्षक भी उन बच्चों से बेहद खुश रहते होंगे, जिनकी हैंडराइटिंग और राइटिंग स्किल अच्छी होती होगी, इसलिए अभ्यास जरूरी है। निरंतर अभ्यास करते रहने से तुम निबंध, अनुच्छेद, पत्र, संवाद, चित्र और डायरी लेखन बिना किसी हिचकिचाहट के आसानी से कर सकोगे।

### भविष्य कि लिए काफी उपयोगी

पता है अगर तुम साफ-सुथरी हैंडराइटिंग में लिखते रहोगे तो तुम्हारा भविष्य बेहतर बन सकता है। अच्छे लेखन और राइटिंग का प्रभाव दूसरे व्यक्ति पर जरूर पड़ता है। हो सकता है कि तुम अपनी सुंदर हैंडराइटिंग के कारण कैलिग्राफी आर्टिस्ट, राइटिंग आर्टिस्ट, शिक्षक और लेखक आदि बन जाओ। स्कूल में भी अपने टीचर की नजर में तुम नंबर वन छात्र बन सकते हो। स्कूल में भी सुलेख प्रतियोगिताएं होती ही रहती हैं। अपनी हिंदी और अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं की राइटिंग सुधारो और इन प्रतियोगिताओं के चैंपियन बनकर दिखाओ। देखना, हर तरफ तुम्हारी वाहवाही होगी।

### नेशनल हैंडराइटिंग डे

जिस तरह तुम लोग टीचर्स डे, रिपब्लिक डे और फादर्स डे सेलिब्रेट करते हो, वैसे ही कई देशों में हैंडराइटिंग डे भी मनाया जाता है। यह दिन हर वर्ष 23 जनवरी को आता है। इस दिन बच्चों अपने-अपने घरों में, स्कूलों में कम से कम एक पेज जरूर लिखते हैं।

### ऐसे सुधारो अपनी लिखावट..

**अक्षरों पर रखो ध्यान:** लिखते समय स्पेलिग की गलती का जरूर ध्यान रखना। जब तुम रोज अभ्यास करो, तब किसी बड़े से एक बार जरूर अपने पेज को पढ़वा लो, इस तरह तुम्हारी हैंडराइटिंग का भी आकलन हो जाएगा और तुम्हारी स्पेलिग की गलतियां भी सामने आ जाएंगी।

आत्मविश्वास बेहद आवश्यक: अच्छी हैंडराइटिंग के लिए आत्मविश्वास भी बेहद जरूरी है। हर समय बस ये मत सोचो कि मेरी राइटिंग तो कितनी गंदी है, बल्कि ये सोचो कि मुझे अपनी लिखावट सबसे बेहतर करनी है।

**रोज लिखो :** तुम रोज कम से कम पांच पन्ने लिखने की आदत डालो। इस तरह तुम्हारी लिखावट खुद-ब-खुद सुधर जाएगी और तुम्हें लिखने में मजा आने लगेगा।

**ग्रीटिंग कार्ड बनाओ :** तुम अपने मम्मी-पापा, टीचर और भाई-बहनों के लिए खुद से कार्ड बनाओ और उस पर लिखो। इससे भी तुम्हारा अभ्यास होता रहेगा।

**डायरी जरूर बनाओ:** देखो लिखावट के अभ्यास के लिए तुम्हारी नोटबुक भी खास होनी चाहिए, इसलिए एक प्यारी सी डायरी खरीदो और रोज उस पर ही अभ्यास करो। इस तरह तुम्हें अपनी डायरी से प्यार होगा और तुम्हें लिखना भी अच्छा लगने लगेगा।

**चिट्ठी करेगी मदद :** आज मोबाइल के जमाने में चिट्ठी का दस्तूर एकदम खत्म हो गया है, लेकिन तुम इस परंपरा को फिर से शुरूकर सकते हो। बस झट से कागज-कलम उठाओ और अपने किसी रिश्तेदार को चिट्ठी लिखो। देखना, तुम्हारी हैंडराइटिंग में कितना सुधार आता है।

**अच्छी कलम-पेंसिल का इस्तेमाल :** अच्छी हैंडराइटिंग में बढ़िया पेन और पेंसिल का भी बेहद योगदान होता है, इसलिए इन चीजों में कभी कंजूसी मत करना। तुम जितना अच्छा पेन या पेंसिल इस्तेमाल करोगे, तुम्हारा सुलेख उतना सुंदर होगा।

**अपनाओ अपना स्टाइल :** तुम जिस तरह लिखने में आरामदायक महसूस करते हो, वैसे ही लिखो। ये कतई जरूरी नहीं कि तुम्हारा दोस्त कर्सिव लिख रहा है तो तुम भी वैसे ही लिखो। तुम अपना खुद का राइटिंग स्टाइल अपनाओ।

बोर्ड पर लिखने की डालो आदतः अक्षरों को बेहतर शेप देने के लिए व्हाइट या ब्लैक बोर्ड पर लिखना शुरूकर दो। इससे तुम्हारा हाथ सेट होगा और तुम फिर कॉपी पर भी अच्छा लिखना शुरूकर दोगे।

देखो दोस्तों की राइटिंग : दूसरों से सीखकर तुम बहुत कुछ सीख सकते हो। अपने दोस्तों की हैंडराइटिंग देखकर भी प्रेरणा ले सकते हो।

### राइटिंग से जुड़ी कुछ मजेदार बातें

✍ यूरोप में 15वीं शताब्दी में केवल अमीर वर्ग के लोग ही अच्छी राइटिंग में लिखना जानते थे।

✍ नेपोलियन बोनापार्ट के बारे में तो तुम लोग जानते ही होगे। पता है, उनकी हैंडराइटिंग इतनी भयानक और भद्दी थी कि वह ज ब भी अपने कमांडर को कोई नोट लिखकर भेजते थे तो वह किसी युद्ध का मैप लगता था।

✍ अमेरिका में 1000 से भी ज्यादा ऐसे स्कूल हैं, जहां हैंडराइटिंग एक आवश्यक स्किल है। यानी तुम लोग जिस तरह बहाना बना देते हो, वे बच्चों हैंडराइटिंग के लिए बहाना भी नहीं बना पाते हैं।

✍ अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन की हैंडराइटिंग इतनी सुंदर थी कि जब वह केवल 12 साल के थे, तब उनके नोट्स की एक कॉपी वॉशिंगटन की लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस में लगाई गई थी।

✍ कुछ लोगों का मानना है कि राइटिंग दुनिया में पिछले 5,000 सालों से है, वहीं कुछ शोधकर्ता मानते हैं कि यह 50,000 से 100,000 साल पुरानी है।

✍ वैज्ञानिकों का मानना है कि साफ-सुथरे तरीके से लिखने से याददाश्त तेज होती है।





# स्वस्थ रहने के लिए ये हैं बेहतर फूड



**स्वस्थ** रहने के लिए जरूरी नहीं किसी एक ही चीज खो आप लम्बे समय तक खाते रहें। इसके लिए बहुत से आप्शंस मौजूद हैं, जिन्हें आप आजमा कर आप स्वस्थ रह सकते हैं। दरअसल इंसान का स्वभाव है कि वह किसी एक फल या फूड को लम्बे समय तक खाते रहने से बोर हो जाता है, इसी के मद्देनजर कुछ हेल्दी फूड आप्शंस के बारे में हम आपको यहां जानकारी दे रहे हैं। इससे दिमाग भी ठीक रहेगा, इम्यूनिटी भी स्ट्रॉन्ग होगी।

**नारियल का तेल :** केमिकल रिफाइनिंग या ब्लीचिंग प्रॉसेस न होने के कारण ये खाने के लिए फिट होता है। इसमें लॉरिक फैटी एसिड होता है। जो अच्छा एंटी वायरल, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी- फंगल एजेंट है। यूनिर्वसटिटी ऑफ केरल में की गई रिसर्च के अनुसार, वर्जिन कोकोनट ऑयल सीरम और टिश्यू में लिपिड लेवल कम करता है। सलाद में डालकर खाएं।





**मटर फली कैंसर दूर भगाने में फायदेमंद :** यह फ्लैट पीज हैं। इनमें एडिबल पॉड्ज होते हैं और इन्हें सीधे खाया जाता है। इनमें खास किस्म का फायटोन्यूट्रियंट-कूमिस्ट्रॉल होता है। यह पेट के कैंसर से सुरक्षित रखता है। हफ्ते में दो बार जरूर खाएं।

**चियासीड:** ओमेगा-3 फैट्स का रिच प्लांट बेस्ड सोर्स है। रिसर्च के अनुसार, ओमेगा-3 फैट्स दिमाग, दिल और स्किन के लिए फायदेमंद होता है। सुपरमार्केट में चिया सीड के पैकेट मिलते हैं। इन्हें खाने के लिए ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं। बस इन्हें भिगो दीजिए, मिक्सी में ग्राइंड कीजिए और सीधा खा लें। चाहे तो सलाद और सूप पर डालें।

**प्रीबायोटिक्स फूड :** 80 दिनों तक प्रीबायोटिक (लहसुन, प्याज आदि) खाते हैं, उनमें बीमारी की आशंका 42 फीसद कम होती है। उन्हें रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन या गैस्ट्रो-इन्टेस्टाइनल डिसीज कम होती हैं। इम्यूनिटी सुधर जाती है। प्रीबायोटिक फूड में लाइव माइक्रोब्स होते हैं, जो गुड बैक्टीरिया की ग्रोथ बढ़ाते हैं।

**हेजलनट्स :** हैजलनट्स (पहाड़ी बादाम) एमीनो एसिड के अच्छे सोर्स हैं। इनसे ब्लड प्रेशर कम होता है और ब्लड वैसल रिलैक्स। इसमें विटामिन-ई और विटामिन-बी पाए जाते हैं। 15 से 20 नट्स ही खाएं। योगर्ट के साथ मिलाकर इसे खा सकते हैं।

**होल ग्रेन करे पेट का फैट कम :** पेंसिलवेनिया स्टेट यूनिर्वसटिटी में हुई रिसर्च के अनुसार, होल ग्रेन्स खाने से दोगुनी तेजी से पेट का फैट कम होता हैं। होल ग्रेन से इंसुलिन का प्रोडक्शन कम होता है, जिससे वजन नहीं बढ़ता। यूनिर्वसटिटी ऑफ टेक्सास हेल्थ साइंसेस सेंटर द्वारा किए गए शोध के अनुसार, हर रोज होलग्रेन खाने से हार्ट फेल होने की आशंका 7 फीसद कम हो जाती है।

**बेरीज भी रखे स्वस्थ :** एक दिन में चार से पांच प्रकार के फल-सब्जियां खाने की सलाह दी जाती है। आधा कप बेरीज में सिर्फ 50 कैलोरी होती है। एंटी-ऑक्सीडेंट का सबसे अच्छा सोर्स होने के कारण बेरीज को डाइट में शामिल करना फायदेमंद होता है। एंटी-ऑक्सीडेंट फ्री-रेडिकल डैमेजिंग से बचाता है। फ्रोजन बेरीज भी उतनी ही स्वादिष्ट और न्यूट्रिशनल होती हैं, जितनी फ्रेश बेरीज।



# दौड़ने से तेज होता है दिमाग, बढ़ती है याददाश्त

**वॉशिंगटन।** दौड़ने से शरीर के चुस्त और तंदरूस्त होने के बारे में तो आप सबको पता है लेकिन क्या आप यह जानते हैं कि यह सिर्फ शारीरिक नहीं बल्कि दिमागी कसरत भी है, जिससे हमारी याददाश्त बढ़ती है।

'अमेरिकी जर्नल सेल मोटाबोलिज्म' में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार दौड़ने के बाद चूहों, बंदरों और मनुष्यों के खून में ''कैथेप्सीन बी' नामक प्रोटीन का स्तर बढ़ जाता है, जो दिमाग को अधिक सक्रिय करता है। 'अमेरिकी नेशनल इंस्टीट्यूट' के न्यूरोसाइंटिस्ट और वरिष्ठ शोधकर्मा हेनरिट्टे वान प्राग ने कहा, 'जांच के दौरान हमने देखा कि एक प्रोटीन मांसपेशियों के उत्तकों से स्त्रवित होकर दिमाग की ओर बढ़ रहा है और मजेदार बात यह थी कि यह 'कैथेप्सीन बी' नामक प्रोटीन था। शोध के दौरान मांसपेशी की कोशिका को उस उपकरण के संपर्क में लाया गया, जो कसरत की तरह ही प्रभाव छोड़ता है। ऐसा करने पर पाया गया कि इसमें प्रोटीन 'कैथेप्सीन बी' के उत्पादन में बढ़ोतरी हो रही है। कसरत के उपकरण पर रोजाना कई हफ्तों तक समय गुजारने के दौरान पाया गया कि चूहों के खून और मांसपेशियों की कोशिकाओं में प्रोटीन का स्तर अधिक है। इसके साथ ही, जब 'कैथेप्सीन बी' को दिमाग के कोशिकाओं पर लागू किया गया तो पाया कि मस्तिष्क की नई कोशिकाओं का निर्माण हो रहा है। शोध के दौरान ''कैथेप्सीन बी' स्त्रवित करने वाले चूहों और इसे स्त्रवित नहीं करने वाले चूहों के बीच एक सप्ताह तक पानी के अंदर कई स्लैब की मदद से भूलभुलैया खेल का आयोजन किया गया। इसमें शोधकर्ताओं ने पाया कि बिना 'कैथेप्सीन बी' वाला चूहे छिपे प्लेटफार्म का पता लगाने में असफल रहे जबकि 'कैथेप्सीन बी' की क्षमतावाले चूहे को रोजाना तैराकी से पहले दौड़ाया गया तो वह इस प्लेटफार्म का पता लगाने में सफल रहे। जर्मन शोधकर्ताओं के साथ इस अध्ययन के सहयोगी प्राग ने कहा, 'अध्ययन के दौरान हमने तीन प्रजातियों- चूहा, बंदर और मनुष्यों के खून में 'कैथेप्सीन बी' को अनियंत्रित देखा। उन्होंने कहा, 'मनुष्यों में चार महीनों के लगातार अध्ययन के बाद ''कैथेप्सीन बी' के स्तरों में वृद्धि के साथ-साथ उनकी याददाश्त को बेहतर पाया गया। अन्य अध्ययनों में पाया गया कि ''कैथेप्सीन बी' न्यूरोप्रोटेक्टिव है और यह एमीलॉयड प्लेक्स को साफ कर सकता है। शोधकर्ता अब यह पता लगाएंगे कि 'कैथेप्सीन बी' कैसे दिमाग की रक्त बाधाओं को पार करती है, कैसे यह न्यूरोनल संकेत, वृद्धि और जुड़ाव को सक्रिय करती है। इसके साथ ही वह यह भी पता लगाएंगे कि इसकी विभिन्न प्रजातियों में कैसा व्यवहार होता है और उम्र के साथ-साथ प्रोटीन के उत्पादन में कैसे बदलाव आता है।

> दौड़ने के बाद खून में 'कैथेप्सीन बी' प्रोटीन दिमाग को अधिक सक्रिय करता है
>
> शोध के दौरान मांसपेशी की कोशिका को उस उपकरण के संपर्क में लाया गया, जो कसरत की तरह ही प्रभाव छोड़ता है
>
> मनुष्यों में चार महीनों के अध्ययन के बाद 'कैथेप्सीन बी' के स्तरों में वृद्धि के साथ-साथ उनकी याददाश्त बेहतर पाई गई

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। अपने काम पर ध्यान दीजिए। अंधविश्वासी न बनें। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। यात्रा का योग। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-5-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-3-5

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक चिंताएं कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-3-5-7

## लॉफिंग ज़ोन

गुरू और चेला दोनों अव्वल दर्जे के आलसी थे। एक रात गुरू ने चेले से कहा- जरा देख, बाहर बारिश हो रही है क्या।

चेला बोला- बारिश हो रही है।

गुरू- देखे बैगर कैसे कहता है।

चेला बोला- गुरू जी अभी-अभी जो बिल्ली अंदर आई है, वह भीगी हुई है, तो बारिश हो रही है।

पांच मिनट बाद गुरू ने फिर कहा- अच्छा जरा बत्ती बुझा दे।

चेला बोला- गुरूजी आंखे बंद कर लो, अपने आप अंधेरा हो जाएगा।


गुरूजी ने झल्लाते हुए कहा- चल जरा उठकर दरवाजा तो बंद कर दे।

चेला बोला- गुरूजी, अब दो काम मैंने कर दिए। तीसरा तो आप कर लीजिए।

पागलखाने के दौरे पर आए मंत्री ने डाक्टर से कहा, ''जिस मनोरोगी से मिलवाकर आपने मुझे कहा था कि उसकी हालत में काफी सुधार हुई है, वह तो अपने आपको सन्नी दयोल कहा रहा था।''


डाक्टर, ''बड़ा सुधार हुआ है सर जब वो नया-नयायहां लाया गया था तो अपने आप को धर्मेन्द्र कहता था।''

## काकुरो पहेली - 4084




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 4083का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4084



**ऊपर से नीचे:-**

१. नसीरूद्दीनशाह, जैकीश्रॉफ, नगमा की फिल्म-२
२. करणनाथ, मनीषा नतान्यासिंह की 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-२
३. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
४. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'बदली है ना बदलेगी' गीत वाली फिल्म-४
५. देवानंद, मधुबाला की फिल्म-३
६. 'बनाकेक्यूं बिगाड़ा रे' गीत वाली फिल्म-३
९. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षयखन्ना, अमृता राव की फिल्म-३
११. 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'खाई है रे हमने' गीत वाली राजेंद्र, शर्मिला की फिल्म-३
१३. फिल्म 'सपने साजन के' की नायिका-३
१४. राजकपूर, दिलीपकुमार, नर्गिस की 'झूम झूम के नाचो आज' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली फिल्म-३
१८. सनी देओल, सुष्मिता सेन की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'मेरे तो गिरधर गोपाल' गीत वाली फिल्म-२
२२. मनोजकुमार, साधना की फिल्म-४
२३. 'जो उनकी तमन्ना है' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
२६. 'सुना था देखा ना था' गीत वाली आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
२७. अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२८. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. सैफअली खान, रानी मुखर्जी की 'सांसों को सांसों में ढलने दो' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'रंग भरे मौसम से रंग चुराके' गीत वाली जैकी श्रॉफ, जूही चावला की फिल्म-३
७. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
८. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की 'तेरी उम्मीद तेरा इंतजार' गीत वाली फिल्म-३
११. फिल्म 'मनोरंजन' में शम्मीकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१४. सलमान, सोमी की 'दिल मेरा यहां' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'कब के बिछड़े हुए' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
१७. अमजद खान, बिंदिया गोस्वामी की 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'मेरे खयालों की मलिका' गीत वाली शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की फिल्म-२
१९. सुनील शेट्टी, रंभा की 'कहां गये ममता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'तुम भी चलो' गीत वाली अमिताभ, विनोद खन्ना, सायरा बानो की फिल्म-३
२५. अमिताभ, अरशद वारसी, करिश्मा, विजय शांति की फिल्म-४
२६. 'ये दपनियावाले' गीत वाली देवानंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२९. धर्मेन्द्र हेमा की 'दुनिया जब' गीत वाली फिल्म-२
३०. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 4083



## सूडोकु -4084


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -4083 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 4084



**बाएँ से दाएँ**


1.असहकार-5
4.शत्रुता,दुश्मनी-4
7.नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8.विष्णु का वाहन-3
9.मादा का विलोम-2
10.ईश्वर,शिव-4
11.संज्ञा,संबोधन-2
13.वेग,गति-3
14.महसूल,राहदरी-2
15.अंधकार,अंधेरा-3
17.कुंजी,ताली-2
19.गोलाकार-5
22.इतरता,बेगानापन-5
25.समय,वक्त-2
26.स्याही का पात्र-3
28.अच्छा,सद् पुरुष-2
29.अदृश्य-3
30.मिट्टी,धूल-2
32.नट,बाजीगरी करने वाला-4
34.टैक्स,हाथ-2
36.बोलने का तरीका-3
37.खदान-2
38.जो जायज न हो-4
39.श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**

1.तराजू डंडा,पासा-2
2.पराजित करना-3
3.बहुत लंबा -5
4.रुकना,अड़ जाना-3
5.जंगल,कानन-2
6.तीर रखने का पात्र-4
7.सार-संभाल-2,3
10.पूंजी,धन-4
12.वोट,राय-2
16.राजा,महाराजा-3
17.चतुर्थ,चौथा-2
18.हलवा-2
20.पक्षाघात-3
21.तन,देह-2
22.क्षण-2
23.स्मारक-4
24.चोर,लुटेरा-5
25.जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26.टूटना,बिखरना-4
27.पानी से सराबोर-2
31.कमल,नीरज-3
33.बादलों की गड़गड़ाहट-3
35.छुट्टी,अवकाश-2
37.राख,मिट्टी-2

शब्द पहेली -4083 का हल






# हनुमान चालीसा की इन 5 चौपाइयों में है दिव्य शक्ति

हनुमानजी की स्तुति हनुमान चालीसा से हम सभी परिचित हैं। हनुमान चालीसा की रचना गोस्वामी तुलसीदास जी ने की थी। हिंदू धर्म ग्रंथों में उल्लेखित है कि बाल्यकाल में जब हनुमानजी ने सूर्य को मुंह में रख लिया तब सूर्य को मुक्त कराने के लिए देवराज इंद्र ने हनुमानजी पर शस्त्र से प्रहार किया। इसके बाद हनुमान जी मूर्छित हो गए। हनुमानजी के मूर्छित होने की बात जब वायु देव को पता चली तो काफी नाराज हुए। लेकिन जब सभी देवताओं को पता चला कि हनुमानजी भगवान शिव के रुद्र अवतार हैं, तब सभी देवताओं ने हनुमानजी को कई शक्तियां दीं। देवताओं ने जिन मंत्रों और हनुमानजी की विशेषताओं को बताते हुए उन्हें शक्ति प्रदान की थी, उन्हीं मंत्रों के सार को गोस्वामी तुलसीदास ने हनुमान चालीसा में वर्णित किया है।

हनुमान चालीसा में मंत्र नहीं हैं लेकिन हनुमानजी की पराक्रम की विशेषताएं बताई गई हैं। हनुमान चालीसा में ही ऐसी 5 चौपाईयां हैं, जिनका यदि नियमित सच्चे मन से वाचन किया जाए तो यह परम फलदायी सिद्ध होती हैं। हनुमान चालीसा का वाचन मंगलवार या शनिवार करना शुभ होता है। ध्यान रखें हनुमान चालीसा की इन चौपाइयों को पढ़ते समय उच्चारण की त्रुटि न करें।

### भूत-पिशाच निकट नहीं आवे। महावीर जब नाम सुनावे।।

उपाय- यदि व्यक्ति को किसी भी प्रकार का भय सताता है तो नित्य रोज प्रातः और सायंकाल में 108 बार इस चौपाई का जाप किया जाये तो सभी प्रकार के भय से मुक्ति मिलती है।

### नासै रोग हरै सब पीरा। जपत निरंतर हनुमत बल बीरा।।

उपाय- यदि व्यक्ति बीमारियों से घिरा रहता है तो निरंतर सुबह-शाम 108 बार जप करके तथा मंगलवार को हनुमान जी की मूर्ति के सामने पूरी हनुमान चालीसा के पाठ से रोगों की पीड़ा खत्म हो जाती है।

### अष्ट-सिद्धि नवनिधि के दाता। अस बर दीन जानकी माता।।

उपाय- यदि जीवन में व्यक्ति को शक्तियों की प्राप्ति करनी है ताकि जीवन निर्वाह में मुश्किलों का कम सामना करना पड़े तो नित्य रोज, ब्रह्म मुहूर्त में आधा घंटा इन पंक्तियों के जप से लाभ प्राप्त हो सकता है।


### विद्यावान गुनी अति चातुर। रामकाज करीबे को आतुर।।

उपाय- यदि किसी व्यक्ति को विद्या और धन चाहिए तो इन पंक्तियों के जप से हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त हो जाता है। प्रतिदिन 108 बार ध्यानपूर्वक जप करने से व्यक्ति के धन सम्बंधित दुःख दूर हो जाते हैं।


### भीम रूप धरि असुर संहारे। रामचंद्रजी के काज संवारे।।

उपाय- यदि कोई व्यक्ति शत्रुओं से परेशान है या व्यक्ति के कार्य नहीं बन पा रहे हैं तो हनुमान चालीसा की इस चौपाई का कम से कम 108 बार जप करना चाहिए।

# मालवा की वैष्णो देवी नीमच की भादवा माता



आज हम आपको एक ऐसे शक्तिपीठ के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके बारे में कहा जाता है कि उनकी कृपा से शहर में कोई भूखा नहीं सोता। किसी के पास पैसे की तंगी नहीं रहती है। लोक कथाओं के अनुसार, हरसिद्धि मंदिर में उज्जैन के राजा रहे विक्रमादित्य की आराध्य देवी का वास है। शिवपुराण के अनुसार दक्ष प्रजापति के हवन कुंड में माता के सती हो जाने के बाद भगवान भोलेनाथ सती को उठाकर ब्रह्मांड में ले गए थे। इस दौरान माता सती के अंग जिन स्थानों पर गिरे, वहां शक्तिपीठ स्थापित हो गए। कहा जाता है इस स्थान पर माता के दाहिने हाथ की कोहनी गिरी थी और इसी कारण से यह स्थान भी एक शक्तिपीठ बन गया है। स्कंद पुराण के अनुसार, देवी को चंड एवं मुंड नामक राक्षस के वध के लिए भगवान शिव से सिद्धि मिली थी, इसीलिए वह हरसिद्धि कहलाईं। गर्भगृह में एक शिला पर श्रीयंत्र उत्कीर्ण है, जो शक्ति का प्रतीक है। यहां माता लक्ष्मी, महासरस्वती के साथ ही अन्नपूर्णा माता विराजमान हैं। यह स्थान उज्जैन के प्राचीन देवी स्थानों में अपना विशेष महत्व रखता है। वर्तमान में मंदिर के पुनर्निर्माण का श्रेय मराठों को जाता है। मंदिर के सामने मराठा वास्तुकला के अनुसार दीप स्तंभ स्थापित किए गए हैं, जिनमें 1001 दिये बने हुए हैं। दक्षिण में बनी एक बावड़ी पर 1447 संवत का एक शिलालेख भी उत्कीर्ण है। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित शेषनारायण गोस्वामी ने बताया कि गर्भगृह में सबसे ऊपर विराजमान हैं मां अन्नपूर्णा, जिनकी वजह से उज्जैनी में हमेशा भंडारे चलते रहते हैं। कहा जाता है कि उनकी कृपा से उज्जैन में कोई भूखा नहीं सोता है। बीच में मां लक्ष्मी के स्वरुप में है, जिनकी वजह से किसी को भी लक्ष्मी की कमी नहीं आती। सबसे नीचे विराजित हैं महाकाली।



संसार का हर धर्म शुभ-अशुभ और पाप-पुण्य के इर्द-गिर्द घूमता रहता है।अच्छे-बुरे या पाप-कर्म और पुण्य कर्म का चयन मनुष्य स्वयं करता है। यदि हम हिन्दू धर्म की मान्यताओं के अनुसार विचार करें तो सगुण ईश्वर का अवतार अशुभ के विनाश के लिए ही होता है। जैसा कि गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं जब-जम अधर्म का विस्तार होता है मैं धर्म की स्थापना के लिए अवतार ग्रहण करता हूं।

## दुनिया के बड़े धर्मों की नजर में

# क्या है शुभ-अशुभ

शुभ और अशुभ व पुण्य और पाप की समस्या कर्म-फल-सिध्दांत पर आधारित हैं। जीव यदि अशुभ कर्मो की ओर प्रेरित होता है तो इसके पीछे उसकी अल्पज्ञता, अज्ञान होता है। संसार का हर धर्म शुभ-अशुभ और पाप-पुण्य के इर्द-गिर्द घूमता रहता है। ईसाई धर्म में ईश-चिंतन के संदर्भ में उक्त विचारधारा प्राप्त होती है। ईश्वर परम शुभ है। अत: उस पर पाप या अशुभ का आरोपण नहीं किया जा सकता। बाइबिल में काम-वासना को पाप या अशुभ की संज्ञा दी गई है और उसका शैतान कहा गया है। ईसाई नीतिशास्त्र में पाप या अशुभ पर विचार करते हुए कतिपय महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए गए हैं। इस संसार का निर्माण परमेश्वर ने किया, किन्तु संसार में सर्वत्र पाप ही पाप है। यदि ईश्वर ने सृष्टि की रचना की और ईश्वर शुभ और सर्वशक्तिमान है तो सृष्टि में शुभ ही शुभ होना चाहिए। ईसाई धर्म के अनुसार ईश्वर ने मनुष्य को कर्म की स्वतंत्रता प्रदान की है। अत- अच्छे-बुरे या पाप-कर्म और पुण्य कर्म का चयन मनुष्य स्वयं करता है। यदि हम हिन्दू धर्म की मान्यताओं के अनुसार विचार करें तो सगुण ईश्वर का अवतार अशुभ के विनाश के लिए ही होता है। जैसा कि गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं जब-जम अधर्म का विस्तार होता है मैं धर्म की स्थापना के लिए अवतार ग्रहण करता हूं। बाइबिल में ईसा मसीह को पुत्रेश्वर कहा गया है। परमेश्वर के पुत्र के रूप में ईसा मसीह संसार के पापों को दूर करने के लिये-ही धरती पर आए थे।

# बुधवार के दिन विघ्नहर्ता गणेश को ऐसे मनाएं



**विघ्नहर्ता विनायक भगवान गणेश की पूजा यदि सच्चे मन से की जाए तो हर समस्या का समाधान संभव है। बुधवार भगवान गणेश का दिन होता है। बुधवार को गणेश की पूजा करें तो संतान, शिक्षा और भाग्य समृद्ध होता है। गणपति की उपासना से कुंडली के अशुभ योग भी खत्म हो जाते हैं। इसीलिए कलयुग में उन्हें विघ्नविनाशक के रूप में पूजा जाता है। श्रीगणेश जी की बुधवार को पूजा करने का विधान हमारे धर्मग्रंथों में मौजूद है।**

बुधवार को प्रात:काल में स्नानादि से निवृत होकर ताम्र पत्र के श्री गणेश यन्त्र को नमक, नींबू से अच्छे से साफ करें। यंत्र को शुद्ध जल से धोने के बाद पूजा स्थल पर पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख कर के आसान पर विराजमान हो कर सामने श्री गणेश यन्त्र की स्थापना करें। आसान पर बैठने के बाद दांयी हथेली में जल ले कर आसान व भूमि पर जल छिड़कते हुए नीचे लिखे मंत्र को पढ़ें....

*ऊं अपवित्र : पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोपि वा।*
*य: स्मरेत पुण्डरीकाक्षं स बाह्यभ्यन्तर : शुचि:।।*

अब गणेश यंत्र को शुद्ध जल चढ़ाते हुए मंत्र बोले

*गंगे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।*
*नर्मदे सिन्धु कावेरि जलऽस्मिन्सन्निधिं कुरु।।*

यदि आप इस मंत्र की आराधना सच्चे मन से करते हैं तो आपकी मनोकामना जरूर पूरी होती है।



# जैन मुनि को यह कार्य करवाना है अनिवार्य

हाल ही में गुजरात 12वीं बोर्ड में 99.99 प्रतिशत हासिल करने वाले वर्शिल शाह जैन, जैन संत बन गए हैं। वर्शिल महज 17 साल के हैं और गुजरात के ही पालड़ी के रहने वाले हैं। दर्शिल अब जैन मुनि सुवीर्य रत्न विजयजी महाराज के नाम से जाने जाएंगे। पिछले वर्षों में गौर किया जाए तो युवाओं द्वारा संन्यास लेने की सिलसिला काफी बड़ा है। जैन धर्म के अनुयायियों के लिए भले ही यह पूरा घटनाक्रम सकारात्मक हो, लेकिन जैन धर्म के इतिहास पर नजर डालें तो पाएंगे कि जैन धर्म में संन्यास लेने वाले अनुयायी को मुनि की उपाधि दी जाती है। संन्यास लेने के बाद जैन मुनि को निर्ग्रन्थ भी कहा जाता है। मुनि शब्द पुरुषों के लिए तो आर्यिका शब्द स्त्री संन्यासियों को संबोधित किया जाता है। प्रत्येक जैन मुनि को केश-लोच करना अनिवार्य होता है।

## तो क्या इतना प्राचीन है जैन धर्म

जैन धर्म ग्रंथों के अनुसार यह धर्म अनादि और सनातन है। यदि आर्यों के भारत आने के बाद से भी देखा जाये तो ऋषभदेव और अरिष्टनेमि को लेकर जैन धर्म की परंपरा वेदों तक पहुंचती है। पुराणों में वर्णित है महाभारत के युद्ध के समय इस संप्रदाय के प्रमुख नेमिनाथ थे, जो जैन धर्म में मान्य तीर्थंकर हैं। आठवीं सदी में 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ हुए, जिनका जन्म काशी में हुआ था। काशी के पास ही 11वें तीर्थंकर श्रेयांसनाथ का जन्म हुआ था। इन्हीं के नाम पर सारनाथ का नाम प्रचलित है। जैन धर्म में श्रमण संप्रदाय का पहला संगठन पार्श्वनाथ ने किया था। ये श्रमण वैदिक परंपरा के विरुद्ध थे। महावीर तथा बुद्ध के काल में ये श्रमण कुछ बौद्ध तथा कुछ जैन हो गए थे। इन दोनों ने अलग-अलग अपनी शाखाएं बना लीं। भगवान महावीर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे, जिनका जन्म लगभग ई.पू. 599 में हुआ और जिन्होंने 72 वर्ष की आयु में देहत्यागी। महावीर स्वामी ने शरीर त्यागने से पहले जैन धर्म की नींव काफी मजबूत कर दी थी। अहिंसा को उन्होंने जैन धर्म में अच्छी तरह स्थापित कर दिया था। सांसारिकता पर विजयी होने के कारण वे जिन (जयी) कहलाए। उन्हीं के समय से इस संप्रदाय का नाम जैन हो गया।

# आप भी भगवान को फूल चढ़ाते हैं, जानें पाप कमा रहे हैं या पुण्य

राजा राम मोहन राय के बगीचे में बड़े ही सुंदर फूलों के पेड़ लगे थे। एक व्यक्ति था जो हर रोज वहां आता और उनसे पूछे बिना ही पूजा के लिए फूल तोड़ कर ले जाता। यह सिलसिला लगातार कई दिनों तक चलता रहा। रोज की तरह ही एक दिन उस व्यक्ति ने फूल तोड़ने के लिए अपनी चादर उतारी और पेड़ पर लटका कर फूल तोड़ने लगा। उसी समय राजा राम मोहन राय के आदेशानुसार एक सेवक ने उस व्यक्ति की वह चादर उठा ली और राजा राम मोहन राय को दे दी।

फूल तोड़ने के बाद जब वह व्यक्ति अपनी चादर लेने के लिए उस पेड़ के पास गया, जहां उसने उसे लटकाई थी, तो वहां चादर न देख वह हैरान रह गया और सोचने लगा कि आखिर उसकी चादर गई कहां? वह गुस्से से आग-बबूला हो गया। कुछ देर बाद राजा राम मोहन राय आए और उन्होंने उस व्यक्ति को उसकी चादर लौटाते हुए कहा, 'अब तो खुश हैं आप, आपको आपकी चादर वापस मिल गई।

उस व्यक्ति ने गुस्से में ही जवाब दिया, खुश? इसमें खुश होने वाली कौन-सी बात है, मुझे अपनी ही वस्तु मिली है।''

राजा राम मोहन राय ने उस व्यक्ति से पूछा, आप रोज फूल तोड़कर कहां ले जाते हैं?

उस व्यक्ति ने जवाब दिया, मैं ये फूल तोड़कर मंदिर में ले जाता हूं। भगवान को खुश करने के लिए उनको ये फूल अर्पित करता हूं।

राजा राम मोहन राय ने उस व्यक्ति का यह जवाब सुनकर कहा, पहली बात तो यह कि आप बिना पूछे ही फूल तोड़कर ले जाते हैं। चलो कोई बात नहीं, लेकिन आप भगवान की दी हुई वस्तु भगवान को अर्पित करते हैं, तो इससे भगवान खुश होते हैं क्या?

उस व्यक्ति ने कहा, क्यों नहीं, भगवान को फूल ही तो पसंद हैं, भगवान को फूलों से खुशी मिलती है।

राजा राम मोहन राय ने उस व्यक्ति से कहा, तो आपको चादर मिलने पर खुशी क्यों नहीं हुई?

राजा राम मोहन राय की यह बात सुनकर वह व्यक्ति सोच में पड़ गया और राजा राम मोहन राय बिना कुछ और कहे लौट गए।



## वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्सुक हैं युवा टीटी खिलाड़ी पोयमंती बैस्या

एजेंसी

**कोलकाता।** युवा पैडलर पोयमंती बैस्या 12 से 23 जून तक रूस के कजान में होने वाले ब्रिक्स स्पोर्ट्स गेम्स के लिए भारतीय टीम में शामिल किए जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के अपने सपने को पूरा करने के लिए उत्सुक हैं।फीडर टूर्नामेंट में लगातार पदक हासिल करने से पोयमंती का आत्मविश्वास बढ़ा है। वह डब्ल्यूटीटी फीडर कैप्पाडोसिया 2024 (तुर्की) में दो पदक जीतकर लौटीं। उन्होंने आकाश पाल के साथ मिक्स्ड डबल्स में स्वर्ण और कृत्विका रॉय के साथ महिला डबल्स में रजत पदक जीता। अदाणी समूह की सगर्वहै पहल का हिस्सा, 21 वर्षीय इस खिलाड़ी को घरेलू सर्किट में जीत की आदत है और अब वह इसे अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में भी जारी रखने की कोशिश में जुटी हैं। पोयमंती ने अदाणी समूह की ओर से जारी एक बयान में कहा, इन टूर्नामेंटों को जीतने से मैं कठिन टूर्नामेंटों के लिए तैयार हो जाऊँगी। मैं ब्रिक्स स्पोर्ट्स गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए रूस जाऊंगी। यह मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि और जीवन भर का सपना है। उसके बाद, मैं अल्टीमेट टेबल टेनिस लीग और अन्य अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों का इंतजार कर रही हूं।

## एडम जाम्पा ने हासिल की अनोखी उपलब्धि, टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 विकेट लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बने

**एंटीगुआ।** स्पिनर एडम जाम्पा टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 विकेट लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बन गए हैं। जाम्पा ने सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में चल रहे टी20 विश्व कप में नामीबिया के खिलाफ मुकाबले के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। नामीबिया के खिलाफ, 32 वर्षीय खिलाड़ी ने मैच की पहली पारी में चार विकेट हासिल किए। उन्होंने ज़ेन ग्रीन, डेविड विसे, रूबेन ट्रम्पेलमैन और बर्नार्ड स्कोल्ट्ज़ को आउट किया। क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में, जाम्पा ने 83 मैच और 82 पारियाँ खेलने के बाद 7.20 की इकॉनमी रेट से 100 विकेट लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क 62 टी-20 मैच खेलकर 7.72 की इकॉनमी रेट से 76 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर हैं।



## प्रणय, आकर्षी और मालविका की जीत से शुरुआत, अनुपमा-समीर और किरण जॉर्ज भी जीते

एजेंसी

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुके देश के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत से शुरुआत की है। पांचवीं वरीय इस शटलर ने ब्राजील के यगोर कोएल्हो 21-10, 23-21 से पराजित किया। वह अगले दौर में इस्राइल के मिशा जिल्बरमैन से भिड़ेंगे। आकर्षी कश्यप, मालविका बंसोड़, अनुपमा उपाध्याय, समीर वर्मा और किरन जॉर्ज ने भी अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया है। आकर्षी ने यूक्रेन की पोलीना बुहरोवा को 21-14, 21-11 से हराया। मालविका ने अपनी ही साथी 21-10, 21-8 से हराया। अनुपमा उपाध्याय ने मलयेशिया की वांग लिंग चिंग को 21-14, 23-21 से, किरन जॉर्ज ने कनाडा के जियाओ डांग शेंग को 21-17, 21-10 से, समीर वर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के रिकी तांग को 21-10, 21-10 से हराकर अंतिम-16 में जगह बनाई। मिश्रित युगल में पति-पत्नी की जोड़ी बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी ने मलयेशिया की वांग तिएन सी और लिम च्यू सिएन को 21-17, 21-19 से हराया। भारत की इमाद फारूकी सामिया ने तीसरी वरीय ताईवान की पाई यू पो को कड़ी टक्कर दी, लेकिन उनके हिस्से में 23-21, 13-21, 22-24 से हार आई।

## पेरिस ओलंपिक में नडाल-अल्काराज की जोड़ी युगल में खेलेगी, स्वर्ण पर साधेंगे निशाना

**पेरिस।** महान टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल और युवा सनसनी कार्लोस अल्कारेज पेरिस ओलंपिक में जोड़ी बनाकर स्पेन के लिए पेरिस ओलंपिक में उतरेंगे। स्पेनिश टेनिस फेडरेशन घोषणा की कि नडाल-अल्कारेज ओलंपिक में युगल में खेलेंगे। फेडरेशन ने यह घोषणा 21 वर्षीय अल्कारेज के पहली बार फ्रेंच ओपन चैंपियन बनने के तीन दिन बाद की है। अल्कारेज को नडाल का उत्तराधिकारी माना जा रहा है। नडाल उनके बचपन के हीरो रहे हैं। नडाल न सिर्फ 22 ग्रैंड स्लैम जीत चुके हैं बल्कि 2008 के बीजिंग ओलंपिक में उन्होंने एकल का स्वर्ण और 2016 के रियो ओलंपिक में मार्क लोपेज के साथ मिलकर युगल का स्वर्ण जीता था।

**अल्काराज ने हाल ही में बनाया था रिकॉर्ड**

स्पेन के युवा टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने रविवार को यहां पुरुष एकल के फाइनल में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को पांच सेटों के कड़े मुकाबले में हराकर फ्रेंच ओपन का एकल वर्ग का खिताब जीत लिया। अल्काराज ने यह मुकाबला 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 से अपने नाम किया। साल 2022 से अल्काराज ने प्रत्येक वर्ष एक ग्रैंडस्लैम की ट्रॉफी जीती है। यह अल्काराज का तीसरा ग्रैंडस्लैम खिताब रहा। इससे पहले 21 वर्षीय अल्काराज ने 2022 में यूएस ओपन और 2023 में विंबलडन जीता था।

# वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को हराकर सुपर आठ में जगह बनाई

एजेंसी

**तारूबा।** वेस्टइंडीज ने यहां ग्रुप सी के मैच में 13 रन की जीत के साथ पूर्व उपविजेता और पिछले संस्करण के Semi-finalists न्यूजीलैंड को टी20 विश्व कप से बाहर कर दिया।यह उनकी लगातार तीसरी जीत है, जिससे टूर्नामेंट के सह-मेजबान वेस्टइंडीज को सुपर आठ में जगह मिल गई, जबकि दो साल पहले वे ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के मुख्य दौर में जगह बनाने में विफल रहे थे।

Sherfane Rutherford ने अपने जीवन की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली, 39 गेंदों में छह छक्के और दो चौके लगाकर नाबाद 68 रन बनाए और West Indies को 12.3 ओवर में 76 रन पर 7 विकेट से 149 रन पर पहुंचाया।

जवाब में वेस्टइंडीज ने कीवी टीम को 19 ओवर में 9 विकेट पर 136 रन पर रोक दिया। रदरफोर्ड के साथी गुयाना के बाएं हाथ के स्पिनर Gudakesh Moti ने 3/25 के



शानदार आंकड़े के साथ वापसी की। लेकिन तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ ने 19 रन देकर 4 विकेट चटकाए।न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स ने 33 गेंदों में 40 रन बनाए।

**संक्षिप्त स्कोर: वेस्टइंडीज:** 20 ओवर में 9 विकेट पर 149 रन (शेरफेन रदरफोर्ड 68 रन नाबाद; ट्रेंट बोल्ट 3/16, टिम साउथी 2/21, लॉकी फर्ग्यूसन 2/27)। **न्यूजीलैंड:** 20 ओवर में 9 विकेट पर 136 रन (ग्लेन फिलिप्स 40; अल्जारी जोसेफ 4/19, गुडाकेश मोटी 3/25)।

# बंगाल प्रो टी 20 लीग: साझेदारी बनाने पर रहेगा फोकस- प्रियंका बाला

एजेंसी

**कोलकाता।** सॉल्ट लेक के जादवपुर यूनिवर्सिटी के कैम्पस ग्राउंड में हुए बंगाल प्रो टी 20 लीग के पहले मुकाबले में सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की महिला टीम को हार्बर डायमंड्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

शुरुआती मैच में हार के बावजूद टीम की हौसला अफ़ज़ाई करते हुए कप्तान प्रियंका बाला ने कहा, हमने अच्छा क्रिकेट खेला, लेकिन जीत की राह पर लौटने के लिए हमें कुछ जगहों पर काफी सुधार की जरूरत है।उन्होंने कहा, मध्यक्रम का जल्दी मैदान के बाहर लौट जाना और साझेदारी न बना पाना हार का कारण रहा और इसी कमी को हमें भरना होगा। पहले बल्लेबाजी करते हुए, सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने काफी धीमी शुरुआत की हालांकि कप्तान प्रियंका बाला ने 13 गेंदों में 23 रन की समझदारी भरी पारी खेली और टीम को 95 के स्कोर तक पहुंचाया। चंद्रिमा घोषाल ने 22 गेंदों में 24 रन बनाए, लेकिन धीमी शुरुआत के कारण सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स 100 का आंकड़ा पार नहीं कर पाई।हार्बर डायमंड्स को उनकी पहली जीत की बधाई देते हुए प्रियंका ने कहा,अगले मैचों में हमारा सारा फोकस साझेदारी बनाने और पिच के अनुरूप सही दिशा में गेंदबाजी पर रहेगा।अपनी पारी के बारे में प्रियंका ने कहा, मैंने अपने खेल के अनुरूप ही बल्लेबाजी करने की कोशिश की, लेकिन हमारा रन रेट काफी धीमा था



और टीम को बड़े शॉट्स की जरूरत थी। अगर मैं अंत तक रुक पाती तो शायद हम विपक्षी टीम को एक अच्छा लक्ष्य दे पाते। सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स अब अपना अगला मैच शुक्रवार को मुर्शिदाबाद किंग्स के खिलाफ खेलेगी।

# सुपर 8 चरण के लिए क्वलाफाई करना बड़ी राहत : रोहित शर्मा

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि चल रहे टी-20 विश्व कप के सुपर 8 चरण के लिए क्वलाफाई करना उनके लिए बड़ी राहत है। रोहित ने मैच के बाद कहा, यह बड़ी राहत की बात है, यहां क्रिकेट खेलना आसान नहीं था। हमें तीनों मैचों में अंत तक डटे रहना था। इन जीत से हमें काफी आत्मविश्वास मिलेगा। 111 रनों का लक्ष्य भारत जैसी टीम के लिए बहुत छोटा लग रहा था, जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी लाइन-अप के खिलाफ़ विशाल स्कोर का पीछा करने की क्षमता रखती है। अर्शदीप ने 4-9 के अविश्वसनीय आंकड़े हासिल किए, जबकि हार्दिक पांड्या ने 14 रन देकर दो विकेट लिए। लेकिन यूएसए के तेज गेंदबाजों ने अपनी



अनुशासित लाइन और लेंथ से भारत की गहराई को परखा। दुबे और सूर्यकुमार ने अपने स्वाभाविक खेल के विपरीत जाकर भारत को न्यूयॉर्क में एक कठिन स्कोर का सफलतापूर्वक पीछा करने में मदद की। रोहित ने कहा, हमें पता था कि यह मुश्किल लक्ष्य होगा। जिस तरह से हमने धैर्य बनाए रखा और साझेदारी की, उसका श्रेय हमें जाता है। सूर्या और दुबे को परिपक्वता दिखाने और हमें जीत दिलाने का श्रेय जाता है। उन्होंने कहा, सूर्या ने दिखाया कि उनका खेल अलग है, अनुभवी खिलाड़ियों से यही उम्मीद की जाती है। जिस तरह से उन्होंने खेल को आगे बढ़ाया और हमें जीत दिलाई, उसका श्रेय उन्हें जाता है। यूएसए कैंप में कई जाने-पहचाने चेहरे थे, जिसमें नीतीश कुमार, सौरभ नेत्रवलकर, हरमीत सिंह और जसदीप सिंह जैसे खिलाड़ी शामिल थे। नेत्रवलकर ने अंडर-15 सेट-अप में सूर्यकुमार के साथ खेला था, जबकि उन्होंने 2010 में मयंक अग्रवाल, केएल राहुल और कई अन्य सितारों के साथ अंडर-19 विश्व कप में भी खेला था।

रोहित ने भारतीय-अमेरिकी क्रिकेटरों के बारे में बात करते हुए कहा, इनमें से कई लोगों ने एक साथ क्रिकेट खेला है, उनकी प्रगति देखकर बहुत खुशी हुई। पिछले साल एमएलसी में भी उन्हें देखा था, वे सभी कड़ी मेहनत करने वाले खिलाड़ी हैं।

## पूर्व भारतीय डिफेंडर और मशहूर कोच टीके चथुन्नी का निधन, एआईएफएफ ने जताया शोक

एजेंसी

**कोच्चि।** केरल के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी और कोच टी के चथुन्नी का निधन हो गया। सुबह करीब 7:30 बजे एर्नाकुलम के एक निजी अस्पताल में उनका निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। चथुन्नी के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटियाँ हैं। उनका कैंसर का इलाज चल रहा था। 1960 और 1970 के दशक के जाने-माने डिफेंडर, चथुन्नी 1973 में कुआलालंपुर में आयोजित मर्डेका टूर्नामेंट में भारतीय टीम के सदस्य थे। उन्होंने राष्ट्रीय टीम के लिए छह मैच खेले। घरेलू फुटबॉल में, उन्होंने ईएमई सेंटर, सिकंदराबाद, वास्को क्लब, गोवा और ऑर्के मिल्स, मुंबई के लिए खेला। संतोष ट्रॉफी के लिए राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में, उन्होंने सर्विसेज के लिए खेला।

बाद के वर्षों में, चथुन्नी ने कोचिंग की ओर रुख किया और केरल संतोष ट्रॉफी टीम, केरल पुलिस, एफसी कोचीन, मोहन बागान, सालगांवकर एफसी, डेम्पो स्पोर्ट्स क्लब और चर्चिल ब्रदर्स सहित कई टीमों के साथ काम किया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पूर्व भारतीय डिफेंडर चथुन्नी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। चथुन्नी की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए, एआईएफएफ के अध्यक्ष, कल्याण चौबे ने कहा, चथुन्नी एक भरोसेमंद डिफेंडर थे और बाद में एक शीर्ष श्रेणी के कोच बने। मैं इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूँ।

## भारत से मिली हार पर यूएसए के कप्तान ने कहा- यदि हम 130 रन बनाते तो यह मुश्किल स्कोर होता

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** आईसीसी टी 20 विश्व कप में भारत के खिलाफ मिली 7 विकेट से हार के बाद, यूएसए के कार्यवाहक कप्तान एरोन जोन्स ने कहा कि यदि उनकी टीम ने कुल 130 रन बनाए होते तो 'मेन इन ब्लू' के लिए यह एक कठिन लक्ष्य होता।

जोन्स ने मैच के बाद कहा, हम 10-15 रन कम रह गए। अगर हम 130 रन बनाते तो यह मुश्किल स्कोर होता, कभी-कभी ऐसा ही होता है। खिलाड़ी बहुत अनुशासित थे और उन्हें अपनी गेंदबाजी पर गर्व है।

जोन्स ने उल्लेख किया कि अब पुनर्गठन का समय आ गया है और उन्होंने कहा कि वे शुक्रवार को फ्लोरिडा के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में आयरलैंड से भिड़ने से पहले कुछ बैठकें करेंगे।

उन्होंने कहा, अच्छा लग रहा है, यही हम यूएसए क्रिकेट के लिए चाहते थे, इसका आनंद ले रहे हैं। हम अब खुद को फिर से तैयार करेंगे, कुछ बैठकें करेंगे और मजबूत वापसी करेंगे। 29 वर्षीय बल्लेबाज ने कहा कि न्यूयॉर्क की पिच थोड़ी



मुश्किल थी और सीम गेंदबाजी के लिए अधिक अनुकूल थी। उन्होंने कप्तान मोनांक पटेल के बारे में भी एक बड़ा अपडेट दिया, जो चोट के कारण भारत के खिलाफ मुकाबले से बाहर रहे, उन्होंने कहा कि कप्तान ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच के लिए तैयार होंगे। उन्होंने कहा, विकेट थोड़ा मुश्किल था, सीम गेंदबाजी के लिए अधिक अनुकूल था। इसलिए कोई स्पिन नहीं थी। मोनांक पटेल आखिरी गेम के लिए फिट होंगे, बस उन्हें थोड़ी चोट लगी है।

# भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी शार्दुल ठाकुर के पैर की हुई सर्जरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी शार्दुल ठाकुर के पैर की सर्जरी हुई है। शार्दुल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने दाहिने पैर में प्लास्टर के साथ एक तस्वीर पोस्ट की।

ऐसा माना जा रहा है कि आईपीएल में खेलने के बाद लंदन में उनकी सर्जरी हुई थी, जिसमें उनके टखने में दर्द था। ठाकुर की सर्जरी उसी चिकित्सक ने की थी, जिसने पहले मोहम्मद शमी का ऑपरेशन किया था। ठाकुर बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी हैं, जिसका मतलब है कि इस सर्जरी पर होने वाले सभी खर्च बोर्ड उठाएगा।

तेज गेंदबाज मौजूदा भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल में खेल चुके हैं। भारतीय घरेलू सत्र तीन महीने में शुरू होने वाला है, जो क्रिकेट में उनकी वापसी का रास्ता हो सकता है। ठाकुर की इससे पहले



2019 में सर्जरी हुई थी। उन्होंने आखिरी बार पिछले साल के अंत में दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट मैच में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इस सर्जरी से उनके ठीक होने में लगभग आठ सप्ताह लगने की उम्मीद है।

# टी20 विश्वकप : यूएसए को हरा सुपर-8 में पहुंची भारतीय टीम

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्वकप में भारतीय टीम ने यूएसए को हराकर सुपर-8 में प्रवेश कर लिया है। खेले गए टी20 विश्वकप के 25वें मुकाबले में भारत ने यूएसए को सात विकेट से हराया दिया है। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने प्रतियोगिता में जीत की हैट्रीक लगाई। अमेरिका के खिलाफ खेले गए इस मैच में जहां गेंद से अर्शदीप सिंह ने चमक बिखेरी, वहीं बल्ले से सूर्यकुमार यादव ने मैदान मारा। अर्शदीप सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अमेरिका ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 110 रन बनाए। यूएसए के लिए नितिश कुमार और स्टीवन टेलर ने क्रमशः 27 और 24 रन बनाए। इनके अलावा, कोरी एंडरसन 15 रन, एरोन जोंस



11 रन, हरमीत सिंह 10 रन और शैडली वैन शल्कविक ने 11 रन का योगदान दिया। वहीं भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके। जबकि हार्दिक पांड्या को 2 और अक्षर पटेल को एक सफलता मिली।

वहीं, 111 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय की शुरुआत काफी खराब रही। विराट कोहली बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। उसके बाद 15 रन के कुल योग पर कप्तान रोहित शर्मा भी 3 रन बनाकर आउट हो गए। फिर सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत के बीच 29 रन की साझेदारी हुई तो टीम संभली तभी एक असामान्य उछाल वाली गेंद पर पंत बोल्ड हो गए। पंत ने 18 रन बनाए। इसके बाद सूर्या (नाबाद50 रन) ने शिवम दुबे के साथ मिलकर टीम को 10 गेंद शेष रहते ही जीत दिला दी। दुबे 31 रन बनाकर नाबाद रहे। अमेरिका के लिए सौरभ नेत्रवल्कर ने दो और अली खान ने एक विकेट चटकाए।

# टी20 विश्व कप : अर्शदीप सिंह ने तोड़ा अश्विन का 10 साल पुराना रिकॉर्ड

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने टी 20 विश्व कप में एक खास उपलब्धि हासिल करते हुए ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के 10 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। अर्शदीप ने चल रहे टी-20 विश्व कप 2024 में यूएसए के खिलाफ अपने 4 ओवरों में 9 रन देकर 4 विकेट लिए और अश्विन के दस साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

अश्विन ने 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मीरपुर में 11 रन देकर 4 विकेट हासिल थे, जो भारत के लिए विश्व कप में उनका सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा था। हरभजन सिंह तीसरे स्थान पर खिसक गए, जिन्होंने 2012 में कोलंबो में इंग्लैंड के खिलाफ 12 रन देकर 4 विकेट लिया था। अर्शदीप को सबसे ज्यादा फायदा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के टॉस जीतकर



गेंदबाजी करने के फैसले से मिला।

उन्होंने खेल के पहले ही ओवर में यूएसए को दोहरा झटका दिया, जब उन्होंने शायन जहांगीर को शून्य पर और एंड्रीस गौस को 2 रन पर आउट कर दिया, जिससे मेजबान टीम दबाव में आ गई। हालांकि इसके बाद स्टीवन टेलर और नितीश कुमार ने यूएसए को मैच में वापसी दिलाई, रोहित यहां फिर से अर्शदीप को आक्रमण पर वापस लाए और उन्होंने खतरनाक बल्लेबाज नितीश को 27 रन पर आउट कर दिया, जिससे यूएसए की टीम ने 81 रनों पर 5 विकेट खो दिये। अर्शदीप ने हरमीत सिंह को आउट कर मैच में अपना चौथा विकेट लिया और उन्होंने 4/9 के आंकड़े के साथ अपने स्पैल का समापन किया।

# कतर के खिलाफ विवादास्पद हार के खिलाफ अपील करेगा एआईएफएफ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कतर के खिलाफ भारत की विवादास्पद हार के बाद, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने एक बयान जारी कर पुष्टि की है कि वे मैच के दौरान हुई गंभीर पर्यवेक्षण त्रुटि के खिलाफ अपील करेंगे, जिसके कारण भारत को फीफा विश्व कप क्वालीफायर राउंड 3 में जगह बनाने से हाथ धोना पड़ा। 2026 फीफा विश्व कप में जगह बनाने का भारत का सपना मंगलवार रात दोहा में कतर से 1-2 से हार के साथ टूट गया।

एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने एक आधिकारिक बयान में कहा, मंगलवार रात फीफा 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 के प्रारंभिक संयुक्त योग्यता राउंड 2 के समापन मैच में कतर के खिलाफ हार पूरे भारतीय फुटबॉल जगत के लिए एक बड़ी निराशा थी। हालांकि जीत और हार खेल का एक अभिन्न अंग हैं, और हमने इसे विनम्रता से स्वीकार करना सीख लिया है, लेकिन कल रात भारत के खिलाफ किए गए दो गोलों में से एक ने कुछ सवालों को अनुत्तरित छोड़ दिया। मैच के 37वें मिनट में लालियांज़ुआला छांगटे ने गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले हॉफ की समाप्ति पर भारत 1-0 से आगे



रहा। दूसरे हाफ में मैच के 75वें मिनट में कतर के लिए यूसुफ अयमन ने नेट के पीछे से गोल मारा। गुरप्रीत द्वारा अयमन के हेडर को बचाए जाने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को लगा कि गेंद खेल से बाहर चली गई है। रेफरी की सीटी नहीं बजी और भारतीय खिलाड़ियों ने विरोध करना शुरू कर दिया। वीडियो असिस्टेंट रेफरी की अनुपस्थिति में रेफरी ने असिस्टेंट रेफरी से सलाह ली। गोल तो दे दिया गया लेकिन रीप्ले में साफ दिख रहा था कि गेंद खेल से बाहर चली गई थी।

चौबे ने कहा, हम, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ में, हमेशा मानते थे कि खेल की भावना को बनाए रखा जाना चाहिए और नियमों का पालन बिना किसी संदेह के किया जाना चाहिए। इसी रुख को बनाए रखते हुए, हमने कतर के खिलाफ खेल के बाद, अपने मुख्य रेफरी अधिकारी के परामर्श से, फीफा क्वालीफायर के प्रमुख, एएफसी रेफरी के प्रमुख, एएफसी प्रतियोगिताओं के प्रमुख और खेल के लिए मैच कमिश्नर को लिखने का फैसला किया, जिसमें उनसे खेल के दौरान हुई गंभीर पर्यवेक्षण त्रुटि पर गौर करने का अनुरोध किया गया, जिसके कारण हमें फीफा विश्व कप क्वालीफायर राउंड 3 में जगह गंवानी पड़ी। कतर ने मैच जीत लिया और भारत को फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में पहली बार जाने से रोक दिया। इस हार का मतलब यह भी है कि भारत को एएफसी एशियाई कप 2027 के लिए स्वतः योग्यता नहीं मिलेगी। चौबे ने कहा, इसकी गंभीरता को देखते हुए, हमने सभी संबंधित अधिकारियों से इस मामले की गहन जांच करने का अनुरोध किया है। इसके अलावा, हमने उनसे अन्याय को दूर करने के लिए खेल मुआवजे की संभावनाओं का पता लगाने का आग्रह किया है। खेल की अखंडता सुनिश्चित करना सर्वोपरि है, हमें पूरा भरोसा है कि फीफा और एएफसी इस संबंध में आवश्यक कदम उठाएंगे।



# पलक मुच्छल

## ने 3000 बच्चों की हार्ट सर्जरी करवाकर दी नई जिंदगी, वेटिंग लिस्ट में अभी भी 413 बच्चे

बॉलीवुड की लेजेंड्री एक्ट्रेस जीनत अमान वेब सीरीज 'शोस्टॉपर' से अपना कमबैक करने जा रही थीं. लेकिन पैसों की तंगी की वजह से इस सीरीज का काम बीच में ही रोक दिया गया था. हाल ही में शो के प्रोड्यूसर और निर्देशक मनीष हरिशंकर ने एक मीडिया पोर्टल से की बातचीत में कहा है कि सीरीज का काम बंद नहीं हुआ है. फिलहाल इस सीरीज पर पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है.

एक्टर्स से लेकर प्रोडक्शन-क्रू मेंबर्स तक, सभी को उनकी 90-95 फीस दी गई है. इस दौरान उन्होंने एक बड़ा खुलासा करते हुए ये भी कहा कि उन्होंने एक्ट्रेस दिगांगना सूर्यवंशी के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है.मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'शोस्टॉपर' के मेकर्स ने दिगंगना सूर्यवंशी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 और 406 के तहत पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है. एमएच फिल्म्स की तरफ से दिगांगना के साथ-साथ उनकी फैशन डिजाइनर कृष्णा परमार और एक्टर राकेश बेदी को भी नोटिस जारी किया गया है.

इस शिकायत के मुताबिक दिगंगना ने प्रोड्यूसर को ये विश्वास दिलाया था कि वो और अक्षय कुमार इस प्रोजेक्ट में बतौर प्रेजेंटर काम करेंगे. तो लीगल नोटिस में राकेश बेदी और कृष्णा पर मेकर्स ने, उनके बारे में झूठीं खबरें फैला कर उन्हें बदनाम करने का आरोप लगाया गया है.

**दिगांगना सूर्यवंशी ने अक्षय कुमार के नाम पर लिए 6 करोड़**

मनीष हरिशंकर की ओर से दर्ज की गई शिकायत के मुताबिक, दिगांगना ने मेकर्स के साथ पहले एमओयू (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) साइन किया था. इस सौदे में, अक्षय कुमार और दिगांगना सूर्यवंशी को इस सीरीज का प्रेजेंटर बनने की अनुमति दी गई थी. दिगांगना ने ये डील करते समय खुद के लिए 75 लाख और अक्षय कुमार के नाम पर 6 करोड़ रुपये मांगे थे.

**दिगांगना ने दी धमकी**

निर्देशक मनीष हरिशंकर की वकील फाल्गुनी ब्रह्मभट्ट का कहना है कि दिगांगना उनसे बहुत सारा पैसा वसूलना चाहती थीं. एक्ट्रेस ने ये धमकी भी दी थी कि अगर उन्हें पैसे नहीं दिए गए तो हरिशंकर को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे. इस धमकी के बारे में फाल्गुनी ने पुलिस को सूचित करते हुए इस पूरे मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है.

**झूठे हैं दिगांगना पर लगे आरोप ?**

हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स का मानना है कि दिगांगना सूर्यवंशी पर लगाए गए आरोप पूरी तरह से झूठे हो सकते हैं. उनकी तरफ से कहा जा रहा है कि मनीष हरिशंकर ने दिगांगना को अब तक कोई पैसे नहीं दिए हैं. और फिर भी वे एक्ट्रेस पर धोखाधड़ी का आरोप लगा रहे हैं. जब कोई व्यक्ति दूसरे से पैसे लेता है और अपना वादा पूरा नहीं करता तो इसे धोखाधड़ी कहा जाता है. मनीष हरिशंकर जिस डील की बात कर रहे हैं वह पूरी तरह से गलत है.

मनीष हरिशंकर ने शोस्टॉपर के एक्टर्स दिगांगना सूर्यवंशी, राकेश बेदी, अश्मित जोशी के खिलाफ शिकायत दर्ज की है. क्योंकि अब वे इन्वेस्टर्स के पैसे वापस नहीं करना चाहते हैं. इस सीरीज का काम दो साल से रुका हुआ है. मनीष हरिशंकर शो की मार्केटिंग ठीक से नहीं हो पाई.


## 'वो तो मेरा डायरेक्टर ले गया', कार्तिक आर्यन ने रणबीर कपूर पर ये कैसा इल्जाम लगा दिया!



कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म चंदू चैंपियन को लेकर लगातार चर्चा का हिस्सा बने हुए हैं. 14 जून को ये फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देगी. इस पिक्चर के लिए कार्तिक आर्यन ने कड़ी मेहनत की है. कबीर खान ने चंदू चैंपियन का डायरेक्शन किया है. फैन्स के बीच इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटमेंट है. लेकिन कार्तिक आर्यन को कबीर से ज्यादा डायरेक्टर लव रंजन के साथ पसंद किया जाता है.कार्तिक आर्यन और लव रंजन ने एक साथ कई फिल्मों में काम किया है. ऐसे में जब-जब लव रंजन कोई फिल्म बनाते हैं, तो फैन्स ये उम्मीद रखते हैं कि उनकी पिक्चर में कार्तिक ही लीड रोल में नजर आएंगे. लेकिन ऐसा लव रंजन की पिछली फिल्म में ऐसा नहीं हुआ. डायरेक्टर की पिछली फिल्म तू झूठी मैं मक्कार में कार्तिक की जगह रणबीर कपूर को कास्ट किया. हालांकि कार्तिक का फिल्म में छोटा सा कैमियो रखा था.हाल ही में जूम को दिए गए एक इंटरव्यू के दौरान कार्तिक आर्यन से उनके को-स्टार्स की स्पेसिफिक क्वालिटीज के बारे में पूछा गया. पहले उनके सामने रणबीर कपूर का नाम लिया. जिसपर कार्तिक ने कहा कि वो उनके को-स्टार कभी नहीं रहे. इसके बाद उन्हें याद दिलाया गया कि तू झूठी मैं मक्कार में उन्होंने छोटा सा रोल निभाया है. कार्तिक को थोड़ा पुश किया गया, जिसके बाद उन्होंने कहा लेकिन मुझे लगता है कि वो तो मेरा डायरेक्टर ले गया था ना उस समय.

कार्तिक ने आगे हंसकर अपनी बात को पूरा करते हुए कहा कि अपने डायरक्टर बचा के रखो. कार्तिक आर्यन चंदू चैंपियन में मुरलीकांत पेटकर के रोल में नजर आने वाले हैं. यह फिल्म पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट की लाइफ पर बेस्ड एक बायोपिक है. फिल्म में विजय राज, भुवन अरोड़ा, यशपाल शर्मा, अनिरुद्ध दवे और भाग्यश्री बोरसे भी अहम किरदारों में हैं.

## फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर भावुक हुईं ऋतिक रोशन की बहन, मेकअप की याद आते ही रोक लिए आंसू!



ऋतिक रोशन की बहन पश्मीना रोशन फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' के साथ बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं. हाल ही में मुंबई में हुए इस फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर पश्मीना बहुत ज्यादा भावुक हो गई थीं. पश्मीना ने इस बारे में बात करते हुए कहा,जब से इस फिल्म का टीजर रिलीज हुआ है, लोगों ने हमें बहुत प्यार दिया है. पर नर्वस तो मैं अब भी होती हूं. लेकिन अब मुझे इस नर्वसनेस को छुपाना आ गया है. आज का दिन मेरे लिए बेहद खास है, क्योंकि आज 'इश्क विश्क रिबाउंड' का ट्रेलर लॉन्च हो गया है.आगे पश्मीना बोलीं, सिर्फ मेरे लिए ही नहीं बल्कि हमारी पूरी टीम के लिए ये बेहद खास पल है. और जिस तरह से यहां मौजूद लोगों ने हमारी फिल्म के ट्रेलर को इतना प्यार दिया, वो देखकर बहुत ज्यादा खुशी हो रही है. मेरी मां आज मेरे सामने बैठी हैं. और उनके सामने ये ट्रेलर लॉन्च हुआ है. हमने भी ये पहली बार आज ही देखा है. सच



कहूं, तो मैं बहुत ज्यादा डरी हुई थी. लेकिन जब ट्रेलर मैंने देखा, मेरी आंखों में आंसू थे. मैं वहां मेरी कुर्सी पर बैठकर रो रही थी. मैं अब यहां आपका प्यार देखकर रो रही हूं. उम्मीद है कि मेरा मेकअप ठीक है.

**ऋतिक रोशन की बहन है पश्मीना रोशन**

पश्मीना की फिल्म 'इश्क विश्क रिबाउंड' का ट्रेलर ऋतिक रोशन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है. पश्मीना ऋतिक की छोटी बहन हैं. वो ऋतिक रोशन के चाचा राजेश रोशन की बेटी हैं. पिछले तीन सालों से पश्मीना अपने डेब्यू की तैयारी कर रही थीं. लेकिन कोरोना के चलते उनकी फिल्म पोस्टपोन हो गई थी. 'इश्क विश्क रिबाउंड' 21 साल पहले रिलीज हुई शाहिद कपूर की फिल्म 'इश्क विश्क प्यार व्यार' का स्पिन ऑफ है. इस फिल्म के साथ शाहिद ने अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था. अब 'इश्क विश्क रिबाउंड' से पश्मीना रोशन के साथ जिब्रान खान और नैला ग्रेवाल अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं.

## रणबीर कपूर की लाडली बेटी को एनिमल से है बेहद प्यार, कुत्ते को देखकर Raha ने किया कुछ ऐसा वीडियो हुआ वायरल



सोशल मीडिया पर जितने सितारे मशहूर हैं, उसे ज्यादा फेमस हैं उनके बच्चे। तैमूर अली खान-जेह और अन्य स्टार किड्स की तरह अब रणबीर कपूर की लाडली बेटी सोशल मीडिया पर यूजर्स की भी लाडली बन चुकी हैं।आलिया की बेटी का कोई भी वीडियो जैसे ही इंटरनेट पर आता है, वह देखते ही देखते वायरल हो जाता है। कुछ दिनों पहले पिता को प्यार से गाल पर किस करते हुए राहा का एक वीडियो सामने आया था।अब हाल ही में रणबीर की बेटी का एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें साफ तौर पर नन्ही राहा का एनिमल के लिए प्यार देखने को मिल रहा है।

**कुत्ते के साथ मस्ती करती दिखीं राहा**

राहा की एक स्माइल देखकर फैंस का दिल पिघल जाता है। हाल ही में राहा का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसे एक फैन ने शेयर किया है। इस वीडियो में राहा पापा की गाड़ी में बैठकर कहीं जाती दिखीं। जैसे ही उनकी गाड़ी ट्रैफिक सिग्नल पर रुकी, तभी साइड में एक महिला कुत्ते के साथ खड़ी हुई दिखाई दी।

जैसे ही राहा ने डॉग को देखा उन्होंने अपनी गाड़ी से मुंह बाहर निकाल लिया और हाथ हिलाकर उसे बाय-बाय करती दिखीं। महिला ने भी राहा को देखकर कुत्ते को गोद में उठा लिया, जिसे देखकर रणबीर की लाडली खिलखिला उठीं।

राहा और डॉग के बीच के इस प्यारे मोमेंट को फैन ने कैप्चर कर लिया और कैप्शन में लिखा, राहा अभी से ही एनिमल लवर है बिल्कुल अपने माता-पिता की तरह.

**रणबीर कपूर रखते हैं अपनी लाडली का पूरा ध्यान**

जब से राहा का जन्म हुआ है, तब से ही रणबीर कपूर अपनी लाडली बेटी के बारे में बात करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। रणबीर कपूर खुद कई बार ये स्वीकार कर चुके हैं कि वह अपनी बेटी राहा से बेहद ऑब्सेस्ड हैं।

निमल एक्टर पिता बनने के बाद जिस तरह राहा का ध्यान रखते हैं, वह निश्चित तौर पर उनके चाहने वालों का भी दिल जीत लेता है। रणबीर कपूर के आगामी प्रोजेक्ट की बात करें तो वह जल्द ही नितेश तिवारी की रामायण में नजर आएंगे।